हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार


जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 20.01.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 176 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये




## एक नजर

### मानहानि मामले में राहुल गांधी को 20 फरवरी को एमपी-एमएलए कोर्ट में होना होगा पेश

**नयी दिल्ली** : एमपी-एमएलए कोर्ट ने कांग्रेस नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में अंतिम अवसर दिया है। अदालत ने राहुल गांधी को 20 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराने का आदेश दिया है। राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। पिछली पेशी पर मामले के गवाह रामचंद्र दूबे ने अपना बयान दर्ज कराया था, जिसके बाद अधिवक्ताओं की ओर से जिरह की गई थी। सोमवार को राहुल गांधी को अदालत में उपस्थित होना था, लेकिन वह पेश नहीं हो सके। कोर्ट ने पूर्व में राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने के लिए तारीख तय की थी। राहुल गांधी के अधिवक्ता ने बताया कि राहुल गांधी 20 फरवरी को एमपी-एमएलए कोर्ट में उपस्थित होंगे। यह मामला करीब आठ वर्ष पूर्व कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए एक बयान से जुड़ा है। आरोप है कि राहुल गांधी ने उस दौरान वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी से आहत होकर भाजपा नेता विजय मिश्रा ने एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया था।

### स्पेन में रेल हादसा, 21 की मौत, 30 घायलों की हालत नाजुक

**मैड्रिड (स्पेन)** : स्पेन के एडामूज (कोडोर्बा) में तेज गति से चलने वाली दो यात्री रेलगाड़ियां (हाई-स्पीड ट्रेनों) पटरी से उतर गईं। इस हादसे में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों यात्री घायल हो गए। इनमें 30 की हालत गंभीर है। पहले एक ट्रेन पटरी से उतरकर एम्बुलेंस से टकराई और उसके कई डिब्बे अलग हो गए। मरने वालों में दूसरी ट्रेन का ड्राइवर भी है। यह हादसा रविवार देररात हुआ। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### दावोस से ग्लोबल संवाद की हुई शुरूआत, अपनी भागीदारी का शुभारंभ करेगा झारखंड

# ग्लोबल कंपनियों के प्रमुखों से हेमन्त सोरेन की बातचीत की होगी शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




- झारखंड ने सुनियोजित वार्ताओं के साथ वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में अपनी भागीदारी का शुभारंभ करेगा।
- औद्योगिक विकास को स्थिरता और तकनीकी उन्नति के साथ जोड़ने के प्रयासों को मिलेगा बल।
- टाटा स्टील, हिताची इंडिया, टेक महिंद्रा, ब्लूमबर्ग APAC, स्वीडन इंडिया बिजनेस काउंसिल और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम के साथ करेंगे बैठक।

**रांची/दावोस** : युवा झारखण्ड दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2026 के उद्घाटन समारोह के उपरांत उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में ग्लोबल इकोनॉमिक और नीतिगत चर्चाओं में मजबूती से अपनी स्थिति से दुनिया को अवगत कराएगा। प्रतिनिधिमंडल दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और निवेश के अवसरों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित सुनियोजित वार्ताओं के साथ अपनी भागीदारी का शुभारंभ कर रहा है।

#### विभिन्न पहलुओं पर बातचीत

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के पहले दिन ग्लोबल कोऑपरेशन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिषदों और संस्थागत भागीदारों के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ संवाद होंगे। इस संवाद में झारखण्ड औद्योगिक विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, स्थिरता और संस्थागत सहयोग के क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने के अपने उद्देश्य को स्पष्ट करेगा। प्रमुख बैठकों में टाटा स्टील के साथ चर्चा शामिल है, जिसमें भारत के औद्योगीकरण और उन्नत एवं टिकाऊ विनिर्माण की दिशा में इसके विकास में झारखण्ड की ऐतिहासिक भूमिका की पुष्टि होगी। हिताची इंडिया के साथ आयोजित बैठक में अवसंरचना विकास, ऊर्जा प्रणालियों और प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जबकि टेक महिंद्रा के साथ चर्चा में आईटी केंद्र, डिजिटल परिवर्तन, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र एवं अन्य पहलुओं को बताया जाएगा।

#### झारखण्ड की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा

ब्लूमबर्ग एपीएसी, स्वीडन इंडिया बिजनेस काउंसिल और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में निवेश को सुगम बनाने, वैश्विक बाजार एकीकरण सहयोग के अवसरों का पता लगाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल विश्व आर्थिक मंच के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर दीर्घकालिक आर्थिक और नीतिगत चर्चाओं को आकार देने वाले वैश्विक मंचों में भागीदारी के प्रति झारखण्ड की प्रतिबद्धता को बल देगा। इन बैठकों के अतिरिक्त महिला विकास को लेकर होने वाली बातचीत में राज्य द्वारा समावेशी नेतृत्व और लैंगिक समानता को आर्थिक विकास और शासन के अभिन्न अंग के रूप में महत्व देने पर बल दिया जाएगा। साथ ही, बैठक के पहले दिन टेक्नोलॉजी से संबंधित पवेलियनों के दौरे से उभरते नवाचारों और भविष्योन्मुखी समाधानों से अवगत होने का अवसर मिलेगा , जिससे झारखण्ड के औद्योगिक विकास को स्थिरता और तकनीकी उन्नति के साथ जोड़ने के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद है। 25 वर्ष का युवा झारखण्ड विजन 2050 की ओर अग्रसर है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के उद्घाटन के पहले दिन झारखण्ड क्षेत्रीय भागीदारी से हटकर सक्रिय वैश्विक सहभागिता की ओर एक स्पष्ट बदलाव का संकेत देगा। इन प्रारंभिक वाताओं के माध्यम से राज्य आने वाले दिनों के लिए दिशा-निर्देश तैयार कर दिए हैं जो टिकाऊ साझेदारी, जिम्मेदार निवेश आकर्षित करने और झारखण्ड को भविष्य के लिए तैयार और वैश्विक स्तर पर जुड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने पर केंद्रित है।

## दिल्ली पहुंचे यूएई के राष्ट्रपति, पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत के आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाहयान का स्वागत किया। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी ने अल नाहयान का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई। शेख मोहम्मद बिन जायद की इस यात्रा को भारत-यूएई के बीच मजबूत होते संबंधों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग, व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

#### पीएम मोदी ने नाहयान को भेंट किया पश्मीना शॉल

इस दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति नाहयान को कश्मीरी पश्मीना शॉल भेंट भी किया। यह शॉल कश्मीर की बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है, जो नरम, हल्की और गर्म होती है। शॉल को तेलंगाना में बनाए गए सजावटी चांदी के डिब्बे में रखा गया है। यह तोहफा भारत की हस्तकला और हैंडलूम परंपरा को दर्शाता है। इसके अलावा, राष्ट्रपति की पत्नी शेखा फातिमा बिंट मुबारक अल केटबी को भी पश्मीना शॉल के साथ-साथ कश्मीरी केसर भेंट किया गया। कश्मीर की घाटी में उगाए जाने वाला यह केसर अपनी गहरी लाल रंगत और तीखी खुशबू के लिए प्रसिद्ध है। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरे से भारत और यूएई के बीच मजबूत मित्रता और सहयोग की अहमियत सामने आती है और वे दोनों देशों के बीच चर्चाओं के लिए उत्सुक हैं।

क्यों खास है नाहयान का यह दौरा विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने पर चर्चा करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होगा, जिन पर दोनों देशों की सोच काफी हद तक समान है। राष्ट्रपति बनने के बाद यह नाहयान की भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा होगी, जबकि पिछले दस वर्षों में यह उनका पांचवां भारत दौरा है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने नितिन नबीन का नामांकन पत्र जमा किया, औपचारिक एलान आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पहले अपना समर्थन पत्र सौंपा। उन्होंने उम्मीदवार के प्रति समर्थन जताते हुए पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नामांकन पत्रों का एक सेट, इस चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर बनाए गए पार्टी नेता के लक्ष्मण को सौंपे। रिपोर्ट्स के मुताबिक नबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है।

#### रक्षा मंत्री और गृह मंत्री समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नबीन के नामांकन के समय मौजूद रहे। समाचार के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे।

## चुनाव आयोग की मेजबानी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 21 से 23 जनवरी तक, 70 से अधिक देश शामिल होंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : चुनाव आयोग पहले भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन (आईआईसीडीईएम) 2026 के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह सम्मेलन 21 से 23 जनवरी तक यहां के भारत मंडपम में आयोजित होगा। भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईएचआईडीईएम) द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। चुनाव आयोग के मुताबिक आईआईसीडीईएम 2026 निर्वाचन प्रबंधन और लोकतंत्र के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला इस प्रकार का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इसमें विश्व-भर के 70 से अधिक देशों के लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ-साथ, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, भारत स्थित विदेशी मिशनों के प्रतिनिधियों, और शिक्षाविदों तथा निर्वाचन कार्यों से जुड़े विशेषज्ञों के भाग लेने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ 21 जनवरी को उद्घाटन सत्र में प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे और कार्यवाही का शुभारंभ करेंगे। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में निर्वाचन प्रबंध निकायों (ईएमबी) के सामान्य और पूर्ण अधिवेशन में उद्घाटन सत्र, ईएमबी लीडर्स के पूर्ण सत्र, ईएमबी कार्य-समूह की बैठकों के अलावा वैश्विक चुनावी मुद्दों, मॉडल अंतरराष्ट्रीय चुनावी मानकों और चुनावी प्रक्रियाओं में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर आधारित विषयपरक सत्र शामिल हैं। राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ के नेतृत्व में गठित और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविदों द्वारा समर्थित कुल 36 थीमेटिक समूह इस सम्मेलन के दौरान गहन विचार-विमर्शों में सहभागिता करेंगे।

### भारत-पोलैंड ने आर्थिक, रक्षा, माइनिंग समेत बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर की चर्चा

# भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार की सहायता न दे पोलैंड : एस जयशंकर

एजेंसी



**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए। डा. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आये पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी। विशेष रूप से अपने-अपने पड़ोस के संबंध में आकलनों का आदान-प्रदान उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं।

विदेश मंत्री ने कहा कि यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब दुनिया में काफी उथल-पुथल है। उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित हैं जिनकी अपनी-अपनी चुनौतियां और अवसर हैं इसे देखते हुए विचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना स्वाभाविक रूप से उपयोगी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं लेकिन इन पर निरंतर ध्यान दिये जाने की जरूरत है।

भारत और पोलैंड के बीच परंपरागत रूप से गर्मजोशीपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध उच्च-स्तरीय राजनीतिक आदान-प्रदान तथा सशक्त आर्थिक और लोगों के बीच संपर्कों से आगे बढकर मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया।

## नारी सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता मइयां सम्मान योजना प्रभावकारी : वित्त मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अबुआ दिशोम बजट 2026-27 को लेकर एफएफपी बिल्डिंग में राज्य के बैंकर्स के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य के बैंकर्स सरकार के तीसरे संसाधन के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य के कमजोर तबकों के आर्थिक उत्थान में बैंकर्स सरकार के साथ मिलकर प्रभावी योगदान दे सकते हैं। बैंकर्स से प्राप्त सुझावों को इस वर्ष के बजट में सम्मिलित किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि अबुआ दिशोम बजट 2026-27 राज्य के रजत जयंती वर्ष में प्रस्तुत किया जाएगा, इस कारण यह बजट विशेष महत्व रखता है। सरकार चाहती है कि यह बजट यूनिक, मजबूत और जनहितकारी हो—ऐसा बजट, जो इससे पहले कभी प्रस्तुत न किया गया हो और जो अन्य राज्यों के लिए भी एक मिसाल बने। वित्त मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। राज्य की आधी आबादी महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं का आर्थिक सुदृढ़ीकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य के बैंकर्स सरकार को और अधिक सहयोग प्रदान कर सकते हैं, ताकि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। बैंकर्स द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझावों को बजट में शामिल किया जाएगा।

एक नजर

## कोलेश्वर गंझु ने निजी खर्च से 150 जरूरतमंदो के बीच कंबल किया वितरण




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के सुदरवर्ती पंचायत आंगो पंचायत स्थित चोराटोंगरी , उरेज एवं पचंडा गांव में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह समाजसेवी कोलेश्वर गंझु ने वृद्ध महिला पुरुष जरूरतमंदों के बीच रविवार एवं सोमवार को गांव-गांव में अपने निजी खर्चे से 150 कंबल का वितरण कर पुण्य का कार्य किया। कालेश्वर गंझू ने अलग-अलग पांच चरणों में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। ग्रामीण जरूरतमंद बुजुर्ग लोग के बीच पांच चरणों में कुल 500 कंबल वितरण किया जाएगा। हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बुजुर्ग की सेवा करना है।क्योंकि ऐसे लोगों की सेवा करने से सुख, शांति एवं समृद्धी की प्राप्ती होती है। कंबल मिलने पर मसोमात अलकी, विधानती, सुखमनी देवी, सुकरमुनी देवी रूधनी देवी आदी काफी खुश थे। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कोलेश्वर गंझु, समाज सेवी जागेश्वर गंझु , पुर्व उप मुखिया रमन गंझू , युएमएस देवगढ़ के पुर्व एसएमसी अध्यक्ष एतवा गंझु , बिनोद बेसरा, देवराम मांझी, मिश्रीलाल मांझी, प्रेम गंझू , आंनद मरांडी,श्याम कुमार ठाकुर , शिवनाथ गंझु ,जय नंदन गंझु , कृष्ण गंझू , विनोद गंझु, मैनेजर गंझु,नागेश्वर गंझु, तमिल गंझु ,विनोद खलखो ,रविंद्र गंझु सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

## ब्रह्मा विद्या विहंगम योग ने किया साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का हुआ आयोजन



**बरही :** बरही हजारीबाग रोड स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्मा विद्या विहंगम योग द्वारा साप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपेन्द्र पांडेय एवं संचालन कृष्णा कुमार गुप्ता ने किया। जहां ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। जबकि उद्घोष कैलाश केशरी, ज्ञान गुदडी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ अनमोल राणा, भजन ममता देवी, कैलाश केशरी एवं कृष्णा गुप्ता एवं प्रवचन पंडित उपेंद्र पांडेय एवं कृष्णा कुमार गुप्ता ने किया। वहीं कृष्णा कुमार गुप्ता ने मौके पर मौजूद गुरु भाई एवं बहनों को ब्रह्मा विद्या विहंगम योग के उद्देश्य को विस्तारपूर्वक बताया और उसे जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

## सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में आगामी सरस्वती पूजा पर्व को शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से चौपारण थाना परिसर में आज शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक का आयोजन थाना प्रशासन की पहल पर किया जा रहा है, जिसमें शांति समिति के सभी सदस्य, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी, पत्रकार बंधु, समाजसेवी, बुद्धिजीवी वर्ग, पूजा पंडालों के अध्यक्ष एवं सचिव, साथ ही नवयुवक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। थाना प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बैठक आज अपराह्न 03:00 बजे थाना परिसर में आयोजित होगी।

# युवाओं में केवल ज्ञान और कौशल नहीं, मूल्य का भी विकास करना होगा : स्वामी भावेशानंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में विवेकानंद जयंती पखवाड़ा के अवसर पर सोमवार को एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य वक्ता रामकृष्ण मिशन रांची के सचिव, स्वामी भावेशानंद जी महाराज ने तीन बार ओमकार के साथ अपने संबोधन को प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भारत विश्व गुरु था। बताया कि नालंदा विश्वविद्यालय में उस समय 82 राष्ट्रों से 9000 से अधिक विद्यार्थी एक ही परिसर में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। नालंदा में इतनी पुस्तक थी कि उसे जलने में 9 महीने लग गए। परंतु 1000 वर्षों के विदेशी आक्रमण और शासन ने सब कुछ बदल दिया। ऐसे ही भारत में जब विवेकानंद का जन्म हुआ तो वह भारत की स्थिति को देखकर काफी आहत हुए । उन्होंने कन्याकुमारी में उस पत्थर पर जाकर भारत की ओर मुख कर के ध्यान किया जिस पत्थर को आज विवेकानंद रॉक के नाम से पूरा विश्व जानता है । और वही उनकी दिव्य दृष्टि से उन्होंने देखा कि भारत फिर से प्रगति करेगा और बहुत प्रगति करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जब शिकागो में ङ्कसिस्टरस एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिकाङ्क कहा तो ताली बजने लगी। और वह ताली की गूंज आज भी सुनाई देती है। विवेकानंद ने वहां जो बात कही वह कहने का साहस भी उन्हीं में था। जब वह हवा के विपरीत जाकर खड़े होने का साहस दिखाएं, तब पूरी दुनिया ने उनका लोहा माना। हमारे विद्यार्थियों को भी सही के लिए, सच्चाई के लिए हवा के विपरीत चलने का साहस करना होगा। इसके लिए सबसे पहले उठना होगा। फिर जागृत होना होगा और तब तक प्रयत्न करते रहना होगा जब तक सफलता हाथ ना लगे। स्वामी विवेकानंद युवा महामंडल के श्री गुंजन पाठक, श्री धर्मेंद्र सिंह, दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक श्री चौबे तथा यू सेट के अध्यापक डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया तथा पिछले दिनों आयोजित भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मां संगीतायन संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भक्ति गीत से समां बांधा। कार्यक्रम का संचालन डॉ मृत्युंजय प्रसाद ने किया। स्वागत संबोधन डॉ सुबोध कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। विभिन्न विभाग के विद्यार्थी एवं शिक्षक अच्छी संख्या में उपस्थित हुए।

## असहायों के लिए संबल बनी प्रखंड प्रमुख पूर्णिमा देवी, गांव-गांव पहुंचाया कंबल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जगदीशपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में प्रखंड प्रमुख पूर्णिमा देवी के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल के तहत असहाय, वृद्ध, दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण कर उन्हें ठंड से राहत प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भीषण ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना समाज का नैतिक दायित्व है। प्रमुख द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है और आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। वहीं प्रमुख पूर्णिमा देवी ने कहा कि गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। ठंड के इस कठिन समय में कोई भी व्यक्ति परेशानी में न रहे, इसके लिए पंचायत स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कंबल पाकर लाभुकों के चेहरे पर खुशी दिखी। ग्रामीणों ने इस सहयोग के लिए प्रखंड प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोप में हजारीबाग डिस्ट्रिक बोर्ड चौक जाम, शव रखकर परिजनों का प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हत्या के आरोप को लेकर हजारीबाग के डिस्ट्रिक बोर्ड चौक पर सोमवार को आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृत युवक की पहचान बिट्टू कुमार, निवासी बेहरी, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रूप में की गई है। युवक की मौत के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने शव के साथ सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। इसी के विरोध में और दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग को लेकर डिस्ट्रिक बोर्ड चौक को पूरी तरह जाम कर दिया गया। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर मुफ्फसिल थाना सहित अन्य थानों की पुलिस पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने में जुटी रही। परिजनों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती और न्याय का भरोसा नहीं मिलता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल डिस्ट्रिक बोर्ड चौक और आसपास के इलाकों में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जबकि पुलिस हालात को सामान्य करने के प्रयास में जुटी हुई है।

## चौपारण को मिला आधुनिक चिकित्सा का भरोसा 800 ग्राम ट्यूमर की सफल जटिल सर्जरी

- जटिल सर्जरी में न्यू एस.एम. मेमोरियल अस्पताल को बड़ी कामयाबी, मरीज की हालत स्थिर
- डॉ. एक्यू खान के नेतृत्व में बड़ी चिकित्सा उपलब्धि जटिल ट्यूमर सर्जरी में मिली सफलता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** न्यू एस.एम. मेमोरियल अस्पताल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने एक मरीज के शरीर से लगभग 800 ग्राम वजन का अत्यंत जटिल ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उसे नया जीवन प्रदान किया। यह सर्जरी तकनीकी रूप से काफी चुनौतीपूर्ण थी, जिसे आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, सतर्कता और टीमवर्क के दम पर सफल बनाया गया। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन का संचालन अस्पताल के निदेशक डॉ. एक्यू खान के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया। चिकित्सा जगत में अपनी दूरदर्शिता, अनुशासन और मरीज-केंद्रित सोच के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. एक्यू खान की भूमिका इस सफलता में अत्यंत सराहनीय रही। सर्जरी का नेतृत्व डॉ. विवेक भास्कर ने किया, जबकि एनेस्थीसिया की अहम जिम्मेदारी डॉ. राजनिकांत ने बखूबी निभाई। चिकित्सकों के अनुसार ट्यूमर की स्थिति बेहद जटिल थी, लेकिन अनुभव, आधुनिक उपकरणों और समर्पित टीमवर्क के चलते सर्जरी सफल रही। ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है। सफल सर्जरी के उपरांत मरीज और उसके परिजनों ने चिकित्सकों, अस्पताल प्रबंधन तथा विशेष रूप से डॉ. एक्यू खान के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. एक्यू खान ने कहा कि न्यू एस.एम. मेमोरियल अस्पताल का लक्ष्य चौपारण एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख न करना पड़े।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से रंजीत चंद्रवंशी ने की शिष्टाचार मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से रांची स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर श्री चंद्रवंशी ने प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान संगठनात्मक मुद्दों, आगामी कार्यक्रमों तथा झारखंड में भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा ने जमीनी स्तर पर लंबे समय से कार्य कर रहे समर्पित कार्यकताओं को बड़े पद की जिम्मेदारी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी में मेहनत और निष्ठा का सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि आदित्य साहू जैसे ऊजार्वान, संघर्षशील और संगठन के अनुभवी नेता के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को नई दिशा और गति मिलेगी। श्री चंद्रवंशी ने विश्वास जताया कि आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य करेंगे और आने वाले समय में भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिला महामंत्री सुनील मेहता, उमेश सिंह, ऋतुराज सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया।

# कर्नाटक में फंसे बरही के ग्रामीण मजदूरों को लेकर विधायक का सख्त रुख, उपायुक्त को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** विधायक मनोज कुमार यादव ने कर्नाटक राज्य में कथित रूप से फंसे बरही प्रखंड के ग्रामीण मजदूरों के मामले को गंभीरता से लेते हुए हजारीबाग उपायुक्त को पत्र लिखा है। साथ ही उन्होंने दूरभाष के माध्यम से भी प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर स्थिति से अवगत कराया। विधायक ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित झारखंड वापस लाने की मांग की है। विधायक मनोज यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि बरही प्रखंड के कई ग्रामीण मजदूरों को एक बिचौलिया/ठेकेदार द्वारा गलत झांसा देकर कर्नाटक राज्य के एक स्थान पर मजदूरी कराने ले जाया गया है। वहां मजदूरों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है और वे किसी भी हाल में अपने घर, बरही प्रखंड, लौटना चाहते हैं। विधायक ने आशंका जताई कि मजदूरों को उनकी इच्छा के विरुद्ध वहां रोके जाने की स्थिति उत्पन्न हो गई है।विधायक ने बताया कि मजदूर पूरज रविदास द्वारा लगातार अपनी लाइव लोकेशन भेजी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सभी मजदूर वहां फंसे हुए हैं और सहायता की अपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कर्नाटक राज्य के संबंधित प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सभी मजदूरों को सुरक्षित झारखंड वापस लाने की तत्काल व्यवस्था की जाए, ताकि वे अपने परिजनों से मिल सकें। इस पत्र की प्रतिलिपि माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार, माननीय मुख्यमंत्री कर्नाटक सरकार, झारखंड व कर्नाटक के डीजीपी, प्रधान सचिव झारखंड सरकार, श्रमायुक्त झारखंड सरकार एवं हजारीबाग के आरक्षी अधीक्षक को भी भेजी गई है, ताकि सभी स्तरों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इधर, विधायक मनोज यादव ने जानकारी दी कि बरही प्रखंड के जो ग्रामीण मजदूर कर्नाटक में बिचौलिये के झांसे में फंस गए थे, उन्हें सकुशल ट्रेस कर लिया गया है। सूचना मिलते ही हजारीबाग प्रशासन को अवगत कराया गया, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए कर्नाटक सरकार के संबंधित उपायुक्त से संपर्क कर मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए आग्रह किया गया। विधायक ने रांची स्थित श्रमायुक्त रविरंजन कुमार विक्रम के कार्यालय में जाकर उनसे मुलाकात भी की। श्रमायुक्त कार्यालय के लेबर माइग्रेंट सेल की मुस्तैदी और साझा प्रयासों से मजदूरों का पता लगा लिया गया है तथा संवेदक से लगातार संपर्क बनाया हुआ है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि जब तक हर एक मजदूर सकुशल अपने घर नहीं लौट आता, वे व्यक्तिगत रूप से पूरे मामले की निगरानी करते रहेंगे। उन्होंने इस संकट की घड़ी में धैर्य बनाए रखने के लिए मजदूरों के परिजनों का धन्यवाद किया और भरोसा दिलाया कि बरही पुलिस प्रशासन मजदूरों के हितों की रक्षा हेतु हर आवश्यक कार्रवाई कर रहा है। इस पहल से मजदूरों के परिजनों में राहत की उम्मीद जगी है और प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की टीम ने किया मधुपुर लालगढ़ की घटना स्थल का दौरा



**हजारीबाग :** मधुपुर के लालगढ़ में मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर पिछले 14 जनवरी को एक समुदाय विशेष के द्वारा दलितों के साथ मारपीट की घटना को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले की वस्तुस्थिति जानने के लिए सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के छह सदस्यीय एक शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के नेतृत्व में में लालगढ़ पहुंची और मामले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। शिष्टमंडल में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के साथ प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, प्रदेश कल्याण सचिव प्रदीप कुमार, प्रदेश एडवाइजर अशोक यादव एवं प्रदेश कल्याण सचिव संजय कुमार सिंह शामिल रहे। टीम ने स्थानीय एसडीओ राजीव कुमार से वार्ता कर घटनास्थल का दौरा करने की अनुमति ली। अनुमति उपरांत जीणीर्धार किए जा रही मंदिर का अवलोकन किया। साथ ही वहां मौजूद कुछ ग्रामीण महिलाओं से घटना की जानकारी ली। टीम ने पाया कि दलित परिवार द्वारा अपनी जमीन पर पूर्व से बनी एक छोटी मंदिर को जीर्णोद्धार कर उससे थोड़ी बड़ी मंदिर बनाई जा रही है। कुछ असामाजिक तत्वों के लोगों ने इसे सांप्रदायिक रंग दे दिया। जबकि वहां के लोग काफी समय से सामाजिक सद्भाव के साथ रहते आ रहे हैं। फिलहाल सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। माहौल शांतिपूर्ण है। पुलिस के अनुसार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। प्रदेश संयोजक भरत यादव ने कहा दलित परिवार को सुरक्षा का विश्वास दिलाना प्रशासन का दायित्व है। प्रदेश कल्याण सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि हरेक व्यक्ति का मानवाधिकार है।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती महाविद्यालय में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनायी गयी



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के सेमिनार हॉल मे एन एस एस पदाधिकारी डॉ निरंजन प्रसाद नीरज के देखरेख में महान विचारक, दार्शनिक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ कीर्तिनाथ महतो व संचालन स्वयंसेवक राहुल कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानन्द तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कीर्तिनाथ महतो ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाले। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज ने कहा कि - युवाओं के प्रेरणास्रोत , ऊर्जा भरने वाले के रूप में आज भी स्वामी विवेकानन्द जी को याद किया जाता है। डॉ. अनु कुमारी ने कहा कि -स्वामी विवेकानंद ने भारत की आध्यात्मिक संस्कृति को विश्वपटल पर गौरांवित किया और युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया । कार्यक्रम में प्राध्यापकों में प्रो फजरुद्दीन , प्रो. रामकिशोर प्रसाद दांगी सहित छात्र शिवम कुमार, छात्रा प्रीति कुमारी ने भी स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ पवन कुमार ने किया और कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार एवं संदेश "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत" आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक है।

## विस्थापन और नशा, दोहरे अंधकार से लड़ रही है जनता : अंबा प्रसाद

**बड़कागांव :** नापोकला मां काली पूजा समिति, के तत्वावधान में आयोजित काली पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि, कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और युवाओं व स्थानीय मुद्दों पर तीखा प्रहार करते हुए समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया। अंबा प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा अम्बा काली शक्ति की अधिष्ठात्री हैं, जो बुराई का अंत कर प्रकाश फैलाती हैं। लेकिन आज हमारा बड़कागाँव दो तरह के भीषण अंधकार से जूझ रहा है—एक विस्थापन का दानव और दूसरा नशे का अंधकार। इन दोनों असुरों का संहार करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

नशे के बढ़ते कारोबार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा हाल ही में हुई पुलिसिया कार्रवाई ब्राउन शुगर के मामले में एक दर्जन युवाओं को जेल भेजा गया है। यह खबर सुनकर सिर शर्म से झुक जाता है। जिस उम्र में हमारे युवाओं के हाथों में सुनहरे भविष्य की चाबी होनी चाहिए, वहां ब्राउन शुगर' जैसा जहर घुल रहा है। नशा सुकून नहीं, बबार्दी है। जिसे आप शौक समझ रहे हैं, वह आपके परिवार की खुशियों को निगल रहा है। पूरा क्षेत्र देख रहा है कि बड़कागाँव का युवा किस दिशा में जा रहा है। हमें तय करना होगा कि हमारी पहचान 'नशेड़ी' के रूप में होगी या 'कर्मवीर' के रूप में अम्बा प्रसाद ने विस्थापन के मुद्दे पर भी सरकार और संबंधित कंपनियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ विस्थापन का दानव लोगों की जमीन और पहचान छीनने पर आमादा है, वहीं दूसरी ओर नशे का जाल हमारे भविष्य यानी युवाओं को खोखला कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा को क्षेत्र के हक और अधिकार की लड़ाई में लगाएं, न कि नशे की दलदल में। भाषण के अंत में उन्होंने पूजा समिति और स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि वे नशे के खिलाफ एक सामाजिक आंदोलन छेड़ें। उन्होंने कहा कि बड़कागाँव की चर्चा विकास और संघर्ष के लिए होनी चाहिए, न कि अपराध और नशे के लिए।मौके पर अध्यक्ष-पंकज यादव, कोषाध्यक्ष-अजय यादव , राजकुमार यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष-विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका साव, चंदर साव, संचालनकर्ता- कमल यादव,पूर्व वार्ड सदस्य गीता देवी, कोशल साव, विक्रम यादव, महेश महतों, रामचन्द्र , गणेश यादव, तलेश्ववर यादव, संतोष साव, सुरेश यादव, जनार्दन साव, पिंटू साहू,जगदीश साव,चातुरी गोप,बिंदु भुइया,संजय साव,दिनेश साव,महेश साव, विमल यादव, राजेश साव कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता , सुरेश महतो एवम अन्य शामिल थे।

## एक नजर

### फायरिंग मामले में पांच गिरफ्तार

**रांची** : रांची के पंडरा क्षेत्र में शनिवार रात हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर घटना के मुख्य आरोपित सहित कुल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में संजय पांडे (मुख्य आरोपी), बबलू, रवि, अज्जू साह के अलावा एक अन्य सहयोगी शामिल है। पुलिस इन सभी आरोपितों को सोमवार को न्यायालय में पेश करेगी, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि पंडरा इलाके के मान्या टावर के पास शनिवार की रात संदीप और संजय गिरोह के बीच हिंसक झड़प हुई थी। वर्चस्व की इस जंग में अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिसमें तीन युवक आकाश, विकास और रवि यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। एक विवादित जमीन की बिक्री हुई थी, जिसके पैसों के बंटवारे को लेकर दोनों गुटों में विवाद चल रहा था, जो शनिवार की रात हिंसक झड़प में बदल गई। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय है।

### जिला बार एसोसिएशन में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार आयोजित

**रांची** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर सोमवार को सिविल कोर्ट कैंपस में रांची डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के लिए सड़क सुरक्षा पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार की ओर से रिलेशंस के सहयोग से हुआ। सेमिनार में अधिवक्ताओं के साथ सड़क सुरक्षा विषय पर सकारात्मक परिचर्चा की गई। अतिथियों ने अधिवक्ताओं को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित ड्राइविंग, सीट बेल्ट और हेलमेट के उपयोग की अपील की। बताया गया कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में वीडियो बनाने के बजाय घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाना जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शंभू प्रसाद अग्रवाल, उपाध्यक्ष बिनॉय कुमार राय, सचिव संजय कुमार विद्रोही, जिला रोड इंजीनियर एनालिस्ट गौरव कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, तकनीकी सहायक अभय कुमार सहित अन्य मौजूद थे। मौके पर अधिवक्ता और राहगीरों के बीच रोड सेफ्टी बुक का वितरण किया। साथ ही मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई।

### अग्रवाल क्रिकेट लीग सीजन-4 का समापन, माइटी मेवेरिक्स बनी विजेता

**रांची** : रांची जिमखाना क्लब ग्राउंड में अग्रवाल युवा सभा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अग्रवाल क्रिकेट लीग (सीजन-4) का सोमवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम माइटी मेवेरिक्स ने टीम दादी सेना को 52 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। सभा के प्रवक्ता अरुण पोद्दार एवं मीडिया प्रभारी सुमित महालका ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 08 टीमों के 104 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान 12 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेले गए। व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर विनायक सोंथालिया को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, आयुष अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, तनुज सर्राफ को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और अनिरुद्ध चौधरी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कस्तूरबा विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में किया जाएगा विकसित : शशि रंजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) एवं राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान (एनआईईपीए), नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से झारखंड और छत्तीसगढ़ में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों (केजीबीवी) की वार्डन्स के सशक्तिकरण के उद्देश्य से पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने किया। इस प्रशिक्षण में चयनित वार्डन्स मास्टर ट्रेनर के रूप में भाग ले रही हैं, जो आगे चलकर अन्य वार्डन्स को भी प्रशिक्षित करेंगी। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए निदेशक शशि रंजन ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय झारखंड में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। केजीबीवी की सफलता को देखते हुए राज्य सरकार ने इसी तर्ज पर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों की स्थापना की है, जिनका संपूर्ण वित्तपोषण राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से न केवल केजीबीवी, बल्कि झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों की वार्डन्स को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। निदेशक शशि रंजन ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है और इन्हें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आशा जताई कि इन विद्यालयों से राज्य को भविष्य में बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एनआईईपीए की कुलपति प्रोफेसर शशिकला वंजारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों की वार्डन्स के क्षमता निर्माण और सशक्तिकरण के लिए आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि केजीबीवी स्कूली शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इन विद्यालयों में वार्डन्स केवल केयरटेकर नहीं होतीं, बल्कि वे बच्चियों के लिए मां जैसी भूमिका निभाती हैं। वार्डन्स ही विद्यालयों में शिक्षा, स्वच्छता और सुरक्षा के मूल्यों को स्थापित और सुदृढ़ करती हैं। कार्यशाला की विस्तृत जानकारी देते हुए एनआईईपीए की परियोजना निदेशक डॉ. सांत्वना मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं की सुरक्षा एवं संरक्षण, नेतृत्व विकास, प्रभावी हॉस्टल प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक संवेदनशीलता, बाल अधिकार, आपातकालीन प्रबंधन तथा शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वार्डन्स की पेशेवर दक्षताओं को मजबूत करना और कस्तूरबा विद्यालयों में एक गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और संवेदनशील आवासीय वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला पांच प्रमुख विषयों पर केंद्रित होगी, जिनमें वित्तीय अनुशासन एवं बजट प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की समझ और लैंगिक सशक्तिकरण शामिल हैं। इन विषयों पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वार्डन्स को व्यवहारिक और गुणात्मक ज्ञान प्राप्त हो सके।

## लापता कन्हैया को रांची पुलिस ने कोडरमा से किया बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची पुलिस ने 61 दिनों से लापता कन्हैया को कोडरमा से बरामद कर लिया है। सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार 12 साल का कन्हैया कुमार 22 नवंबर की शाम ओरमांझी से लापता हो गया था। रांची पुलिस की एसआईटी उसकी सकुशल बरामदगी के लिए सात राज्यों में छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान रांची एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली कि बच्चे को कोडरमा में छिपाकर रखा गया है। जिसके बाद रांची पुलिस की टीम ने कोडरमा पुलिस की मदद से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। एसएसपी खुद पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि ओरमांझी इलाके के रहने वाला कन्हैया कुमार 22 नवंबर 2025 की शाम से लापता था। कन्हैया की मां के अनुसार वह ओरमांझी ब्लॉक चौक के समीप एसएस प्लस-टू उच्च विद्यालय में बच्चों के साथ फुटबॉल खेलने गया था। वहां से लौटकर वह ममता मार्केट के पास पहुंचा, जहां उसकी मां फुचका बेचती थी। दुकान पर आने के बाद उसने खुद से चाट बनाया और अपनी मां को खाने के लिए दिया। चाट खाने के बाद वह थोड़ी देर में वापस आने की बात कहकर गया। लेकिन वह नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन भी की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। महिला का बड़ा बेटा कृष्णा कुमार 19 साल का है और उसकी एक किडनी खराब है। उससे छोटी बेटी शिवानी कुमारी है। पति अर्जुन साव है,लेकिन शारीरिक तौर पर सक्षम नहीं हैं। कन्हैया कक्षा तीन में पढ़ाई करता था और शाम में वह फुचका दुकान में हाथ भी बंटाता था। उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने पिछले रविवार को एक बड़े और संगठित अंतरराज्यीय बच्चा चोर गिरोह का खुलासा किया है।

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में नगड़ी में कांग्रेस का डोर-टू-डोर अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नगड़ी प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष सहाबीर लोहरा ने किया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों में डोर टू डोर जाकर हाल फिलहाल में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर जी राम जी योजना बनाई गई है। इस योजना को लाकर गरीब जनता की रोजगार और अधिकार को छीनने का काम कर रही है। पंचायत में चौपाल लगाकर लोगों को इस योजना के अंतर को सभा में प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा ने बताया केंद्र सरकार के द्वारा लोकतंत्र को समाप्त करने का षड्यंत्र है। जनहित में देश में कई ऐसी संस्थाएं और योजनाएं हैं। जिसे केंद्र सरकार नाम बदल बदल कर गरीब जनता का हक अधिकार और लोकतंत्र को समाप्त करने की षड्यंत्र कर रही है। देश में बेरोजगारी और महंगाई दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इसकी जिम्मेवार केंद्र में बैठे मोदी सरकार है। आज तक माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बेरोजगारी महंगाई और रोजगार के बारे में कभी बात नहीं करते हैं। मनरेगा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदल कर जी राम जी योजना का नाम केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किया गया। यह गरीब जनता का हक अधिकार और रोजगार को छीनने का काम कर रही है। साजिश के तहत लोकतंत्र को भी मिटाने का षड्यंत्र कर रही है। हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का नाम को मिटाने का काम किया जा रहा है। ये हो नहीं सकता है। हम सबके दिलों में हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम बसे हुए हैं। दिल से कोई अलग नहीं कर सकता है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी का नाम बदलकर हमारे राष्ट्रपिता को अपमानित किया जा रहा है। अब भगवान राम जैसे पवित्र नाम को भी अपमानित करने का काम मोदी सरकार द्वारा जी राम जी योजना लाकर कर रही है ये घोर नींदनीय कार्य है।

## हिंडालको सीएसआर के द्वारा सिल्ली प्रखंड में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली** : मुरी हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में सोमवार को सिल्ली प्रखंड के बंसारूली पंचायत भवन में शंकर नेत्रालय के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 275 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई और परामर्श प्राप्त किया। शिविर का उद्घाटन हिंडालको कारखाना प्रमुख संदीप पाटिल तथा सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर हिंडालको के एचआर हेड अभिषेक प्रताप सिंह सहित कंपनी के अन्य अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीण, पंचायत के मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्लांट हेड संदीप पाटिल ने कहा कि हिंडालको द्वारा प्रत्येक वर्ष सिल्ली प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में इस प्रकार के नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें, जो किसी कारणवश नियमित जांच या इलाज नहीं करा पाते हैं। उन्होंने बताया कि शंकर नेत्रालय देश के प्रतिष्ठित नेत्र अस्पतालों में से एक है और इसके माध्यम से ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह नेत्र जांच शिविर आज पिस्का पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। हिंडालको का निरंतर प्रयास है कि स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाई जा सकें और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

## भाजपा का सामान्य वर्गों को रौंदने की योजना : पंकज मिश्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने भाजपा पर सामान्य वर्गों के छात्रों का जीवन के साथ खिलवाड करने और उसको रौदने का आरोप लगाया है। इस काम में यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) को मोहरा बनाया गया है। अब ओबीसी, विकलांग और लडकियों को भी एसटी- एसी वाले दायरे में रखकर जहां सामान्य वर्ग के छात्रों के कैरियर को समाप्त कर रही है, वहीं वोट की राजनीति की मंशा भी पूरी कर रही है। भाजपा के शासन काल में एसटी-एसी पर जितने अत्याचार हुए ओबीसी को उसी श्रेणी में डाल कर वह अपना वोट बैंक मजबूत करना चाहती है। मिश्र ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में सामान्य वर्ग के बच्चे अगर किसी एसटी-एससी या ओबीसी के किसी छात्र की तरफ देख भी लिए तो उक्त छात्र सामान्य वर्ग के छात्र पर केस करने का हकदार हो जएगा और संस्थान द्वारा गठित कमेटी उक्त छात्र को ब्लैक लिस्ट कर देगी। फिर वह छात्र किसी भी संस्थान में नामांकन नहीं करा सकेगा। 13 जनवरी से प्रभावी अधिसूचना के बाद भारत सरकार के गजट में भी प्रकाशित हो चुका है। यूजीसी के इस निर्णय से सामान्य वर्ग के छात्रों में भय का वातावरण रहेगा। साथ ही ब्लैकमेलिंग, उत्पीड़न, शोषण की घटनाऐं भी बढेंगी। जयप्रकाश जनता दल भाजपा के इस निर्णय का विरोध कतार है तथा सभी राजनीतिक दलों से देश को विभाजित करने वाली मानसिकता वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान करता है।

# रांची में जन आरोग्य समिति सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : राजधानी रांची स्थित सदर अस्पताल परिसर के सभागार में सोमवार को जन आरोग्य समिति (जेएएस) के सदस्यों के लिए उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समिति के सदस्यों को उनके दायित्वों, कार्यप्रणाली तथा स्वास्थ्य सेवाओं में जनभागीदारी की भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रीति चौधरी ने बताया कि प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जन आरोग्य समिति का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष ग्राम पंचायत के मुखिया होते हैं, जबकि इसके सदस्यों में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सहिया, महिला ग्राम संगठन की महिलाएं तथा अन्य ग्रामीण प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इस मौके पर राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकाय मिंज ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने जन आरोग्य समिति की संरचना, उद्देश्य, कार्यक्षेत्र, स्वास्थ्य योजनाओं की निगरानी, वित्तीय प्रबंधन तथा समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जन आरोग्य समिति स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सहिया स्वास्थ्य विभाग और गांव के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करती है, जिसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचती है तथा जरूरतमंदों को स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने में सहायता मिलती है। राज्य नोडल पदाधिकारी (टीबी एवं सीपीएचसी कोषांग) डॉ. कमलेश कुमार ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत का लक्ष्य केवल बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि समाज से टीबी को लेकर भय, भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करना भी है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान 1962 से पूरे देश में संचालित है और वर्तमान में देश में 28-29 लाख टीबी मरीज हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष देश में लगभग चार लाख लोगों की मौत टीबी के कारण होती है, हालांकि झारखंड में टीबी से होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई है। टीबी केवल दवा और जांच से ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी, बेहतर पोषण, स्वच्छ जीवनशैली और गुणवत्तापूर्ण खानपान से समाप्त की जा सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएससी सीजीएल-2023 से चयनित नव नियुक्त अंचल निरीक्षकों एवं कानूनगो ने डीसी से की मुलाकात



**रांची** : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (सीजीएल) के माध्यम से चयनित नव नियुक्त अंचल निरीक्षक (सर्किल इंस्पेक्टर सह कानूनगो) एवं कानूनगो ने सोमवार को समाहरणालय में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी नव नियुक्त अधिकारियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह चयन राज्य सरकार की कर्मचारी-केंद्रित एवं दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। झारखंड सरकार निरंतर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य कर रही है। उपायुक्त ने नव नियुक्त अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का निर्देश देते हुए कहा कि वे क्षेत्रीय कार्यों, भूमि संबंधी मामलों, राजस्व संग्रहण एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं का गहन अध्ययन करें। उन्होंने सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखने, अहंकार से दूर रहने तथा अनुभव के माध्यम से निरंतर ज्ञान अर्जित करने की सलाह दी।उपायुक्त ने जनता के प्रति संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आम लोगों की समस्याओं का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं ईमानदारीपूर्वक समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने और ग्रामीण विकास को गति देने का आह्वान किया। नव नियुक्त अधिकारियों ने उपायुक्त के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान समाहरणालय के कई वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### आरडीसीआईएस में उन्नत गीले रासायनिक प्रयोगशाला का हुआ उद्घाटन



**रांची** : आरडीसीआईएस के कार्यकारी निदेशक संदीप कुमार कार द्वारा पूरे इस्पात उद्योग में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के व्यापक विश्लेषण के लिए सुसज्जित एक उन्नत गीले रासायनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सभी मुख्य महाप्रबंधकों (सीजीएम), समूहों के प्रमुखों (एचओजी), वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और आरडीसीआईएस के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। नव स्थापित प्रयोगशाला को कोयले और कोक में फास्फोरस, क्लोरीन, सल्फर और राख विश्लेषण के सटीक गीले रासायनिक विश्लेषण के साथ-साथ लौह अयस्क, स्लैग और अन्य कच्चे माल और स्टीलमेकिंग से संबंधित उप-उत्पादों के रासायनिक विश्लेषण के लिए डिजाइन किया गया है। इस सुविधा के साथ, RDCIS ने अब गुणवत्ता नियंत्रण, प्रक्रिया अनुकूलन और इस्पात उद्योग की लगभग सभी प्रमुख सामग्रियों को कवर करने वाली अनुसंधान गतिविधियों का समर्थन करने के लिए इन-हाउस क्षमता को बढ़ाया है। कार्यक्रम की शुरूआत सी. वी। राव, सीजीएम (सी, ई और ई), जिन्होंने इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस उन्नत गीले रासायनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन अनुसंधान सुविधाओं के उन्नयन और भारतीय इस्पात उद्योग के शीर्ष अनुसंधान और विकास संगठन के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करने की दिशा में आरडीसीआईएस के निरंतर प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### विक्की नायक हत्याकांड में एससी/एसटी एक्ट नहीं जोड़ना अपराधियों को बचाने जैसा : नायक

**रांची** : कांग्रेस वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही । इन्होने एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट कि धारा 3(2)(v),धारा 3(2)(va) अन्य: धारा 3(1)(r) यदि नहीं जोड़ा गया, तो पुलिस पर धारा 4 के तहत कार्रवाई और उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया जाएगा। नायक ने आगे कहा कि ये धाराएं जोड़कर सख्त सजा दिलाने का और परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जल्द ही आन्दोलन किया जाएगा । स्मरण हो कि रांची जिले के बुडमू थाना क्षेत्र, चांया गांव में 16 जनवरी 2026 को 18 वर्षीय विक्की नायक (पुत्र तुलसी नायक) को मोटर पंप चोरी के संदेह में गांव की बैठक में बुलाकर माता-पिता के सामने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना जातिगत घृणा से प्रेरित है, क्योंकि विक्की अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से थे और आरोपी गैर-एससी/एसटी। इन्होने यह भी कहा कि बुडमू थाना द्वारा किसी के दबाव मे दर्ज प्राथमिकी में अभी तक एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की कोई धारा नहीं लगाई गई है, जो अत्यंत गंभीर और आपत्तिजनक है। जिससे लगता है कि अपराधियो को पुलिस जान बुझ कर बचाना चाह रही है जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा।

### विधायक ने 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले अनाज गोदाम का किया शिलान्यास




**सिल्ली** : विधायक अमित महतो की उपस्थिति में गांव की बुजुर्ग महिला मो0 फूलको देवी ने टूटकी लैंप्स में 500 मिट्रिक टन क्षमता वाले अनाज गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास व रामपुर लैंप्स में 500 एमटी मिटिक टन क्षमता वाले अनाज गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास सरावनी देवी की। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैंने लैंप्स का निर्माण के दौरान कहा था की जल्द ही अनाज भंडारण के लिए गोदाम का निर्माण कार्य करेंगे जो पूरा किया। अब खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा वितरण कराए जा रहे अनाज के खराब होने का डर नही होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी स्तिथि में विचौलिया को हावी होने नही देना है, अगर कोई विचौलिया का काम करता है तो इसकी शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी को करें और अगर पदाधिकारी भी नही सुनते है हमें शिकायत करें, विधायक ने ठेकेदार को निर्देश दिया कि गोदाम का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप करें साथ ही कहा यहां काम करने वाले मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर भुगतान करें। मौके पर जिप सदस्य लक्ष्मी देवी झामुमो नेता डॉ अखिल महतो सन्तोष महली, शेखर महतो समीर ठाकुर प्रकाश कोईरी विजय साहू बाबुल चौधरी वंशीधर कोईरी राजेश महतो विषम महतो मोतीलाल बेदिया जयनंदन महतो सुकदेव महतो अर्जुन बेदिया रुपेश कुमार मुंडा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर

## सोनारी पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम** : जिले के सोनारी थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक की पहचान श्याम ठाकुर (28) के रूप में हुई है। वह परदेशी पाड़ा, सिनेमा मैदान के पीछे स्थित कमलेश निषाद के घर में किरायेदार के रूप में रह रहा था। सोनारी थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (हेडक्वार्टर-2) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि सोनारी कपाली बस्ती क्षेत्र में ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने इलाके में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को देख वहां मौजूद लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी क्रम में श्याम ठाकुर को मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 11 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई, जिसका कुल वजन लगभग 20 ग्राम था। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर आरोप्त को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि नशे के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और इस नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों पर भी आगे कार्रवाई की जाएगी।

## वाहन जांच अभियान में वसूला गया 97 हजार जुर्माना

**खूंटी** : सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिला परिवहन कार्यालय की ओर से सोमवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी हरि शंकर बारीक के नेतृत्व में विभिन्न प्रमुख मार्ग और चौक-चौराहों पर आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना और यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करना था। जांच के दौरान दोपहिया, चारपहिया और व्यावसायिक वाहनों की गहनता से जांच की गई। इसमें वाहनों के टैक्स, परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र (पॉल्यूशन) और अवैध अल्टरेशन की जांच की गई। जांच में कई वाहन चालक आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने में असफल पाए गए, वहीं कुछ वाहन बिना नियमों के संचालित किए जा रहे थे। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 97,000 रुपये का ऑनलाइन चालान किया गया।

## लकड़ी लदा ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत, छह घायल

**खूंटी** : रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत निरसिंग गांव के समीप सोमवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब लकड़ी से लदा एक ट्रैक्टर ढलान पर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतकों की पहचान रायसोम गांव निवासी मंगल बड़ींग (45) और गुस्सलु बडिंग (60) के रूप में हुई है। वहीं दुर्घटना में घायल हुए लोगों में बिरसु चीक बडाईक कराकेल, चोयता बडिंग, तिलिंगा बडिंग, लोड़गो बडिंग, बुधवा बडिंग और लेचा बडिंग (सभी रायसोम गांव निवासी) शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में सहयोग किया। घायलों को ग्रामीणों की मदद से तत्काल रनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

# गुमशुदा बच्चे को चंदवारा पुलिस ने किया सकुशल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को दिनांक-19.01.2026 समय करीब 9:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि चंदवारा थाना अंतर्गत उरवां स्थित राजा फिश( मछली) दुकान के पास एक बच्चा इधर-उधर भटक रहा है। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार को बताया इसके बाद ही उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त बच्चे को चंदवारा अंतर्गत उरवां स्थित राजा मछली (फीस) दुकान से सकुशल बरामद किया गया। चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को उक्त बच्चे के संबंध में अवगत कराते हुए कहा कि पूछताछ के क्रम में पता चला है कि उक्त बच्चा का नाम कन्हैया कुमार पिता- अर्जुन साव स्थान- हाजीपुर बिहार का रहने वाला है तथा वर्तमान में बच्चा मौसी के घर रहकर हलवाई का काम करता कर रहा था और वह अपने मौसी के घर ओरमांझी जाने के क्रम में एक बस चालक द्वारा उक्त बच्चे को बस में बिठाकर चंदवारा स्थित उरवां के आगे पल के पास उतार दिया गया। उक्त बच्चा को राजा फिश के संचालक अपने पास रखा था तथा बच्चे को उसके मौसी घर पहुंचा देने की बात कर रहा था, इसके बाद चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने ओरमांझी थाना में इसकी जानकारी दी गई उसके बाद ओरमांझी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक चंद्रदेव सिंह ने बताया कि उक्त बच्चा इसी क्षेत्र से गुमशुदा हुआ था जिसको लेकर अपहरण के संबंध में कांड संख्या-223/25 दिनांक-11.12.2025 भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) दर्ज किया था। बता दे कि रांची पुलिस द्वारा उक्त बच्चे के मामले में गुमशुदा/ अपहरण का मामला दर्ज किया था। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर आज इसी को लेकर चंदवारा थाने में पुलिस उपाधीक्षक रतिभान सिंह ने प्रेस वार्ता आयोजित कर उक्त गुमशुदा बच्चा के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर बताया कि चंदवारा थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार के द्वारा राजा फिश दुकान संचालक के पास से सकुशल बरामद कर लिया है जिसके लिए चंदवारा थाना प्रभारी धन्यवाद के पात्र हैं इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पहले चंदवारा थाना प्रभारी पूर्व में नवलशाही थाना प्रभारी के पद पर रह चुके हैं वे उस समय में कई कांडों का उद्वेदन करने में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं, प्रेस वार्ता समापन के बाद उक्त बच्चे को ओरमांझी पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## रेल आंदोलन मामले में किसान नेताओं को कोर्ट से राहत, छह प्रमुख नेता बरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : वर्ष 2021 में तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर हिरोडीह रेलवे स्टेशन पर हुए रेल आंदोलन से जुड़े कांड संख्या 933/21 में रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए छह प्रमुख नेताओं को बरी कर दिया है। यह मामला संयुक्त किसान मोर्चा कोडरमा इकाई द्वारा चलाए गए रेल रोको आंदोलन के दौरान दर्ज किया गया था, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों और किसान संगठनों से जुड़े नेताओं पर मुकदमा दर्ज हुआ था। अदालत ने सुनवाई पूरी करने के बाद साक्ष्यों के अभाव में सभी आरोपित नेताओं को दोषमुक्त करार दिया। बरी होने वालों में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य राजेंद्र मेहता, बसपा जिला अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर, वामपंथी नेता उदय द्विवेदी और आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष दामोदर यादव शामिल हैं। फैसले के बाद सभी नेताओं ने न्यायालय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें शुरू से ही न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा था। नेताओं ने कहा कि आंदोलन किसानों के हक और लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए था और सत्य की जीत हुई है। इस फैसले के बाद किसान संगठनों और समर्थकों में खुशी का माहौल है।

## विधानसभा समिति को गलत रिपोर्ट देने का मामला, सभापति ने डीसी को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : जिले में विकास योजनाओं में गड़बड़ी और अनियमितता की शिकायत तो आम है, अब विधानसभा की समिति को भी गलत रिपोर्ट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गत 10 जनवरी को झारखंड विधान सभा की पुस्तकालय विकास समिति को उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदन में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कोडरमा द्वारा गलत रिर्पोट देकर भ्रमित किया गया है।

इस सम्बंध में समिति की सभापति और कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने सोमवार को उपायुक्त को पत्र लिखकर विभाग के कार्यपालक अभियंता पर कार्यवायी करने का निर्देश दिया है। इस पत्र में समिति की सभापति ने कहा है कि गत 10 जनवरी को झारखंड विधान सभा की पुस्तकालय विकास समिति का कोडरमा दौरा हुआ। बैठक में समिति को विभागवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया था। इस प्रतिवेदन में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा द्वारा बताया गया है कि विभाग द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय से भाया कोडरमा थाना राजा तालाब होते हुए कृष्णा केयर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं है। जबकि उक्त सड़क निर्माण का कार्य बिना शिलान्यास के ही आनन फानन में पूरा किए जाने की सूचना पर 26 दिसम्बर 2025 को ही संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया था। इस बाबत झारखंड विधानसभा की समिति को गलत रिपोर्ट देने, समिति को भ्रमित करने के सम्बन्ध में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा पर आवश्यक कार्यवायी करने को कहा है। साथ ही कहा गया है कि जांच कराते हुए उक्त योजना की स्थिति की पूरी जानकारी प्राप्त कर ली जाय कि सड़क का कार्य पीसीसी है अथवा कालीकरण। इस संबंध में जांच रिपोर्ट और कार्यवायी से सभापति को भी अवगत कराने को कहा गया है। यहां ज्ञात हो कि रिपोर्ट में जहां बताया गया है कि अभी कार्य शुरू नहीं हुआ है, वहीं दिसम्बर महीने में ही कार्य को पूरा कर लिया गया है। उक्त सड़क का निर्माण लगभग 96 लाख 57 हजार से किया गया है जो कालीकरण का कार्य है, परन्तु रिपोर्ट में भी उसे पीसीसी सड़क बताया गया है। यह भी बताया जाता है कि उक्त कालीकरण का कार्य पुराने पीसीसी सड़क पर ही कर दिया गया जबकि नया पीसीसी करने के बाद कालीकरण किया जाना था।

## अभ्रकांचल में जोरों पर सरस्वती पूजा तैयारी कलावाले कलाकार गढ़ रहे जीवंत मूर्तियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया** : अभ्रकांचल क्षेत्र कोडरमा में सरस्वती पूजा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 23 जनवरी को विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। झुमरी तिलैया से शहर से लेकर गांव तक पूजा समितियों और शिक्षण संस्थानों में उत्साह का माहौल है। इसी के साथ मूर्तिकारों कलावाले हाथ की कार्यशालाओं में दिन-रात मेहनत का दौर जारी है। मिट्टी, रंग और सांचे के बीच कलाकार मां शारदे की ऐसी प्रतिमाएं गढ़ रहे हैं, जिनमें आस्था के साथ कला की जीवंत झलक दिखाई देती है। सरस्वती पूजा की तैयारी डेढ से दो महीने पहले ही शुरू हो जाती है। कारण यह है कि पूजा के समय प्रतिमाओं की मांग इतनी अधिक हो जाती है कि कला वाले हाथों के लिए तत्काल सभी को मूर्ति उपलब्ध करा पाना मुश्किल हो जाता है। इसी वजह से मूर्तिकार महीनों पहले से प्रतिमाएं बनाना शुरू कर देते हैं, ताकि कोई भी खाली हाथ न लौटे। इस वर्ष भी यही तस्वीर देखने को मिल रही है। बिहार व झारखण्ड के विभिन्न जिले के मूर्तिकार वर्षों से आ रहे इस बार भी लगभग पूरे जिले में 1500 से अधिक प्रतिमाएं आर्डर पर तैयार कर रहे हैं। झुमरी तिलैया के मूर्तिकार कृष्णा पंडित, राजेश कुमार ने बताया कि वे दो माह पहले ही काम में जुट गये हैं। मुख्य कलाकार के द्वारा सभी सहयोगी कलाकारों को उनकी दक्षता के अनुसार न्यूनतम 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मेहनताना दिया जाता है। मूर्तिकारों का कहना है कि इस वर्ष वे नए-नए डिजाइन की प्रतिमाएं बना रहे हैं। इनमें मां शारदे को हंस, कमल, शंख, चक्र, रथ और वीणा जैसे विविध आसनों पर विराजमान दिखाया गया है। झुमरी तिलैया अन्य मूर्तिकार बद्री पंडित , राजु पंडित, अजय पंडित मूर्तिकारों ने बताया कि गत कई वर्षो से प्रतिमाओं की मांग लगातार बढ़ी है।

## बच्चों को नशे की लत लगाने वाले नेटवर्क का खुलासा, 20 पेटी व्हाइटनर बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : साकची थाना क्षेत्र में टीना शेड और मछली मार्केट के आसपास कुछ दुकानों में खुलेआम नशीले पदार्थों की बिक्री की शिकायत मिलने पर सोमवार को स्थानीय युवाओं और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर भारी मात्रा में डेंट राइट, व्हाइटनर सहित अन्य नशीला पदार्थ जब्त किया है। यह कार्रवाई खासतौर पर उन बच्चों को बचाने के उद्देश्य से की गई, जो रुमाल में व्हाइटनर डालकर सूंघने की लत के शिकार हो रहे थे। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से साकची इलाके में छोटे-छोटे बच्चों को नशे की हालत में घूमते देखा जा रहा था। युवाओं के एक समूह ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए पहले बच्चों पर नजर रखी और फिर नशा बेचने वालों तक पहुंचने के लिए उनका पीछा किया। जब यह स्पष्ट हो गया कि कुछ दुकानों से नशीले पदार्थों की सप्लाई हो रही है, तब साकची थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवाओं के साथ मिलकर दो दुकानों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान इतनी अधिक मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद हुए कि उन्हें थाने ले जाने के लिए करीब तीन ऑटो की जरूरत पड़ी। पूछताछ में यह भी सामने आया कि जायसवाल बिल्डिंग में बड़ी खेप में डेंट राइट और व्हाइटनर का भंडारण किया गया था, जिसका इस्तेमाल बच्चे नशे के तौर पर कर रहे थे। शुरूआत में एक दुकानदार ने केवल 03-04 पीस व्हाइटनर होने की बात कही, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से दुकान और उससे जुड़े अन्य स्थानों की तलाशी ली तो दो अलग-अलग जगहों से 20 पेटी से अधिक व्हाइटनर बरामद किया गया। इसके अलावा दुकान के गल्ले से लगभग एक लाख रुपये नकद भी मिले, जिससे अवैध कारोबार के बड़े नेटवर्क की आशंका गहराई है।

## श्री श्याम सेवा मंडल का वार्षिक महोत्सव शोभायात्रा के साथ हुआ प्रारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**झुमरीतिलैया** : श्री श्याम सेवा मंडल, झुमरी तिलैया के तत्वावधान में आयोजित प्रथम वार्षिक श्री श्याम सेवा महोत्सव पूरे भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ शुरू हुआ। महोत्सव के पहले दिन सोमवार को शहर में भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे झुमरी तिलैया को श्याममय कर दिया। सुबह 10 बजे अड्डी बंगला से शोभायात्रा का शुभारंभ सभी श्याम प्रेमियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं जय श्री श्याम के गगनभेदी जयघोष के साथ किया गया। श्याम ध्वज के साथ निकली शोभायात्रा अड्डी बंगला से प्रारंभ होकर झंडा चौक, महाराणा प्रताप चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुँची। निशान यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा शहर श्याम भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। वही भजन गायक नवीन पांडेय के द्वारा भजन कीर्तन करते हुए शंख-नाद और श्याम नाम के जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। बनारस से आए कलाकारों ने स्टेशन रोड स्थित जय माता दी कपड़ा दुकान के सामने काशी गंगा आरती की तर्ज पर भव्य श्याम आरती प्रस्तुत की, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं बंगाल से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत राधाझकृष्ण की सजीव एवं मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी रही। शोभायात्रा में निशान धारी के रूप में आशीष पवन चौदह, रितेश सिन्हा एवं बिट्टू पहाड़ी ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्याम निशान उठाया। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पानी, शरबत एवं चाय की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने के बाद पुनः विधिवत श्याम आरती का आयोजन किया गया, जिसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभायात्रा में कोडरमा विधायक नीरा यादव, राजद नेता सुभाष यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शालिनी गुप्ता,सहित कई संगठन के लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था में तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार ट्रैफिक इंस्पेक्टर सहित एसआई और पुलिस के जवान मौजूद थे। महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार 20 जनवरी को धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। मंडल के पुरोहित गौतम पांडेय ने बताया कि मंगलवार को अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11:30 बजे से महोत्सव की विशेष पूजा प्रारंभ होगी, जो दोपहर 2 बजे तक विधिवत संपन्न होगी। पूजा के पश्चात विधि-विधान के साथ ज्योत प्रज्वलित की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

## विवेकानन्द के विचारों से गूंजा झुमरी-तिलैया स्कूली बच्चों की रैली जनसभा में बदली



**झुमरी तिलैया** : अखिल भारत विवेकानन्द युवा महामंडल की झुमरी तिलैया शाखा के तत्वावधान में अड्डी बंगला दुर्गा मंदिर से स्कूली बच्चों की भव्य रैली निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए झंडा चौक पहुँचकर जनसभा में परिवर्तित हो गई। रैली में शामिल बच्चे स्वामी विवेकानन्द के शक्तिप्रद संदेशों वाले पोस्टर और तख्तियाँ हाथों में लिए हुए थे। जान लिया है हमने राज, चरित्र से बनता देश-समाज जैसे नारों से वातावरण को ऊजार्वान बना रहे थे। इस रैली में मोहन आधारशिला, पुरुषार्थ क्लासेस सुपर-21, विवेकानन्द आइडियल पब्लिक स्कूल, धरगांव सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, शिक्षक एवं महामंडल के सदस्य शामिल हुए। झंडा चौक पर आयोजित जनसभा की शुरूआत संघ मंत्र, स्वदेश मंत्र, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंडल की केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष विजय सिंह ने स्वामीजी की बात को दोहराते हुए कहा कि त्याग और सेवा ही भारत के राष्ट्रीय आदर्श हैं, उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द इन्हीं दो धाराओं में तीव्रता उत्पन्न करने के लिए आए थे। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन और संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामीजी का संपूर्ण जीवन ही जनसामान्य के लिए सबसे बड़ा सन्देश है। उन्होंने महामंडल द्वारा चलाए जा रहे चरित्र निर्माण आंदोलन की भी विस्तृत जानकारी दी। धनबाद से आए रामचन्द्र मिश्र ने स्वामी विवेकानन्द की प्रसिद्ध उक्ति मुझे लोहे की मांसपेशियाँ और फौलाद के स्नायु चाहिए पर जोर देते हुए युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया। सभा के प्रारंभ में सचिव अजय पांडेय ने स्वागत भाषण दिया, मंच संचालन अजय अग्रवाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। जनसभा को सुपर-21 के शिक्षक असीम तिवारी, फुलवरिया इकाई के जयप्रकाश मेहता एवं जानिबीगहा इकाई के राहुल सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक गीतों ने सभा में विशेष रंग भर दिया। सोमनाथ उर्फ सोनू पाण्डेय ने वीर सेनापति सहित कई गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसमें तबले पर अजय पाण्डेय की संगति रही। वहीं विवेकानन्द प्रोग्रेसिव स्कूल से आए मो. शाहनवाज ने हिंद देश के निवासी सभी जन एक हैं गीत गाकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम की सफलता में महामंडल शाखा के सुदीप बिश्वास, पिंटू कुमार, शशि कुमार, बिशुनदेव यादव, प्रदीप गुरु, फुलवरिया इकाई के सुमन कुमार, जानिबीगहा इकाई के सुबोध कुमार एवं संजीव कुमार, मोहन आधारशिला विद्यालय की निदेशक प्रीति गुप्ता तथा अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

## नव निर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिस्ठा यज्ञ को लेकर ध्वजा रोहन



**डोमचांच** : प्रखंड अंतर्गत खरखार पंचायत के ग्राम कटरियाटांड स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सोमवार को पंडित द्वारा बिधिवत पूजा अर्चना उपरांत ध्वजारोहण किया गया। झामुक रूप से यज्ञ संयोजक समाज सेवी महावीर यादव पूर्व जीप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता यज्ञ समिति के अध्यक्ष सूर्यदेव सिंह सचिव बृजकिशोर शर्मा, कोषाध्यक्ष राजू यादव, उपाध्यक्ष बीरेंद्र यादव, उमेश राणा, और तमाम कमेटी के सदस्य, सहयोगी महवीर यादव, खरखार मुखिया प्रतिनिधि पिंटू यादव, पुजारी महेंद्र यादव, समाजसेवी नवीन रवानी, व्यवस्थापक- मधुसूदन सिंह, सुरेश रवानी, विश्वनाथ सिंह, महावीर भोक्ता, सुधीर गुप्ता, रामधनी यादव, कार्यकारिणी अध्यक्ष पिन्टु कुमार गुप्ता, राजू पासवान, प्रकाश यादव, सुरेश दयाल, पप्पू यादव, कार्यकारिणी सदस्य मनोज राणा, मुकेश दास चितामन यादव, रंजीत राणा, कैलाश यादव, बब्लू राणा, रामेश्वर यादव, सुरेश यादव, कपिल, अजय, अनिल, सोनू साव, नितेश, महेश साहू, टुकलाल यादव, रामदेव यादव, चितामन महतो, गिरधारी, विकास पांडे और सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष सोमवार को यज्ञ की पूजा में शामिल हुए। यज्ञ 09 फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा, साथ ही 14 फरवरी को एक भव्य जागरण का भी आयोजन किया जाएगा जिसमे बिहार की भोजपुरी गायिका निशा दुबे शामिल होंगी।

## श्याम शरण में आजा रे का 46वां अरदास महोत्सव संपन्न



**झुमरी तिलैया** : श्याम शरण में आजा रे द्वारा आयोजित 46वां अरदास महोत्सव अड्डी बंगला रोड में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यजमान के रूप में नीतू-विपुल बगड़िया ने पूजा-अर्चना की, जिसका विधिवत अनुष्ठान पंडित रामप्रवेश पांडे ने संपन्न कराया।इस अवसर पर श्याम बाबा का ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम गणेश वंदना के साथ शुरू हुआ,सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक रवि दाहिमा ने मुझे श्याम तेरा सहारा ना होता तो दुनियाँ मे मेरा गुजारा ना होता ....तेरा सिंहासन क्यों हिल रहा है श्याम बाबा खाटू बुला रहा है। आस लगाए कब से बैठे श्याम तुम्हारे चरणों में जैसे मनमोहक भजनों से सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा और स्थानीय भजन गायक भी अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करते रहे जिसमेराकेश राजपूत ने माहने भी बुलाले बाबा थारी रे नगरीया यश दाहिमा ने कर ले भरोसा बाबा दौड़ा दौड़ा आएगा... गिरधारी सोमानीने श्याम बाबा की जयकार पंकज केशरी ने तू कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते और मंत्रमुग्ध होते रहे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण श्याम शरण मे आजा रे के यूट्यूब चैनल के माध्यम से किया गया।इस अवसर पर संतोष लड्ढा, संजय नरेड़ी, संजय पिलानिया, अनुराग हिसारिया, मनोज लड्ढा, पप्पू सिंह, प्रदीप खाटूवाला , गोपी अग्रवाल , दीपेश जेठवा, विवेक सहल, राजू अजमानी, यश बंसल, अजय शर्मा, आयुष पोद्दार, आर्यन हर्षराज, संजय अग्रवाल , शुभम कुमार, पियूष सहल, मधु सिंह, सीमा सहल,रश्मि लड्ढा,शालिनी दाहिमा,सारिका लड्ढा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। भक्ति, संगीत और आस्था से सराबोर यह आयोजन देर रात तक चलता रहा।

## एक नजर

### पटमदा सीएचसी में एचपीभी टीकाकरण का प्रशिक्षण



**पटमदा :** पटमदा सीएचसी माचा में एचपीभी टीकाकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण सीएचओ, एएनएम और सहिया साथियों को ट्रेनर डॉ प्रशांत कुमार के द्वारा दिया गया।इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ आर के सिंह, बीएएम सुकदा मुर्मू आदि उपस्थित थे।प्रशिक्षण में एचपीभी टीकाकरण के लिए पंजीयन कार्यक्रम शिविर शुरू किया जाएगा।जिसमें 14 वर्ष से अधिक ओर 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों का सर्वे कर पंजीयन कर टीकाकरण शिविर लगाकर टीकाकरण किया जाएगा।जिसमें सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जागरूक करते हुए टीकाकरण किया जाएगा।

### वाहन जांच अभियान में वसूला गया 97 हजार जुर्माना

**खूंटी:** सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिला परिवहन कार्यालय की ओर से सोमवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी हरि शंकर बारीक के नेतृत्व में विभिन्न प्रमुख मार्ग और चौक-चौराहों पर आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना और यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करना था। जांच के दौरान दोपहिया, चारपहिया और व्यावसायिक वाहनों की गहनता से जांच की गई। इसमें वाहनों के टैक्स, परमिट, फिटनेस प्रमाण-पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र और अवैध अल्टरेशन की जांच की गई। जांच में कई वाहन चालक आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने में असफल पाए गए, वहीं कुछ वाहन बिना नियमों के संचालित किए जा रहे थे।

# बमामाईंस थाना में भाजपा का सौंपा ज्ञापन, 15 दिन का अल्टीमेटम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी, बमामाईंस मंडल अध्यक्ष रितेश झा के नेतृत्व में बमामाईंस थाना में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से थाना क्षेत्र में चल रहे विभिन्न प्रकार के नशा कारोबार एवं बिगड़ती विधि-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने थाना प्रभारी दिलीप यादव को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर नशा कारोबार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाकर विधि-व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो भारतीय जनता पार्टी द्वारा 15 दिन बाद वृहद आंदोलन किया जाएगा।

पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू तिवारी ने कहा कि बमामाईंस थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएँ बढ़ती जा रही है अगर थाना प्रभारी ने इस पर अंकुश नहीं लगाया तो हम इससे उग्र आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, सतवीर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक झा, सूरज सिंह, रविजेंट, सौरभ श्रीवास्तव, राकेश चौधरी, पूर्व महामंत्री राकेश सिंह सहित सैकड़ों भाजराजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित संचालित गतिविधियों की उपायुक्त ने की समीक्षा...



**राजस्व संग्रहण में वृद्धि एवं म्यूटेशन/राजस्व मामलों के समयबद्ध निष्पादन के निर्देश...**

समाहरणालय सभागार में आज उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, निबंधन, भूमि सुधार, म्यूटेशन, सीमांकन एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर उपायुक्त श्री जयवर्धन कुमार, अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर श्री रवि प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल, भूमि सुधार उपसमाहर्ता सरायकेला सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहें।

राजस्व संग्रह की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों की वार्षिक एवं मासिक उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिले की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने एवं विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति अत्यंत आवश्यक है। इस उद्देश्य से सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ स्पष्ट, व्यावहारिक एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि राजस्व संग्रहण से संबंधित सभी कार्यों में नियमित समीक्षा, सतत निगरानी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। कर, शुल्क एवं लगान से संबंधित डिफॉल्टर मामलों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही अवैध खनन, अवैध परिवहन, अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री, विद्युत चोरी, अनधिकृत कनेक्शन तथा बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन के विरुद्ध नियमित जांच, निरीक्षण एवं आवश्यकतानुसार विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए।

**राजस्व एवं अंचल कार्यालयों से संबंधित विशेष निर्देश**

राजस्व एवं अंचल कार्यालयों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ऑनलाइन म्यूटेशन, सीमांकन, परिशोधन एवं लगान से संबंधित सभी लंबित मामलों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, यह सुनिश्चित करना अंचलाधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रमाणपत्र से संबंधित मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने का निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा से वंचित न हो तथा कोई भी पात्र लाभुक किसी भी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने आगामी सप्ताह तक प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बोरसी की आग में झुलसकर भाकपा माले नेता विनोद मंडल के दादा-दादी की हुई दर्दनाक मौत



**सरिया :** गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बलीडीह गांव में एक बेहद दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। 88 वर्षीय छोटू मंडल और 84 वर्षीय गुलची देवी ठंड से बचने के लिए बोरसी ताप रहे थे, तभी अचानक उनकी कपड़ों में आग लग गई। आग की लपटों ने दोनों वृद्धजनों को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और दोनों बुरी तरह जल गए तत्काल उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया। परिजन दोनों को लेकर धनबाद के अस्पताल पहुंचे जहां उपचार के क्रम में 6 घंटे के आगे पीछे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।सोमवार को पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद दोनों के पार्थिव शरीरों को अंतिम संस्कार के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा है। इस दौरान अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिनमें बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह,त्रिभुवन मंडल, भोला लाल मंडल, जिमी चौरसिया, संतोष कुशवाहा, प्रमोद कुमार मंडल, संदीप तर्वे सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।दोनों पार्थिव शरीरों की अर्थियां एक साथ उठते ही पूरे परिसर में गम का सन्नाटा छा गया। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल था, हर कोई आंसुओं से डूबा नजर आया। परिवार और परिजनों का दर्द देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। यह घटना न केवल परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ठंड के मौसम में बोरसी जैसी छोटी सी लापरवाही कितनी बड़ी त्रासदी बन सकती है, यह इस हादसे से एक बार फिर साबित हो गया।ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दें।

### नीमडीह थाना क्षेत्र में चलाया गया एंटी क्राइम चेकिंग



**ईचागढ़ :** नीमडीह थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नीमडीह पुलिस द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में डिक्की, बैग ,नंबर प्लेट, साइलेंसर आदि का गहनता पूर्वक जांच किया गया। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों एवं सवारियों का तलाशी लिया गया। थाना प्रभारी संतन तिवारी ने बताया कि जांच अभियान के दौरान दो बिना नंबर का मोटरसाइकिल जिसमें मोडिफाइड साइलेंसर लगा हुआ है, को जप्त किया गया है। विधि सम्मत कारवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्राइम कंट्रोल करने, मोडिफाइड साइलेंसर लगाने एवं सड़क सुरक्षा मानकों का अनुपालन नहीं करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई किया जाएगा।

# कांकीडीह सोलोआना कमेटी का दो दिवसीय टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़े दर्शक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के कांकीडीह हाट मैदान में कांकीडीह सोलोआना कमिटी द्वारा आयोजित सोमवार और मंगलवार दो दिवसीय टुसू मेला का आयोजन किया गया हैं।मेला कमिटी द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम और हंडी तोड़ो प्रतियोगिता सहित कई मनोरंजन कार्यक्रम रखा गया है।टुसू में प्रथम पुरस्कार सबर समिति मोहनपुर,द्वितीय कोलाबानी पागदा,तृतीय काशीडीह सुंदरपुर को कमिटी द्वारा अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया।टुसू मेला में मुख्य अतिथि पार्षद प्रदीप बेसरा, मुखिया दीपक कोड़ा, कमिटी में अध्यक्ष बुद्धेश्वर हेंब्रम, सचिव खगेंद्र नाथ हेंब्रम, महेश्वर बेसरा, भास्कर माहली, ग्राम प्रधान नकुल बेसरा,अमर सोरेन, सागेन बेसरा, राजा माहली, जीतू लाल मुर्मू, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# विधायक सविता महतो ने कपाली नगर परिषद क्षेत्र में 800 से अधिक कंबलों का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कपाली :** कपाली नगर परिषद की ओर से सोमवार को 21 नो वार्ड में बने नया फुटपाथ विक्रेता केंद्र परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच 800 से अधिक कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं नगर परिषद लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग तक सहायता पहुंचाने का कार्य कर रही है।



इस दौरान विधायक ने कपालीवासियों से अपील किया कि 21 नो वार्ड में बने नए मार्केट में आकार अपना रोजमर्रा के समान का खरीदारी करे। कंबल पाकर जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। नगर परिषद की ओर से बताया गया कि आगे भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। कार्यक्रम में कपाली नगर परिषद के प्रशासक गोपी कृष्णा, सिटी मैनेजर शकील अनवर मेहंदी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, सरवर आलम, शेख फरीद, मो. अरशद, मो. नौशाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा।**

**आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तिलैया थाना अन्तर्गत एक लापता बच्चा, जिसका हुलिया इस प्रकार है। उम्र–11 वर्ष, रंग–सांवला, भाषा–हिन्दी, खोरठा, बोलते है, यदि किसी को उक्त लापता करण कुमार पिता–स्व0 जितेन्द्र साव, के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

**पुलिस अधीक्षक, कोडरमाः– 9431706350, 06534–252868,**
**अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमाः– 9939270239,**
**थाना प्रभारी तिलैयाः– 9431706355, 9430321177,**

**पुलिस अधीक्षक,**
**कोडरमा।**

PR 371032 (Police) 25-26 (D)


# चौपारण प्रखंड में गणतंत्र दिवस समारोह की रूपरेखा तय, विभिन्न संस्थानों में क्रमवार झंडोत्तोलन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी 2026 को प्रखंड में आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रम को लेकर प्रखंड प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर द्वारा आदेश जारी कर झंडोत्तोलन की विस्तृत समय-सारिणी निर्धारित की गई है। आदेश के अनुसार, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। निर्धारित समय-सारिणी के तहत विभिन्न सरकारी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में क्रमवार झंडोत्तोलन किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रातः 08:50 बजे, व्यापार मंडल में 09:00 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र में 09:05 बजे, थाना परिसर में 09:10 बजे, आदर्श मध्य विद्यालय में 09:15 बजे, कन्या उच्च विद्यालय में 09:20 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 09:30 बजे, के०वी०एस०एस० +2 विद्यालय में 09:35 बजे तथा प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में प्रातः 09:40 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। निर्णय लिया गया है कि पूर्व की भांति थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी सशस्त्र बल के साथ प्रखंड मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे। वहीं प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं झंडोत्तोलन के दौरान राष्ट्रगान की प्रस्तुति देंगी। प्रखंड परिसर में राष्ट्रीय ध्वज को विधिवत फहराने एवं सुरक्षित रूप से उतारने की जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारियों को सौंपी गई है।

# खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की समीक्षा, भुगतान शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोमवार को उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति से संबंधित संचालित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी सहित सभी संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि धान अधिप्राप्ति कार्य अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 909 किसानों से कुल 52,504.72 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि जिले में कुल 7,217 सक्रिय किसान पंजीकृत हैं। उपायुक्त द्वारा भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई तथा शेष लंबित भुगतान को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रखंडवार एवं लैम्प्सवार धान अधिप्राप्ति अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। उन्होंने किसान पंजीकरण में सुधारात्मक प्रगति लाने के उद्देश्य से सतत निगरानी एवं नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया तथा निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। विभागीय दिशा-निर्देशों के आलोक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद, धान का ससमय उठाव तथा धान विक्रय के उपरांत किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही एडवांस सीएमआर के जनरेशन एवं प्राप्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति में लक्ष्य के अनुरूप प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। संबंधित पदाधिकारी किसानों से निरंतर संपर्क एवं समन्वय बनाए रखें, ताकि किसानों का धान लैम्प्स में सुचारू रूप से विक्रय हो सके तथा विभागीय दिशा-निर्देशों के आलोक में किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने इनेक्टिव किसानों को सक्रिय करने हेतु विशेष प्रयास करने, लैम्प्स से धान का ससमय उठाव सुनिश्चित करने तथा गोदाम क्षमता में वृद्धि के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सरकारी भवनों का चिन्हितकरण कर विभाग को सूची प्रेषित करने के निर्देश दिए।

### एकल अभियान के आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ

**खूंटी :** एकल अभियान अंचल कार्यालय, गायत्री नगर में सोमवार को सामूहिक वार्षिक आवासीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन भारत माता और सरस्वती माता के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन और मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में खूंटी से 13, कर्रा से 17 और रनिया संकुल से 19 आचार्य भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में अंचल समिति के सदस्य और वरिष्ठ कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Very Short-Term e-Procurement Notice**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/54/2025-26 | Renovation of Main Building, Pathway Parking Tiles and other Work in Hon'ble Chief Justice Residence at Kanke Road, Ranchi (High Court Pool) | 6219700 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 16-01-2026 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 23-01-2026 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 24-01-2026 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note: - Cost of bidding document (Non-Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No. 1, Ranchi**

PR 370993 (Building)25-26*D


# गोलमुरी में बिगड़ती विधि-व्यवस्था व ट्रैफिक अव्यवस्था को लेकर भाजपा का सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोलमुरी थाना क्षेत्र में गिरती विधि-व्यवस्था और ट्रैफिक अव्यवस्था ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र में चोरी, नशाखोरी, मटका, लॉटरी और अड्डेबाजी से आम नागरिक भय के साये में जीने को मजबूर हैं। सोमवार को गोलमुरी क्षेत्र में वयाप्त विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर भाजपा गोलमुरी मंडल के कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के नेतृत्व में क्षेत्र के थाना प्रभारी एवं ट्रैफिक थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गोलमुरी क्षेत्र में चोरी, नशाखोरी, मटका-लॉटरी और जगह-जगह अड्डेबाजी से आम नागरिक भयभीत हैं। बजरंग नगर व केबुल बस्ती क्षेत्र में नशेड़ियों का जमावड़ा, केबुल कंपनी में दिनदहाड़े चोरी, तथा गोलमुरी बाजार क्षेत्र में रात होते ही असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ गई है। ट्रैफिक की स्थिति भी गंभीर है। केरला समाजम स्कूल और सेंट जोसेफ हाई स्कूल के सामने सुबह और छुट्टी के समय भारी जाम लगता है। आकाशदीप प्लाजा स्थित मिराज सिनेमा के सामने सड़क पर दिनभर वाहन खड़े रहते हैं। लोग चौक एवं सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर मॉल और सिनेमा हॉल चले जाते हैं, जिससे प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे, आसपास के लोगों को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा ने प्रशासन से मांग की है कि कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ स्कूल और बाजार क्षेत्र में नियंत्रित ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर जनता को राहत दी जाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने बताया कि गोलमुरी क्षेत्र में अपराधियों और नशे के कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। चोरी, नशाखोरी और अड्डेबाजी पर प्रशासन का कोई खौफ नहीं रह गया है। वहीं, केरला समाजम और सेंट जोसेफ स्कूल के सामने एवं मिराज सिनेमा के पास ट्रैफिक की स्थिति पूरी तरह से चरमराई हुई है। इन सब समस्याओं को लेकर प्रशासन से उचित समाधान की मांग की है, यदि प्रशासन शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाती है, तो जनहित के इन मुद्दों पर भाजपा कार्यकर्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं, प्रशासन ने सभी समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अप्पा राव, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरज पासवान, मंडल महामंत्री अशोक सामंत, श्रीनू राव, अभिमन्यु सिंह, बंटी अग्रवाल, हरेराम यादव, पीजुश पॉल, खतीब खान, अनिल सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला**
mail-rdsdgumla123@gmail.com

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/19/2025-26**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः (आई०टी०डी०ए० मद)

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of S.S Boys Hostel, Gumla At- S.S.+2 High School, Gumla, Block-Gumla, Dist-Gumla | 49,98,900.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –22.01.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.01.2026 से दिनांक 30.01.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 03.02.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला। .

PR.NO.371081 Rural Development(25-26):D

# धर्म ही है सृष्टि का संचालक और भारत के पुनरुत्थान का आधार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने 'धर्म' को सृष्टि का संचालक बताया है। उनका कथन है, सृष्टि निर्माण के साथ उसके संचालन के लिए बने नियम ही धर्म हैं। ये नियम विश्वव्यापी हैं। कोई व्यक्ति या वस्तु पूर्णतः अधर्मी नहीं हो सकते। निश्चित ही ये प्राचीन ग्रंथों की गहन व्याख्या पर आधारित उनका धर्म के विषय में निष्कर्ष है। श्रीमद्भागवत, मनुस्मृति, पाराशर स्मृति, महाभारत जैसे ग्रंथ 'धर्म' को स्वाभाविक नियम के रूप में परिभाषित करते हैं और वर्तमान संदर्भों में भी डॉ. भागवत के विचारों को व्यावहारिक और भारत के लिए अनिवार्य सिद्ध करते हैं। डॉ. भागवत जी का मूल सूत्र यही है कि 'धर्म' ही पूरी सृष्टि का ड्राइवर है। यही श्रीमद्भागवत पुराण में कहा गया है 'धर्मः सनातनः सर्वस्य मूलं' अर्थात धर्म सनातन है और समस्त सृष्टि का मूल। भगवान विष्णु स्वरूप में सृष्टि संचालित करते हैं। नियम 'धर्म' के रूप में निर्धारित हैं। यहां डॉ. भागवत जल को बहने और अग्नि को जलाने का 'धर्म' बताते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसा श्रीमद्भागवत पुराण 5.26.18 में वर्णित मिलता है। 'प्रत्येक तत्व का स्वभाव स्वधर्म सृष्टि संतुलन का आधार है।' भागवतजी इसे आध्यात्मिक एकता से जोड़ते हैं। भारत जैसे बहुलवादी समाज में यह दृष्टि आवश्यक भी है, क्योंकि आज देखने में भी यही आ रहा है, पश्चिमी व्यक्तिवाद सामूहिक कर्तव्य को कमजोर कर रहा है। हम देखते हैं, प्राचीन न्याय ग्रंथ मनुस्मृति भी अपने श्लोक 7.35 के माध्यम से 'राजधर्म' को प्रजा रक्षा के रूप में वर्णित करती है। डॉ. भागवत कहते हैं राज्य सेक्युलर हो सकता है किंतु मनुष्य नहीं। प्रत्येक वर्ण-आश्रम का स्वधर्म अनिवार्य है। समीक्षात्मक रूप से भारत में सेक्युलरिज्म का दुरुपयोग धार्मिक पहचान को कुचल रहा है। मनुस्मृति के अनुसार धर्मरहित राज्य अराजकता को निमंत्रण है। वहीं, पाराशर स्मृति आज के संदर्भ में विशेष प्रासंगिक है। ऋषि पाराशर 4.12 कर्मयोग पर बल देते हैं। निष्काम भाव से कर्तव्य पालन करते रहना ही व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उन्नति का मार्ग है। समीक्षा में यह दर्शन युवाओं के लिए आदर्श होना चाहिए। पाराशर स्मृति लचीलापन भी प्रदान करती है। स्वभाविक है कि धर्मनिष्ठा से अहंकार मुक्त सेवा राष्ट्र को मजबूत बनाती है। महाभारत इस 'धर्म' दर्शन का महाकाव्य रूप है। भीष्म पितामह युधिष्ठिर को उपदेश देते हैं अनुशासन पर्व 165.58 'धर्मो रक्षति रक्षितः' अर्थात धर्म की रक्षा करने वाला स्वयं सुरक्षित रहता है। महाभारत शांति पर्व 109.10 में कृष्ण कहते हैं 'स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः।' प्रत्येक का स्वधर्म पालन ही सृष्टि संचालन है। समीक्षात्मक विश्लेषण से महाभारत धर्म को व्यावहारिकता में सिद्ध करता है। कुरुक्षेत्र युद्ध अधर्म के विरुद्ध था। आज भारत को आंतरिक और बाहरी चुनौतियों से जूझना है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विचार हो या महाभारत काल में कुरुक्षेत्र में अधर्म के विरोध में युद्ध का अनिवार्य होना, निश्चित ही ये धर्मबल ही है जो हर हाल में विश्व गुरुत्व के लिए भारत के लिए अनिवार्य किया गया है, इसलिए प्रत्येक भारतवासी को धर्माचरण युक्त रहना चाहिए। इस बात को अन्य 'धर्म' ग्रंथ जैसे उपनिषद् और गीता भी समर्थन देते हुए दिखाई देते हैं। ईशावास्य उपनिषद् का प्रथम श्लोक कहता है- 'ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम।' सृष्टि ईश्वरीय नियम धर्म से संचालित है। भगवद्गीता 3.35 स्वधर्म पर जोर देती है। यही बातें डॉ. भागवत ने अपने भाषण के दौरान अपने ढंग से कही हैं और इन सभी को व्यक्तिगत कर्तव्य से जोड़ा है। जैसे कि रामायण में राम का राजधर्म त्याग और अपने कर्तव्य का प्रतीक है। कहना होगा कि 'धर्म' भारत की रग-रग में बसा है। भारत में धर्मांतरण, गैर मुसलमानों के विरोध में जिहाद, नैतिक क्षय जैसी समस्याएं चहुंओर व्याप्त दिखती हैं। किंतु इन सभी संकटों का एक ही उपाय है, जिसे डॉ. मोहन भागवत ने स्पष्ट रूप से सभी को बताया है और वह विचार है 'सर्वस्व धर्म खड़ा होगा तो भारत विश्व गुरु बनेगा।'

# बंगाल में लोकतंत्र, विकास और अस्मिता की निर्णायक परीक्षा-घड़ी

**ललित गर्ग**

पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां सत्ता, संघर्ष, कानून और जनभावना- चारों धाराएं एक-दूसरे से टकराती हुई दिखाई देती हैं। यह टकराव केवल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई भर नहीं है, बल्कि यह उस शासन शैली, लोकतांत्रिक मर्यादा और विकास दृष्टि की भी परीक्षा है, जिसके आधार पर बंगाल अपनी आने वाली राजनीतिक दिशा तय करेगा। लंबे समय तक "खेला होगा" के नारे के सहारे भाजपा को रोकने में सफल रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इस बार परिस्थितियां अपेक्षाकृत अधिक जटिल, चुनौतीपूर्ण और बहुआयामी नजर आ रही हैं। आज समूचे देश की नजरे पश्चिम बंगाल पर टिकी है। वहां आगामी विधानसभा काफी रोमांचक एवं निर्णायक होगा, जिसमें पश्चिम बंगाल का नया भविष्य बुनने की दिशाएं उद्घाटित होगी।

एक ओर केंद्र और राज्य के बीच टकराव अपने चरम पर है, तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, अदालती टिप्पणियां और कानूनी बहसें राजनीतिक विमर्श को नियंत्रित कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने केवल एक कानूनी प्रश्न ही नहीं उठाया, बल्कि यह संकेत भी दिया कि राज्य सरकारों द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज में हस्तक्षेप की सीमाएं कहां तक हो सकती हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने ममता बनर्जी की उस राजनीतिक छवि को आंशिक रूप से प्रभावित किया है, जो अब तक स्वयं को केंद्र के कथित दमन के विरुद्ध संघीय ढांचे की रक्षक के रूप में प्रस्तुत करती रही हैं। अदालतों में लंबी चलने वाली कानूनी लड़ाइयों का राजनीतिक प्रभाव तुरंत और गहरा होता है, विशेषकर तब, जब चुनाव नजदीक हों और जनता का ध्यान प्रशासनिक उपलब्धियों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप पर केंद्रित होने लगे। बंगाल की राजनीति की एक विशिष्ट विशेषता यह रही है कि यहां विचारधारा और भावनाएं अत्यंत तीव्र रूप से अभिव्यक्त होती हैं। वाम मोर्चे के लंबे शासन के बाद ममता बनर्जी का उदय एक जनांदोलन के रूप में हुआ था। उन्होंने न केवल वामपंथी वर्चस्व को तोड़ा, बल्कि खुद को गरीब, हाशिए के वर्ग और क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज के रूप में स्थापित किया। शुरूआती वर्षों में उनकी सरकार ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और सशक्त राजनीतिक संप्रेषण के माध्यम से जनता का विश्वास भी अर्जित किया। किंतु समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, संगठन पर अत्यधिक नियंत्रण और विरोध के प्रति असहिष्णुता जैसे आरोप भी समानांतर रूप से उभरते गए।

भाजपा ने इन्हीं कमजोरियों को अपना राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक भाजपा ने बंगाल में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा भ्रष्टाचार विरोधी विमर्श को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी बहुमत से वापसी की, लेकिन यह भी सच है कि भाजपा बंगाल की राजनीति में एक स्थायी और निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। मत प्रतिशत में अंतर और सीटों का आंकड़ा भाजपा के लिए भले ही निराशाजनक रहा हो, पर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक आधार का विस्तार उसके लिए भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोलता है। हाल के वर्षों में बंगाल में विकास का प्रश्न अपेक्षाकृत पीछे छूटता दिखाई दिया है। उद्योग, निवेश और रोजगार के मुद्दे राजनीतिक शोर में दब गए हैं। आम जनता की एक बड़ी चिंता यह भी है कि राज्य की राजनीति निरंतर टकराव और हिंसा के आरोपों से क्यों घिरी रहती है। चुनावी हिंसा, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमले और प्रशासन की निष्पक्षता पर उठते सवाल राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ, सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं। इन मुद्दों पर ममता सरकार का रुख अक्सर रक्षात्मक दिखाई देता है, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करती है।

महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों और बिहार में भाजपा को मिली हालिया सफलता ने पार्टी के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाया है। भाजपा का यह विश्वास कि बंगाल अब भी राजनीतिक परिवर्तन के लिए तैयार है, केवल चुनावी आंकड़ों पर आधारित नहीं है, बल्कि वह इसे एक लंबी रणनीति का हिस्सा मानती है। किंतु बंगाल कोई साधारण राजनीतिक मैदान नहीं है। यहां की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक स्मृति किसी भी दल के लिए आसान नहीं रही है। ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत आज भी उनकी जमीनी पकड़ और भावनात्मक अपील है, जो उन्हें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से अलग, एक क्षेत्रीय और स्थानीय नेता के रूप में स्थापित करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव वास्तव में इस बात की कसौटी होंगे कि जनता विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देती है या फिर भावनात्मक और पहचान आधारित राजनीति को? क्या ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता में लौटकर यह सिद्ध कर पाएंगी कि केंद्र से टकराव ही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है, या भाजपा जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल होगी कि परिवर्तन ही स्थायित्व और विकास का रास्ता है, यह प्रश्न अभी खुला हुआ है। अदालती प्रक्रियाएं, राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी रणनीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन अंतिम निर्णय बंगाल की जनता के हाथ में है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति आज संकीर्णता और सांप्रदायिक ध्रूवीकरण के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसने विकास की गति को गंभीर रूप से अवरुद्ध किया है। कभी देश की आर्थिक, औद्योगिक और बौद्धिक राजधानी कहलाने वाला बंगाल-विशेषकर कोलकाता, आज निवेश, उद्योग और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ता हुआ दिखाई देता है। ममता बनर्जी के लंबे शासनकाल में औद्योगिक विश्वास का क्षरण, पूंजी पलायन, बंद होती इकाइयाँ और युवाओं का अन्य राज्यों की ओर पलायन इस गिरावट के स्पष्ट संकेत हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर उठते प्रश्न, विपक्षी आवाजों का दमन और चुनावी हिंसा की घटनाएं राज्य के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य पर गहरी चोट करती हैं। इसके साथ ही, राज्य में सामाजिक ताने-बाने को लेकर बढ़ती आशंकाएँ भी कम चिंताजनक नहीं हैं। अनेक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक संबंधों को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं; विशेषकर हिंदू समाज के एक हिस्से में असुरक्षा की भावना ने जनमन को आहत किया है। इन घटनाओं और धारणाओं ने जनता के भरोसे को कमजोर किया है और शासन के प्रति निराशा को बढ़ाया है। राजनीति जब पहचान और विभाजन के इर्द-गिर्द सिमटती है, तो विकास, समावेशन और सामाजिक सौहार्द पीछे छूट जाते हैं, यही आज के बंगाल की त्रासदी बनती दिख रही है।

ऐसे समय में बंगाल की जनता के लिए अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति सजग होना अनिवार्य है। यह राज्य केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि उसकी अस्मिता उसकी बौद्धिक परंपरा, भावनात्मक संवेदनशीलता, धार्मिक सहअस्तित्व, आध्यात्मिक खोज और समृद्ध साहित्यिक विरासत से निर्मित है-रवींद्रनाथ से विवेकानंद तक की धरोहर इसे दिशा देती रही है। दंगों, हिंसा और भय के साए में इस अस्मिता पर जो दाग लगे हैं, उन्हें मिटाने का मार्ग शांतिपूर्ण, जागरूक और निर्भीक लोकतांत्रिक सहभागिता से ही निकलेगा। आगामी चुनाव जनता के लिए आत्ममंथन और आत्मनिर्णय का अवसर हैं-जहाँ मत केवल सत्ता नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य, उसकी संस्कृति और उसके लोकतांत्रिक आत्मसम्मान की रक्षा का माध्यम बनना चाहिए। बंगाल की बनती नई तस्वीर अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। यह तस्वीर संघर्ष और संभावनाओं, आशंकाओं और उम्मीदों से बनी है। एक ओर सत्ता का अनुभव और जनाधार है, तो दूसरी ओर आक्रामक विपक्ष और राष्ट्रीय राजनीति की ताकत। लोकतंत्र की यही खूबी है कि वह अंतिम शब्द जनता को देता है। बंगाल के मतदाता ही तय करेंगे कि शह-मात की इस राजनीति में अगली चाल किसकी होगी और कौन-सा पक्ष अंततः बाजी मारेगा।

# आम जनों की हितों के लिए संघर्षरत, बटेश्वर प्रसाद मेहता

**विजय केसरी**

झारखंड के जाने माने जन नेता, राजनीतिज्ञ सह समाज सेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता का व्यक्तित्व और कृतित्व सदा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। आम जनों की हितों के लिए सदैव संघर्षरत और तत्पर रहते हैं,बटेश्वर प्रसाद मेहता। वे लोगों को न्याय दिलाने के लिए चौबीसों घंटे तैयार रहते हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंड प्रांत सहित राष्ट्र की समस्यों पर अपनी सजग दृष्टि भी रखते हैं। समाज में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, वैचारिक और सामाजिक नवजागरण की दिशा में उनकी पहल देखते बनती है। राजनीति में उनका प्रवेश समाज सेवा के लिए हुआ। उनका मत है कि राजनीति से समाज की बुनियादी समस्याओं सहित आम जन की पीड़ा को दूर किया जा सकता है। राजनीति के बदलते स्वरूप पर उनका कहना है कि आज की नई पीढ़ी के नेताओं को स्वाधीनता सेनानियों के जीवन से त्याग और बलिदान की सीख लेना चाहिए। स्वाधीनता सेनानियों ने जंगे आजादी में अपना सब कुछ समर्पित कर सिर्फ देश की आजादी की कामना की थी। वर्तमान समय में देश की राजनीति से नैतिकता और जन विश्वास का लोप होता चला जा रहा है। बटेश्वर मेहता का राजनीति में आने का उद्देश्य है, राजनीति में नैतिकता और जन विश्वास को पुनर्स्थापित करना।

देश में जब भी भीषण आपदा आई, बटेश्वर मेहता बिना किसी स्वार्थ के आपदा से निपटने के लिए घर बार छोड़ कर निकल पड़ते रहे हैं। राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों पर उनका बयान बहुत ही संतुलित व जागृति पैदा करने वाला होता है। लोकतंत्र के एक सजग प्रहरी के रूप में बटेश्वर प्रसाद मेहता दिन रात लगे रहते हैं। मानो उनका जन्म समाज में शिक्षा का अलख जगाने, सामाजिक कुरीति मिटाने और जन सेवा के लिए ही हुआ हो । उनका जुझारू संघर्षशील व्यक्तित्व एक नया इतिहास गढ़ने जा रहा है। उनका जन्म हजारीबाग जिला अंतर्गत ग्राम चंदा में हुआ था। स्वतंत्रता सेनानी पिता रामेश्वर महतो ने देश की आजादी में अपना सर्वोच्च निछावर कर दिया था। देश की आजादी के बाद रामेश्वर महतो ने समाज सेवा और खेती किसानी को ही अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। बटेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने पिता के कृतित्व से प्रभावित होकर बाल काल में ही समाज सेवा करने का संकल्प ले लिया था।

उन्होंने मध्य विद्यालय करियातपुर, चंदा से माध्यमिक, कामाख्या नारायण उच्च विद्यालय, इचाक से मैट्रिक एवं संत कोलंबा महाविद्यालय, हजारीबाग से स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। पढ़ाई पूरी करने बाद उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी पिता रामेश्वर महतो के पद चिन्हों पर चलने का मन बना लिया था। घरवाले चाहते थे कि बटेश्वर प्रसाद मेहता पढ़ाई पूरी करने के बाद किसी सरकारी नौकरी में जाए। घरवालों की इस बात पर बटेश्वर मेहता ने स्पष्ट कर दिया कि वह सरकारी नौकरी में नहीं जाएगा तथा आजीवन पिता के पद चिन्हों पर चलकर समाज की सेवा करेगा। उन्होंने, अपने पिता एवं बड़े भाई से कहा, 'मैं समाज सेवा को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया हूं'। बटेश्वर प्रसाद मेहता के समाज सेवा के दृढ़ संकल्प को देखकर पिता और बड़े भाई दोनों ने समाज सेवा करने का आशीर्वाद उन्हें दिया। तब से लेकर अब तक वे बिना रूके समाज सेवा के पथ पर अग्रसर हैं।

वे छात्र जीवन से ही अपने निर्धन मित्रों को स्कूल की किताबें, पुराने और नूतन वस्त्र दिया करते थे। जरूरत पड़ने पर वे अपने साथियों को अनाज भी दिया करते थे। वे गरीब साथियों के बीमार पड़ने पर इलाज भी करवा दिया करते थे। जब वे संत कोलंबा महाविद्यालय से बीए की परीक्षा पूरी कर रहे थे, तब आपसी सहयोग से ठंड के दिनों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया करते थे। आज भी ठंड में बटेश्वर प्रसाद मेहता गरीबों के बीच कंबल वितरण करते नजर आते हैं। इसी दौरान वे हजारीबाग के सदर अस्पताल में इलाज रत रोगियों के बीच दवा एवं अन्य जरूरी सामान वितरण किया करते थे। मरीजों के इलाज में लापरवाही बरते जाने पर वे अस्पताल के सिविल सर्जन से मिलकर मरीजों के समुचित इलाज की मांग किया करते थे। फलतः मरीजों का समय पर समुचित इलाज हो पाता।

बटेश्वर प्रसाद मेहता का मत है, 'जब तक समाज के हर वर्ग के लोग शिक्षित नहीं होंगे, समाज का काया कल्प नहीं होगा'। इसे उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने अपने पिता रामेश्वर महतो के नाम से ग्राम चंदा में 'रामेश्वर महतो उच्च विद्यालय' की स्थापना की। इस विधालय के स्थापना के कुछ ही सालों के बाद इसका सरकारी करण हो गया। आज इस विद्यालय में एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस विद्यालय के कई छात्र एवं छात्राएं देश के प्रतिष्ठित कंपनियों में सेवा दे रहे हैं। कई छात्रों ने सिविल सर्विसेज की भी परीक्षा उत्तीर्ण किया। ग्रामीण वासियों को उच्च शिक्षा प्राप्त हो, इस निमित्त उन्होंने ग्रामीण वासियों से सहयोग लेकर 'जगरनाथ महतो इंटर महाविद्यालय' की स्थापना की। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग ग्राम बोंगा में 'नवोदय विद्यालय' की स्थापना की । उनके अथक प्रयास से बोंगा के ग्रामीणों ने 32 एकड़ जमीन नवोदय विद्यालय को दान किया।

झारखंड में शिक्षा का अलख जगाने के लिए प्रांत भर में नियमित गोष्ठियों का आयोजन करना। समाज को दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, डायन बिसाही, रूढ़िवादिता, अंधविश्वास से को मुक्ति दिलाने के लिए नियमित जन जागरण बैठकों का आयोजन करना उनके दैनंदिन चर्या में शामिल है। उन्होंने समाज को जाति प्रथा से मुक्त करने के लिए कुशवाहा समाज, जो विभिन्न उपजातियों में बंटा हुआ था, उसे एक पंगत में लाकर अद्वितीय कार्य किया। उन्होंने पच्चास से अधिक शादियां बिना दहेज की करवाई। वे हर वर्ष कन्यादान के निमित्त गरीब कन्या के पिता को आपसी सहयोग से धन उपलब्ध कराते रहते हैं। हाथियों के आतंक से कई ग्रामीणों के घर टूट गए। इस दुःखद घड़ी में उन्होंने गरीबों के बीच चावल, कंबल, दवा आदि का वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्होंने कई गरीब जरूरतमंदों को आवास भी बनवाया। इस संबंध में उन्होंने कहा, 'मुझे समाज सेवा करने में बहुत ही आनंद की प्राप्ति होती है'।

समाज सेवा के साथ उन्होंने समाज के दबे कुचले वर्ग के लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए राजनीति का भी दामन थामा। 1981 में वे युवा कांग्रेस ,इचाक प्रखंड के अध्यक्ष बने। 1984 में उन्होंने एजुकेशन प्लानिंग कमिशन के सदस्य के रूप में सराहनीय सेवा दी। उन्होंने दूर संचार विभाग, के सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में यादगार सेवा दी। रेलवे परामर्श दात्री समिति, धनबाद के सदस्य के रूप में उनकी सेवा सदा याद की जाएगी। उन्होंने 1984 में कांग्रेस पार्टी की दिशा हीनता के कारण समता पार्टी का दामन थामा। समाजवादी नेता नीतीश कुमार के साथ संपूर्ण बिहार में समाजवाद का अलख जगाया। उन्होंने समता पार्टी के टिकट पर 1995 में बरकट्ठा विधानसभा का चुनाव भी लड़ा, लेकिन पराजय का मुंह देखना पड़ा । भारतीय जनता पार्टी द्वारा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से टिकट नहीं दिए जाने पर उन्होंने 2024 झारखंड विधानसभा का चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा। वे 46 हजार मत लाकर तीसरे स्थान पर रहें। इस क्षेत्र से अब तक किसी एक निर्दलीय उम्मीदवार को ऐसा जन समर्थन नहीं मिला।

बटेश्वर प्रसाद मेहता, वर्तमान समय में किसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य नहीं हैं। इसके बावजूद एक सामाजिक कार्यकर्ता की हैसियत से जन सेवा में गतिशील हैं। वे बिना जनप्रतिनिधि होते हुए भी झारखंड के किसी भी विधायक और सांसद से कहीं ज्यादा सक्रिय रहते हैं। प्रांत के विधायकों और सांसदों को बटेश्वर मेहता की जन सक्रियता से सीख लेनी चाहिए। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व समाज के लिए अनुकरणीय है।

## सूडोकु नवताल- 7680

✷✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7679 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# 'हे,राम! चित्रकूट में मंदाकनी हो गई मैली'

**मुकुंद**

त्रेता युग से लेकर अब तक दशरथ नंदन राम सबके हैं। अयोध्या के राजा राम ने अपने वनवास के 14 वर्ष का लंबा हिस्सा चित्रकूट में गुजारा है। जनश्रुति है कि वह वैदेही सीता और अपने भाई लक्ष्मण के साथ यहां लगभग साढ़े 11 बरस रहे। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बड़े भू-भाग में स्थित चित्रकूट अब वैसा नहीं रहा। बहुत कुछ नहीं, सबकुछ बदल चुका है। अब मंदाकनी नदी हांफने लगी है। मध्य प्रदेश के चित्रकूट क्षेत्र के सती अनुसूया आश्रम की पहाड़ी से निकली मंदाकनी का अस्तित्व खतरे में है। विकास के नाम पर मंदाकनी को आक्सीजन देने वाले औषधीय और गैर औषधीय एक दो नहीं अनगिनत वृक्षों की बलि चढ़ाई जा चुकी है।

भगवान राम त्रेता युग में चित्रकूट आए थे। यह युग लगभग 12,96,000 वर्ष का माना जाता है। सर्वोदय कार्यकर्ता और चित्रकूट के जल-जंगल और जमीन के सशक्त पहरेदार अभिमन्यु भाई (अभिमन्यु सिंह) कहते हैं, "विनाशकारी विकास ने चित्रकूट की पयस्विनी (पैसुनी) और सरयू नदी को पहले ही लील लिया । यह दोनों पवित्र जलधारा कामदगिरी पर्वत से निकलकर चित्रकूट के राम प्रयाग घाट (राम घाट) में मंदाकनी में मिलती थीं। भगवान राम ने इसी घाट पर अपने पिता दशरथ का तर्पण किया। मंदाकनी को बचाने की जद्दोजहद में मैं अब खुद को हारा महसूस करने लगा हूं।"

अभिमन्यु सिंह कहते हैं, "कोई साथ नहीं दे रहा। अकेली आवाज का लोग और अफसर मजाक उड़ाने लगे हैं। इस बुढ़ापे में भी लगा रहता हूं। सोचता हूं पैसुनी और सरयू को तो विकास के आंक्राताओं किस्तों में मार डाला। मंदाकनी की हालत देखकर पूरा बदन कांपने लगता है। यह नदी कभी कल-कल कर बहते हुए रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के राजापुर में यमुना नदी में मिलकर जयश्री राम का उद्घोष करते हुए मिल जाती थी। लोग आज भी राजापुर के संगम में तीज त्योहार पुण्य की कामना करते हुए डुबकी लगाकर खुद को धन्य समझते हैं। चित्रकूट के सारे घरों, होटलों और मंदिरों का गंदा पानी इसी मंदाकनी में जाता है। नालों से गुजरता यह पानी मंदाकनी के जल को विषाक्त कर रहा है।"

ऐसा मानने वाले चित्रकूट में दर्जनों लोग हैं। मगर हर कोई खुलकर बोलने से डरता है। मगर कुछ लोग दबी जुबान बोलते हैं कि साहब कुछ नहीं किया जा सकता। कंधों पर बंदूकें टांगे दादू (ठेकेदार और उनके कारिंदे) और सिपाहियों को लेकर अफसर आते हैं। घंटों में नहीं सिर्फ मिनटों में जेसीबी चलवाकर आदिकालीन वृक्षों को गिराकर वहां से निकलने वाली मिट्टी से मंदाकनी के दोनों ओर पक्की दीवार बनवा रहे हैं। इन लोगों का दावा सच भी है। ऐसा स्फटिक शिला से कुछ पहले अब भी देखा जा सकता है। मंदाकनी का प्राकृतिक प्रवाह भी बदल गया है। कुछ आगे आने पर मंदाकनी की धारा का बड़ा हिस्सा घेरकर स्विमिंग पूल बनवा दिया गया है। अभिमन्यु कहते हैं कि अगर कलयुग में मंदाकनी को बचाने कोई भगीरथ सामने नहीं आया तो ना रहेगी मंदाकिनी ना चित्रकूट।


हैरानी यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चित्रकूट की मंदाकनी नदी को स्वच्छ करने का आह्वान कर चुके हैं। वह मंदाकनी नदी के जल का आचमन भी कर चुके हैं। उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय के नमामि गंगे जैसी परियोजनाओं के माध्यम से मंदाकनी और अन्य नदियों को स्वच्छ और बाधा-मुक्त रखने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। चित्रकूट आगमन पर मंदाकिनी के कटाव का निरीक्षण भी किया है। बावजूद इसके कुछ भी ऐसा नहीं हुआ कि मंदाकनी को बचाया जा सके। यह नदी धर्मपारायण जनता के लिए गंगा है।

यहां प्रमोद वन, आमोद वन, सिरसा वन, शृंगार वन समेत कुल सात वन होते थे। अभिमन्यु कहते हैं कि इनमें कई लगभग-लगभग उजड़ चुके हैं। मगर कामदगिरी वन काफी हद तक बचा हुआ। यह चित्रकूट का सबसे पवित्र वन क्षेत्र है। इसी वन्य क्षेत्र में कामदगिरी पर्वत स्थित है। लोग बारह महीनों इस पर्वत की परिक्रमा (पांच किलोमीटर) करते हैं। अनुसूया वन कभी घना वन क्षेत्र रहा है। विकास की कुल्हाड़ी यहां के वन क्षेत्र में चलती रहती है। जनश्रुति यह भी है इस दण्डकारण्य में तुलसीदास को भगवान राम ने दर्शन दिए थे। लोग यहां आकर नतमस्तक होते हैं। मकर संक्रांति पर कोलकाता से यहां कामदगिरी का परिक्रमा लगाने पहुंचे विजय प्रताप रामघाट में मंदाकनी में मिल रहे नालों को देखकर विचलित हो गए। उन्होंने पवित्र डुबकी नहीं लगाई और एक प्याऊ का जल छिड़ककर आगे बढ़ गए।

चित्रकूट भूदान आंदोलन और सर्वोदय के प्रणेता संत विनोबा भावे, रामायण मेला के प्रथम प्रवर्तक डॉ. राममनोहर लोहिया और चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की नींव डालने वाले नानाजी देशमुख का केंद्र रहा है। संत विनोबा भावे के चित्रकूट से विशेष लगाव के कई पहलू हैं। वह चित्रकूट को परमधाम मानते थे। चित्रकूट की शांत और आध्यात्मिक भूमि को उन्होंने जीवन के उच्च मूल्यों (सेवा, निष्काम कर्म, समन्वय) को जीने और भूदान-ग्रामदान जैसे आंदोलनों की प्रेरणा में बदला। उन्होंने चित्रकूट ने उन्हें सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर जनशक्ति और नैतिक शक्ति पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। यह उनके 'जय जगत' के नारे और विश्व बंधुत्व के संदेश का भी आधार बना। विनोबा भावे ने चित्रकूट और मंदाकिनी नदी के किनारे गहन आध्यात्मिक चिंतन किया। उनके लिए यह स्थान एकांत और बाहरी दुनिया के शोर से दूर रहकर आत्मा और ईश्वर से जुड़ने का माध्यम बना। 1952 में वो यहां आए और यहीं के होकर रह गए।

## दैनिक पंचांग

**20 जनवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.21 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कुंभ | 08.12 बजे से |
| मंगल | मकर में | मीन | 09.44 बजे से |
| बुध | मकर में | मेष | 11.15 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 12.55 बजे से |
| शुक्र | मकर में | मिथुन | 14.53 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 17.07 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 19.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 21.35 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | तुला | 23.45 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.00 ब.से |
| | | धनु | 04.16 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 20 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** माघ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वितीया 02.43 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 13.07 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 20.01 बजे को समाप्त। **करण** बालव 14.32 बजे तदनन्तर कौलव 02.43 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 1.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 10' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872595 **जूलियन दिन** 2461060.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रज्जब **तारीख** 30 **विशेष** चंद्र दर्शन।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मां- बेटी ने फंदे से लटकर की खुदकुशी

**गिरिडीह** : मुफ्फसिल थाना इलाके के इंडस्ट्री एरिया स्थित गादीश्रीरामपुर में सोमवार को मां और बेटी का शव कमरे में एक साथ फंदे से झूलता हुआ मिला। इस दौरान घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ जितावाहन और महतोडीह पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुटी है। पुलिस की मौजूदगी में मां और बेटी का शव फंदे से उतारा गया। दोनों ने खुदकुशी की है या हत्या हुआ है, पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुरूआती जांच में पुलिस मामले में खुदकुशी ही मान रही है। जानकारी के अनुसार गादींश्रीरामपुर निवासी सोनू रवाणी की 36 साल की पत्नी पुतुल देवी और 15 साल की बेटी स्नेहा कुमारी का शव घर के कमरे में फंदे से झूलता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगो की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । इधर मृतका के पति सोनू कुमार ने कहा कि पत्नी पुतुल देवी ने स्वयं सहायता समूह से लोन लिया था जब लोन की किश्तों को लेकर दबाब पडा तो वह तनाव मे रहती थी। घर वालों के पूछने पर वह रोने लगती थी। इस बीच आज यह घटना हो गई।

### नशा कारोबार के खिलाफ भाजपा ने सौंपा ज्ञापन आंदोलन की दी चेतावनी

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर में नशा कारोबार, अवैध गतिविधियों और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रशासन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। बमार्माइंस, सिदगोड़ा और बिरसानगर थाना क्षेत्रों में भाजपा के विभिन्न मंडलों के प्रतिनिधिमंडलों ने सोमवार को थाना प्रभारियों से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और समय पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बमार्माइंस थाना में भाजपा बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष रितेश झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी दिलीप यादव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि थाना क्षेत्र में नशा कारोबार, चोरी, छिनतई और अन्य आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। उन्होंने पुलिस को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में नशा कारोबार पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लगी तो भाजपा वृहद आंदोलन करेगी। इस मौके पर सतवीर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक झा, सूरज सिंह, रविजेंट, सौरभ श्रीवास्तव, राकेश चौधरी, पूर्व महामंत्री राकेश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जदयू सभी वार्डों और मेयर पद पर उतारेगा प्रत्याशी

**पूर्वी सिंहभूम** : जनता दल (यूनाइटेड) की मानगो नगर निगम चुनाव समिति की सोमवार को बैठक मानगो स्थित एनएच-33 केसन सिटी में आयोजित की गई। बैठक में यह तय किया गया कि जनता दल (यूनाइटेड) मानगो नगर निगम के सभी 36 वार्डों में प्रत्याशी उतारेगा। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि पार्टी मेयर पद पर भी पार्टी अपना प्रत्याशी उतारेगी। बैठक में मानगो नगर निगम क्षेत्र में चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती और संभावित प्रत्याशियों को लेकर गहन चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने बताया कि विभिन्न वार्डों से प्रत्याशिता के लिए आवेदन भी पार्टी को प्राप्त हो चुके हैं, जिनकी जांच-पड़ताल कर योग्य और जनसमर्थन वाले उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष अजय कुमार ने की। इस मौके पर पार्टी के जिला महासचिव कुलविंदर सिंह पन्नू भी उपस्थित थे।

# गोमिया में हाथियों का तांडव, कार से खींचकर सब्जी विक्रेता को कुचला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


मृतक की फाइल फोटो



**रामगढ़** : हाथी के हमले में सब्जी विक्रेता की दर्दनाक मौत। गोमिया के कंडेर अंतर्गत सिमराबेड़ा महतो टोला के पास रविवार की रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें हाथियों के झुंड ने एक कार पर हमला कर दिया। इस हमले में कार में सवार सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। मृतक की पहचान रवींद्र दांगी (उर्फ रवि दांगी) के रूप में हुई है, जो मुराम बारी, रामगढ़ का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, रवींद्र दांगी (उर्फ रवि दांगी) कंडेर के परसाबेड़ा में जमीन लीज पर लेकर खेती करता था और प्रतिदिन सब्जी बेचने रामगढ़ जाता था। वह अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए सब्जी का व्यवसाय करता था। रविवार की रात वह सब्जी बेचकर अपनी कार से कंडेर लौट रहा था, तभी सिमराबेड़ा महतो टोला के पास मुख्य सड़क पर खड़े हाथियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। एक हाथी ने रवींद्र दांगी (उर्फ रवि दांगी) को सुंड से खींचकर बाहर निकाला और उसे कुचलकर मार डाला। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि सिमराबेड़ा में कई लोगों ने उसे रास्ते पर आगे जाने से रोका था, लेकिन वह लोगों की बातों को नजरअंदाज कर आगे बढ़ गया। इस घटना के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों में दहशत व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में हाथियों का आतंक बढ़ गया है और प्रशासन को इस मामले में उचित कार्रवाई करनी चाहिए। रवींद्र दांगी (उर्फ रवि दांगी) के परिवार में उनकी पत्नी, दो बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता हैं। उनकी मौत के बाद परिवार में गहरा शोक है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है, वे अपने प्रियजन के जाने से सदमे में हैं। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि इस क्षेत्र में हाथियों के आतंक को रोकने के लिए उचित कार्रवाई की जाए और मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले में जांच कर रहे हैं और उचित कार्रवाई करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे हाथियों के झुंड के पास न जाएं और सुरक्षित रहें।

## रामगढ़ के पंचवटी अपार्टमेंट में बड़ी चोरी, बैंक मैनेजर के घर से 30 लाख की संपत्ति उड़ाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले पंचवटी अपार्टमेंट में चोरी की एक बड़ी घटना घटी है। रामगढ़ कॉलेज के पास स्थित पंचवटी अपार्टमेंट फेज-वन में चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में चोरों के हाथ करीब 25 से 30 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति लगी है। चोरी की यह घटना अपार्टमेंट में किराये पर रह रहे पंजाब नेशनल बैंक, गिद्दी शाखा के प्रबंधक मनीष कुमार के फ्लैट में हुई है। मनीष कुमार छोटकाकाना के रहने वाले थे और अपने ससुराल गिरिडीह गए हुए थे। 18 जनवरी 2026 की संध्या जब वे वापस लौटे तो उन्होंने अपने फ्लैट का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ पाया। अंदर जाने पर देखा गया कि कमरे में रखे गोदरेज कंपनी के दो आलमीरा को चोरों ने तोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि चोरों ने करीब 40 हजार रुपये नकद और लगभग 25-30 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामानों पर हाथ साफ किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार चोरों ने अपार्टमेंट के एक अन्य फ्लैट का भी ताला तोड़ा था, लेकिन वह फ्लैट खाली होने के कारण वहां से कुछ हाथ नहीं लगा। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने अपार्टमेंट में प्रवेश कर मजबूत मुख्य दरवाजे और आलमीरा को किस तरह तोड़ा, यह सवाल खड़े कर रहा है। जिस कमरे में आलमीरा रखा था, उसी कमरे के दरवाजे को विशेष रूप से तोड़ा गया, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि चोरों को पहले से पूरी जानकारी थी। अपार्टमेंट में रह रहे लोगों ने सोसाइटी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर पिछले एक सप्ताह से खराब है और मरम्मत के लिए बाहर भेजा गया हुआ है, जिसके कारण चोरी की घटना कैमरे में कैद नहीं हो सकी। जबकि अपार्टमेंट में सुरक्षा गार्ड की भी तैनाती है, इसके बावजूद इतनी बड़ी चोरी हो जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। देर शाम चोरी की खबर फैलते ही पूरे शहर में इसकी चर्चा होने लगी। सूचना मिलने पर रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अपार्टमेंट में जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास के इलाकों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## सड़क हादसा में आठ घंटे जंगल में बेहोश रहा युवक, मौत को मात देकर लौटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर रविवार रात कड़कड़ाती ठंड में एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। पटमदा के धूसरा में जाहिर स्थान के समीप कार और बाइक की जोरदार टक्कर के बाद जहां वाहन के कल-पुर्जे टूकडे टूकडे गए, वहीं बाइक सवार युवक रातभर लापता रहा। करीब आठ घंटे बाद सोमवार सुबह घायल अवस्था में उसके मिलने पर पूरी घटना की परतें खुलीं। रविवार रात करीब आठ बजे हुई इस दुर्घटना में बाइक और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला चक्का तक अलग होकर सड़क पर जा गिरा। हादसे के बाद कार सवार लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन बाइक चालक मौके से गायब हो गया। सूचना मिलते ही पटमदा पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार व बाइक को जब्त कर छानबीन शुरू की। पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत के नेतृत्व में स्थानीय झामुमो नेता हरिहर सिंह, बामनी निवासी धर्म किस्कू और ग्रामीणों ने देर रात तक घायल बाइक चालक की तलाश की। मुख्य सड़क से लेकर आसपास के जंगल और झाड़ियों में टॉर्च की रोशनी में तलाशी अभियान चला, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। इससे पुलिस के साथ-साथ स्थानीय लोग भी चिंतित रहे। सोमवार सुबह करीब आठ बजे अचानक घायल अवस्था में एक युवक मुख्य सड़क पर दिखाई दिया। वह बारूडीह निवासी 19 वर्षीय रोहन सिंह था, जो चंदन सिंह की बाइक पर सवार होकर ठनठनी घाटी स्थित मां काली होटल पहुंचा। होटल में मौजूद लोगों को देखकर उसने पूरी आपबीती सुनाई और कहा कि किस्मत ने उसे नया जीवन दिया है।

## चौकनी गांव में विदेशी मेहमान, जनजातीय व्यंजन और संस्कृति बनी आकर्षण का केंद्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा** : सेन्हा थाना क्षेत्र के चौकनी गांव में आज 19 जनवरी 2026 को चार फ्रांसीसी पर्यटकों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत एवं आतिथ्य किया गया। गांव निवासी प्रकाश भगत के आवास पर कुंवारी भगत, सुन्दरमुनी भगत, लालदेव उरांव, रामचंद्र भगत, छोटे लाल उरांव सहित अन्य ग्रामीणों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने भ्रमण के दौरान पर्यटकों ने अखड़ा का दौरा किया और उरांव जनजाति की जीवनशैली व सांस्कृतिक परंपराओं को नजदीक से जाना। गांव का प्रमुख आकर्षण 100 वर्ष से अधिक पुराना तीन मंजिला मिट्टी का घर रहा, जिसे देखकर पर्यटक विशेष रूप से प्रभावित हुए। इस अवसर पर अतिथियों को पारंपरिक जनजातीय व्यंजनों–छिलका रोटी, मडुआ रोटी, बड़ी सब्जी, मुचरी साग तथा आग पर पकाए गए शकरकंद–का स्वाद भी चखाया गया। यह यात्रा टीम धुमकुड़िया द्वारा झारखंड डीएमसी (दिल्ली एनसीआर) एवं गो ट्रैवल्स (रांची) के सहयोग से आयोजित की गई। यह पहल झारखंड के जनजातीय बहुल जिलों में ट्राइबल टूरिज्म सर्किट के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## बीएफसीएल के सहयोग से वंचितों के लिए वरदान बनी 'दादी जी की रसोई'

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित सामाजिक सेवा पहल दादी जी की रसोई समाज के वंचित वर्गों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस पहल के अंतर्गत प्रतिदिन लगभग तीन सौ से चार सौ जरूरतमंद व्यक्तियों को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सेवा कार्य समाज के उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और अपने परिवार का पेट भरने में असमर्थ हैं। इस सेवा कार्य में बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल), रामगढ़ ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए प्रत्येक माह की एक, तीन, उन्नीस एवं पच्चीस तारीख को संपूर्ण भंडारे की जिम्मेदारी ली है। कंपनी के इस सहयोग से जरूरतमंदों को निरंतर और सुचारु रूप से भोजन उपलब्ध हो पा रहा है। बीएफसीएल का यह योगदान उनकी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीसीएसआर) के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके माध्यम से कंपनी समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। दादी जी की रसोई का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को सम्मानपूर्वक भोजन उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने परिवार का पेट भर सकें और अपने जीवन को सम्मानपूर्वक जी सकें। इस पहल के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आकर सेवा कार्य में योगदान दे रहे हैं। मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के सदस्य और बीएफसीएल के अधिकारी नियमित रूप से इस सेवा कार्य में भाग लेते हैं और जरूरतमंदों को भोजन वितरित करते हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने बीएफसीएल का आभार व्यक्त किया और कहा कि कंपनी का यह योगदान समाज के वंचित वर्गों के लिए बहुत बड़ा उपहार है। बीएफसीएल के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है और आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य में योगदान देती रहेगी।

### सरना उच्च विद्यालय का 26वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

# शिक्षा से ही समाज का विकास : रोशन लाल चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : सरना उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को विद्यालय का 26वां स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के माननीय विधायक रोशन लाल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति का एकमात्र आधार है। उन्होंने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस संस्थान ने क्षेत्र के युवाओं को शिक्षित कर देश सेवा के योग्य बनाया है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अनुशासन और कड़ी मेहनत करने की सीख दी और विद्यालय के विकास हेतु हर संभव सरकारी सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें स्थानीय लोक नृत्य और देशभक्ति गीतों ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पढ़ी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पाल पंचायत के मुखिया पानो देवी कटिया, पंचायत मुखिया किशोर महतो, पंचायत समिति सदस्य बीना देवी, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश सिंह, जिला महासचिव अजय रवि, समाजसेवी धनेश्वर, रामेश्वर महतो, राजू कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गोपाल महतो, सचिव जगदेव कुमार, प्रधानाध्यापक राम अवतार महतो, अजीत कुमार सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने विद्यालय के विकास और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में उपस्थित लोगों ने विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि विद्यालय इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा और क्षेत्र के युवाओं को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद ने किया प्रेस मिलन, जनसेवा और विकास को बताया प्राथमिकता



**रामगढ़** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने जनप्रतिनिधि कार्यकाल की परंपरा का निर्वहन करते हुए रामगढ़ में प्रेस मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यों का ब्यौरा पेश किया और कहा कि जनसेवा और विकास उनकी प्राथमिकता है। मनीष जायसवाल ने बताया कि उन्होंने संसद में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। इनमें सड़क, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और ह्यूमन वेलेयर जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने 118 जनहित के प्रश्न उठाए हैं, जिनमें से कई का समाधान हुआ है। सांसद ने बताया कि हजारीबाग में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई आयोजन किए गए हैं, जिनमें नमो फुटबॉल टूर्नामेंट, सांसद शतरंज प्रतियोगिता, सांसद कबड्डी प्रतियोगिता और सांसद आर्चरी प्रतियोगिता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि हजारीबाग के युवा खेलों में आगे बढ़ें और देश का नाम रोशन करें। मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने एनएच-522 और जीटी रोड सिक्स लेन का कार्य तेजी से चलने की बात कही। साथ ही कोडरमाझहजारीबाग-बरकाकाना रेलवे दोहरीकरण के लिए 3,063 करोड़ रुपये की कैबिनेट स्वीकृति मिलने की जानकारी दी। सांसद ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए कोल इंडिया, ऊर्जा, खनन सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों और मंत्रियों से संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि हजारीबाग के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। इस अवसर पर रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह बावला, निवर्तमान अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी, स्नेहलता चौधरी, जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह, किरण देवी, नगर अध्यक्ष सुशांत पांडेय, प्रो. संजय सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटुष, मांडू विधानसभा क्षेत्र की सांसद मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी, राजीव पामदत्त, ऋषिकेश सिंह, विवेक गुप्ता, भीम सेन टूटी, प्रवीण कुमार सोनू, भाजपा महिला मोर्चा रामगढ़ की जिला अध्यक्ष शीतल सिंह, मनोज गिरी, मिथलेश कुमार मंडला सत्यजीत सिंह, रॉबिन गुप्ता, ब्रजेश पाठक, संतोष शाह, विवेक गुप्ता, शशिकांत पांडेय, सोनू शौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राधा गोविन्द विवि में ऑगस्ट कॉम्टे की जयंती पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन




**रामगढ़** : राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा समाजशास्त्र के जनक ऑगस्ट कॉम्टे की 228वीं जयंती के अवसर पर एक विचारगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाजशास्त्र की उत्पत्ति, विकास एवं सामाजिक अध्ययन में कॉम्टे के योगदान से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत ऑगस्ट कॉम्टे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने अपने संबोधन में कहा कि ऑगस्ट कॉम्टे ने समाज के वैज्ञानिक अध्ययन की नींव रखी और समाजशास्त्र को एक स्वतंत्र विषय के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कॉम्टे के प्रत्यक्षवाद और तीन अवस्थाओं के सिद्धांत को आधुनिक समाज के अध्ययन में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने सामाजिक स्थिरता, सामाजिक परिवर्तन तथा समकालीन सामाजिक समस्याओं के समाधान में समाजशास्त्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाजशास्त्र हमें समाज की संरचना, सामाजिक प्रक्रियाओं और सामाजिक परिवर्तनों को समझने में मदद करता है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो रश्मि ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाजशास्त्र सामाजिक जीवन, सामाजिक परिवर्तन और मानव व्यवहार के सामाजिक कारणों और परिणामों का अध्ययन है। समाजशास्त्री समूहों, संगठनों और समाजों की संरचना और इन संदर्भों में लोगों के परस्पर क्रिया-कलापों का अध्ययन करते हैं। समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गोविंद कुमार रोहित और डॉ. मीरा रानी ने भी अपने संबोधन में अगस्त कॉमटे के योगदान का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कॉम्टे के सिद्धांत आज भी समाजशास्त्र के अध्ययन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक कुमार, विभाग के अन्य व्याख्यातागण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### होटल-रेस्टोरेंट संचालकों के लिए खाद्य सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**रामगढ़** : खाद्य सुरक्षा विभाग और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर टेक्निकल टीचर के संयुक्त तत्वावधान में रामगढ़ जिले के होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों के लिए एडवांस कैटरिंग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण रामगढ़ स्थित डी.एस. कॉम्प्लेक्स के रेड चिल्ली रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से होटल एवं रेस्टोरेंट संचालक तथा खाद्य व्यवसाय से जुड़े अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अदिति सिंह ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खाद्य सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं मानकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी खाद्य व्यवसायियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके। अदिति सिंह ने खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, स्वच्छता, किचन हाइजीन, खाद्य सामग्री के सही तापमान पर रख-रखाव, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा क्रॉस कंटैमिनेशन से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता और प्रशिक्षण से ही हम अपने ग्राहकों को सुरक्षित भोजन प्रदान कर सकते हैं और अपने व्यवसाय को भी आगे बढ़ा सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैन इंडिया कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, खाद्य सुरक्षा कार्यालय के लुकेश रवानी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य जिले के होटल एवं रेस्टोरेंट व्यवसाय को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना है, जिससे आमजनों को बेहतर सेवाएं मिल सकें और खाद्य सुरक्षा मानकों का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

## एक नजर

### इलाज के दौरान घायल बाइक सवार की मौत

**साहिबगंज :** बोरियो–बरहेट मुख्य पथ के तेलों पुल के पास दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत ईलाज के दौरान रविवार की देर शाम सदर अस्पताल में हो गयी। मृतक गोड्डा जिले के धमनी गांव का बताया जाता है। तेलो पुल के पास गंभीर अवस्था में बोरियो पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया था। डॉ. सुदामा साहा ने हायर सेंटर रेफर कर दिया था। जानकारी के अनुसार तेलो पुल के पास एक ग्लेमर बाइक पर सवार होकर धमनी (गोड्डा) निवासी दुलाल पंडित (35) अपने ससुराल तेलो (बोरियो) आया था। बाइक से बोरियो से तेलो लौट रहा था। एएसआई बिराम मार्डी ने बताया कि दुलाल के आँख में किसी वाहन का लाईट पड़ने के कारण बाइक सहित सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। सदर अस्पताल में ईलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे पत्नी एवं चार बच्चे छोड़ गया है। तीन लड़का, एक लड़की छोड़ गया है। पत्नी सोनिया देवी का रो–रोकर बुरा हाल है।

### जहरीले पदार्थ खा लेने से एक महिला की मौत

**साहिबगंज:** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के हरचंदपुर गांव में सोमवार को एक विवाहिता महिला ने पारिवारिक विवाद में जहरीले पदार्थ खा लेने से इलाज के दौरान मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हरचंदपुर निवासी फेकन मंडल की पत्नी सोमीता देवी (32) सोमवार की सुबह घरेलू विवाद में कहा सुनी में आवेश में आकर गलती से जहरीली पदार्थ खाकर मूर्छित हो गई। जिसे परिजनों की मदद से इलाज अनुमंडल अस्पताल लगाया गया। चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। मूर्छित महिला को एंबुलेंस के माध्यम से पश्चिम बंगाल के मालदा ले जाने के क्रम में फेरी घाट, राजमहल में ही दमतोड़ दिया।

### बरहरवा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी, सी सी टीवी में कैद हुई वारदात



**साहिबगंज:** बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना ने एक बार फिर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बरहरवा–राजमहल मुख्य सड़क पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार 18 जनवरी 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने मौके से सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पूरी घटना पेट्रोल पंप के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह शातिर चोर बड़ी ही आसानी से मोटरसाइकिल को चोरी कर मौके से फरार हो जाते हैं। चोरी की यह घटना अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिससे आम लोगों में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।मोटरसाइकिल के मालिक जीतेन्द्र पाण्ड्य ने इस संबंध में बरहरवा थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल को पेट्रोल पंप के पास खड़ा किया गया था, इसी दौरान चोरों ने सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से शीघ्र कार्रवाई और गश्त बढ़ाने की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है ।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार हजारीबाग



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम आगामी राजकीय माघी पूर्णिमा मेला की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा की गई। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लंबित मामलों में शीघ्र प्रतिशपथ पत्र दायर करने एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में कारा एवं न्यायालय सुरक्षा व्यवस्था तथा जिला सुरक्षा समिति से संबंधित बिंदुओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई।जिला टास्क फोर्स (खनन) की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। सभी प्रखंडों के अंचलाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत खनन मापी प्रतिवेदनों के आधार पर जहां अवैध अथवा निर्धारित क्षेत्र से बाहर खनन पाया गया, वहां संबंधित मामलों में खनन पदाधिकारी को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा में हिट एंड रन मामलों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ाने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त फॉरेस्ट क्लियरेंस से संबंधित मामलों तथा भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में निमार्णाधीन तालाब, चेक डैम एवं जिर्णोधार से जुड़े कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अमर जॉन आइन्द, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथलेश कुमार चौधरी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## रेक लोडिंग में बिराम से मजदूर मुखमरी के कगार पर, मजदूर परेशान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहरवा रेलवे हिल साइट में पत्थर रेक लोडिंग यार्ड रेक लोडिंग जिले भर में पूर्ण बिराम सा लग चुका है,पत्थर व्यवसायियों द्वारा रेक लेडिंग पर रोक स्थानीय मजदूरों के लिए जीवन पर बड़ा असर डालती नजर आ रही है,भारी संख्या में मजदूर इन्हीं रेक लोडिंग यार्ड में पत्थरों की लोडिंग कर अपना जीवन यापन कर रहे है और अचानक लोडिंग पर रोक लगने से मजदूर भूखमरी के कगार पर आने लगेंगे। मजदूरों का कहना है कि रोजाना लोडिंग कर मजदूरी के पैसे से अपना परिवार का पेट पालते है,वर्षों से पत्थर रेक लोडिंग के काम से सैकड़ो की संख्या में सुबह 4 बजे से ही लोडिंग के लिए पहुँचते है और दिन भर लोडिंग करके शाम को मजदूरी लेकर घर पहुँचते है कभी देर रात भी हो जाती है, रोज कमाने खाने वाले गरीब लोग काम बन्द हो जाने से परेशानी में पड़ चुके है। ऐसे में इन गरीब मजदूरों की जिम्मेवारियां कौन उठाएगा ये बड़ा सवाल है। हलांकि रेलवे से जिलेवासियों की सुविधाओं के लिए विभिन्न प्रकार की माँगे की गई है,जिन शर्तो को अगर रेलवे पूरा करेगी तो रेक लोडिंग फिर से सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। सूत्रों की माने तो रेलवे इस मामले पर गंभीरता से विचार करने को विवश हो चुकी है रोजाना रेलवे को करोड़ो का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। देखना ये है कि रेलवे पूर्ण रूप से कब अपने मापदंड तय करती है।

## पछवाड़ा नॉर्थ कोयला खदान में धूम धाम से मनाया गया वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव




**पाकुड़ :** ज़िले के अमडापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत आलूबेड़ा में स्थित पछवाड़ा नॉर्थ कोयला खदान में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 सोमवार को बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। खदान के ही कैंप में ऊक्ष्टर और इउउछ से आई निरीक्षण टीम का स्वागत स्थानीय संथाली नृत्य और सुरक्षा कर्मियों द्वारा मार्च पास्ट तथा गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में सुरक्षा झंडा का झंडोत्तोलन कर सुरक्षा शपथ ली गई तथा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान डी जी एम एस के 125 वर्ष पूरे होने पर जारी हुई थीम सॉन्ग को भी दिखाया गया। जिसके बाद रामाशीष चटर्जी ने स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का स्वागत किया। सुरक्षा को लेकर खदान के कर्मियों द्वारा एक बेहतरीन नाटक का मंचन किया गया जो हास्यादपक होने के साथ साथ सुरक्षा का बेहतरीन संदेश देने का काम किया जिसकी वहां उपस्थित सभी लोगों ने जम कर सराहना की, और खदान के ही एक कर्मी द्वारा सुरक्षा गीत पेश किया गया।इस दौरान खदान में कार्य कर रहे सभी विभाग में सुरक्षा के साथ कार्य करने वाले तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी कर्मियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। मंच का संचालन अभिलाष कुमार पियूष के द्वारा किया गया। खदान का निरीक्षण DGMS सेंट्रल जोन से आए डॉ के माधव राव तथा BCCL से आए जी एल धुर्वे, अजय कुमार विश्वकर्मा, सूरज प्रकाश वर्मा, प्रताप चंद्र साहू, आलोक कुमार आलोक, ओमप्रकाश की संयुक्त टीम ने किया, जिन्होंने इस खदान में अपनाई जा रही सुरक्षा मानकों तथा कार्यशैली की सराहना की। मौके पर डब्लू बी पी डी सी एल के खान प्रबंधक महेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर सी के घोष, पी वी शिवचंद्रा,चंद्रशेखर,मोहन रेड्डी तथा अन्य मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा को लेकर आम जनमानस के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित बुकलेट एवं पंपलेट का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के 19वें दिन साहिबगंज जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आम जनमानस के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित बुकलेट एवं पंपलेट का वितरण किया गया।इस दौरान राहवीर योजना तथा हिट एंड रन मुआवजा योजना से जुड़ी जानकारियाँ साझा की गईं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में सहायता प्रदान करने हेतु नागरिकों को प्रेरित करना एवं सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित इस जागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर नेक नागरिक की भूमिका निभाएँ और बहुमूल्य जीवन की रक्षा करें। इस अवसर पर उपस्थित एम.भी.आई. कुमार उत्कर्ष एवं अभिषेक मुंडा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। थोड़ी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य हेतु उपायुक्त राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 पर होंगे सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर उत्कृष्ट निर्वाचन प्रबंधन एवं मतदाता जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार को दिनांक 25 जनवरी 2026 को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल, झारखण्ड के कर-कमलों से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2025 में भी पाकुड़ जिले को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मान प्राप्त हुआ था और वर्ष 2026 में पुनः यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, ईआरओ, एईआरओ सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सतत मेहनत, प्रतिबद्धता और टीमवर्क को दिया। ड्ट प्रोजेक्ट समावेश पहल से मतदाता आधार में उल्लेखनीय वृद्धि जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पाकुड़ जिले में संचालित प्रोजेक्ट समावेश मतदाता जागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप चुनावी समावेशन, मतदाता सूची की सटीकता एवं नागरिक सहभागिता में मापने योग्य और प्रभावशाली सुधार दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि योग्य नागरिकों की प्रभावी पहचान, लक्षित जागरूकता अभियानों और सुगम नामांकन व्यवस्था का प्रतिफल है।

**युवाओं, दिव्यांगों और वंचित वर्गो की सहभागिता में ऐतिहासिक सुधार**

18-19 वर्ष आयु वर्ग के पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की संख्या 40,107 से बढ़कर 50,280 हो गई। विद्यालय एवं समुदाय आधारित अभियानों ने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने में निर्णायक भूमिका निभाई।

# डीजे पर नाचने को लेकर डिमना लेक में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, चाकूबाजी व बोतल से हमला, चार घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना डैम में रविवार देर शाम डीजे पर नाचने को लेकर दो गुटों के बीच विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई, जिसमें चाकू और बीयर की बोतल से हमला किया गया। घटना में दोनों पक्षों से चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि एक घायल को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार डिमना लेक पर कुछ युवक डीजे बजाकर नाच रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के युवक वहां पहुंचे और डांस करने लगे। नाचने के दौरान धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से चाकूबाजी और बोतल से हमला किया जाने लगा। घटना में एक पक्ष से मानगो निवासी विश्वजीत दास को चाकू और कांच की बोतल से पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं विश्वजीत राय को चाकू से हाथ में गहरी चोट लगी है, जबकि सूरज सिंह को चाकू से पेट में गंभीर चोट आई है। सूरज सिंह की हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए टाटा मेन अस्पताल ले जाया गया है। दूसरी ओर, जुगसलाई निवासी नदीम आलम को चाकू से कान के पीछे चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बोड़ाम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने एक पक्ष का डीजे जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से चोरी के सामानों के खरीद बिक्री का खुलासा, समान के साथ एक महिला गिरफ्तार



**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, साहेबगंज को गुप्त सूचना मिली की नगर थाना अन्तर्गत ग्राम हबीबपुर पाईप रोड में एक व्यक्ति के द्वारा ट्रेन में सामानों की चोरी कर सामानों की खरीद बिक्री किया करते हैं। पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के द्वारा उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु नगर थाना एवं आरपीएफ साहेबगंज की एक टीम गठित की गई। गठित छापामारी दल के द्वारा अखिलेश कुमार भगत, ग्राम हबीबपुर पाईप रोड स्थित घर में छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में उसकी पत्नी के द्वारा घर में छुपाकर रखा चोरी का मोबाईल फोन, एयर बड, पावर बैंक, घड़ी, चांदी के सामान एवं सर्जिकल आईटम बरामद किया गया है। इस संबंध में नगर थाना काण्ड संख्या 07/26, 19 जनवरी 26, धारा–317(4)/317(5)/112(2)/3(5) बी.एन.एस. अंकित किया गया है। पुलिस ने नगमां परवीन (26) पति अखिलेश कुमार भगत को विधिवत गिरफ्तार किया। पुलिस कागजी प्रक्रिया करने के उपरांत उक्त महिला को शारीरिक जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। मौके पर छापामारी दल में पुनि अमित गुप्ता, थाना प्रभारी नगर, पुअनि प्रकाश रंजन, पुअनि मो. आफताब अंसारी, पुअनि हिमांशु कुमार हेमंत, आरपीएफ साहेबगंज, सअनि सिदाम रविदास, हवलदार उमर इकबाल, अरविन्द कु० यादव, मआ/363 जयमनी देवी, मआ/ दुर्गा यादव, आरपीएफ, साहेबगंज शामिल थे।

### सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में पोखरिया पैंथर्स ने 4 विकेट से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो–कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत सोमवार को यंग स्टार क्रिकेट क्लब बनाम पोखरिया पैंथर्स के बीच मैच खेला गया। यंग स्टार क्रिकेट क्लब टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवर में 111 रन बना कर ऑल आउट हो गई। हन्नान शेख ने 25, ईदुल शेख ने 28 व शुभोजीत घोष ने 20 रन की पारी खेली। पोखरिया पैंथर्स के गेंदबाज अभिषेक ने 4 व शुभम कुमार ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पोखरिया पैंथर्स की टीम ने 11.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 115 रन बना कर 4 विकेट से मैच जीत लिया। शिवम आंनद ने 39 व अभिषेक ने 21 रन की पारी खेली। यंग स्टार क्रिकेट के गेंदबाज मुशर्रफ ने 02 विकेट लिए। पोखरिया पैंथर्स के खिलाड़ी अभिषेक को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि सतीश सिन्हा ने अभिषेक को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। वहीं सभी मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को पेन देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व हयातुल्लाह ने किया। जबकि स्कोरिंग अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### साहिबगंज में भीषण सड़क हादसा, स्कार्पियो पलटने से एक की जान गई, आठ घायल



**साहिबगंज/बोरियो:** बोआरीजोर के सिमड़ा से शव के अंतिम संस्कार के लिए राजमहल जा रही स्कार्पियो सोमवार की शाम बोरियो–बोआरीजोर मुख्य पथ पर शामपुर के पास टायर फटने के कारण गड्ढे में पलट गई। उसपर सवार मेहरमा के घोरीचक निवासी 20 वर्षीय शक्ति महतो की मौत हो गई। वह गाड़ी का मालिक बताया जा रहा है।स्कार्पियो पर सवार बड़ा सिमड़ा निवासी संदीप मिर्धा, राधे मिर्धा, कृष्णा मिर्धा, सुखदेव मिर्धा, प्रदीप मिर्धा, शिवम कुमार साह, बमबम कुमार, महेश उरांव घायल हो गए। इनमें महेश उरांव, बमबम कुमार व शिवम कुमार साह को हल्की चोट लगी है जबकि शेष की स्थिति गंभीर है।बोरियो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रोहित कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और सभी को सीएचसी में भर्ती कराया।बोरियो बेल टोला निवासी सहबान अंसारी ने बताया कि वह फेरी के लिए बोआरीजोर की ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार स्कार्पियो को बोआरीजोर की ओर से आते देखा। गाड़ी की रफ्तार अधिक थी। उसका टायर फट गया जिससे वह असंतुलित हो गई और सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। पत्नी के साथ बोआरीजोर की ओर जा रहे बोरियो बाजार निवासी सुनील साह घटना को देखकर डर गए।

### बमार्माइंस थाना क्षेत्र में बढ़ते नशा कारोबार व बिगड़ती विधि-व्यवस्था के खिलाफ भाजपा का सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी, बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष रितेश झा के नेतृत्व में बमार्माइंस थाना में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से थाना क्षेत्र में चल रहे विभिन्न प्रकार के नशा कारोबार एवं बिगड़ती विधि–व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने थाना प्रभारी दिलीप यादव को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय–सीमा के भीतर नशा कारोबार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाकर विधि–व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो भारतीय जनता पार्टी द्वारा 15 दिन बाद वृहद आंदोलन किया जाएगा। पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू तिवारी ने कहा कि बमार्माइंस थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएँ बढ़ती जा रही है अगर थाना प्रभारी ने इस पर अंकुश नहीं लगाया तो हम इससे उग्र आंदोलन करेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी, सतवीर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक झा, सूरज सिंह, रविजेंट, सौरभ श्रीवास्तव, राकेश चौधरी, पूर्व महामंत्री राकेश सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कार्यकताओं ने एक स्वर में नशा मुक्त बमार्माइंस की मांग करते हुए प्रशासन से शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की अपील की। थाना प्रभारी ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# हादसा: मुजफ्फरपुर में अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को रौंदा:सड़क किनारे बेहोश हुए शख्स

संवादाता

मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह मधुबनी फोरलेन पर एक सड़क हादसा हो गया। साइकिल सवार एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल मजदूर की पहचान चौसिमा गांव निवासी जोगिंदर पासवान के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीण नवीन कुमार ने बताया कि जोगिंदर अपनी साइकिल से काम की तलाश में शहर जा रहे थे। इसी दौरान मधुबनी फोरलेन पर एक्सीडेंट हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि जोगिंदर सड़क किनारे काफी दूर जा गिरे और



बेहोश हो गए। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों और राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने तुरंत एम्बुलेंस और स्थानीय पुलिस को सूचित की। पुलिस के पहुंचने से पहले ही, लोगों ने आपसी सहयोग से घायल जोगिंदर को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

चिकित्सकों के अनुसार, मजदूर की स्थिति फिलहाल नाजुक बनी हुई है और इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलने पर जोगिंदर के परिजन भी ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचे हैं। परिवार के सामने अब इलाज के खर्च और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

**अज्ञात वाहन से टक्कर के बाद सड़क किनारे गिरकर बेहोश हुए साइकिल सवार।**

सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार की ओर से लिखित शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने फोरलेन पर बढ़ रहे हादसों को देखते हुए प्रशासन से गश्ती और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## मुजफ्फरपुर में मां सहित 3 बच्चों की मौत का मामला :महिला का प्रेमी अरेस्ट

परिवार के चार लोगों की लाश मिली थी। 12 जनवरी को ममता देवी और उनके तीन बच्चे लापता हुए थे। इनके शव 15 जनवरी को बूढ़ी गंडक नदी से बरामद किए गए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच तेज कर दी है। इस मामले में मृतका के प्रेमी अमोद को अपहरण के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं, मृतका के पति कृष्ण मोहन को भी पूछताछ के लिए पुलिस ने नोटिस जारी किया है। पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब ऑटो चालक कृष्ण मोहन ने 12 जनवरी को अपनी पत्नी और तीन बच्चों के लापता होने की प्राथमिकी अहियापुर थाने में दर्ज कराई



थी। तीन दिन बाद चंदवारा पुल के पास नदी से चारों के शव मिलने के बाद मामला और गंभीर हो गया। पुलिस जांच में पता चला है कि मृतका ममता का मीनापुर थाना क्षेत्र के मधुबनी निवासी अमोद नाम के युवक के साथ पिछले एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अपहरण के आवेदन में दिए गए मोबाइल नंबरों की जांच से ममता और अमोद के बीच लगातार घंटों बातचीत होने का खुलासा हुआ है। पुलिस को दोनों की साथ में तस्वीरें भी मिली हैं, जो उनके संबंधों की पुष्टि करती हैं। पूछताछ के दौरान प्रेमी अमोद ने स्वीकार किया है कि ममता के लापता होने के अगले दिन उसने ममता की चचेरी भौजाई से करीब डेढ़ घंटे तक वीडियो कॉल पर बात की थी।

## औरंगाबाद में सड़क हादसों में 4 जख्मी:बहन के घर से लौटते समय बाइक ने मारी ठोकर



संवादाता

औरंगाबाद औरंगाबाद में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई चार सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज किया गया। एक घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिसे बेहतर इलाज के लिए हायर हेल्थ सेंटर रेफर किया गया है। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमपुर गांव के पास घटी। नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी कपिल देव यादव के बेटे पप्पू कुमार अपनी बहन के घर इब्राहिमपुर गए हुए थे। लौटने के दौरान सड़क पर एक बेकाबू बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। दूसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की यारी रोड में हुई। ओरा गांव निवासी बैजनाथ चौधरी के बेटे पंकज चौधरी खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान एक बेकाबू बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों की ओर से घायल पंकज को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज चल रहा है। तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पोईवा स्थित एक गुटखा फैक्ट्री के पास हुई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिला अंतर्गत मोहम्मदपुर ठेठिया गांव निवासी जवाहरलाल के बेटे रामजी फैक्ट्री में मजदूरी का काम करते हैं।

## बिहार से भाजपा को मिला पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष

संवादाता

पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से पांच बार के विधायक नितिन नवीन आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगे। पार्टी की ओर से एकमात्र नामांकन दाखिल किया जाएगा, जिससे उनका अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। नितिन नवीन के नामांकन के साथ ही वे बिहार से भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे।



इसके साथ ही वे पार्टी के इतिहास में सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड भी अपने नाम करेंगे। पार्टी की स्थापना के बाद यह 11वां अध्यक्ष होगा। नामांकन की प्रक्रिया भाजपा के दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय (हेड क्वार्टर) में पूरी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, नामांकन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी को लेकर भी चर्चा है।

### राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर

## NEET छात्रा की मौत मामला, रिटायर्ड जज की निगरानी में जांच की मांग

संवादाता

मुजफ्फरपुर/ पटना में NEET छात्रा से रेप और मौत मामले में राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग याचिका दायर की गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आए रेप और गहरी चोट को लेकर मुजफ्फरपुर के मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस.के. झा ने याचिका दायर की है।

उच्चस्तरीय जांच की मांग

रिटायर्ड जज की निगरानी में मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की




मांग की गई है। मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट और पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भी पत्र लिखा गया है। छात्रा की मौत के बाद प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला बताया था। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मामला गंभीर आपराधिक कृत्यों से जुड़ा हो सकता है। अधिवक्ता एस.के. झा ने कहा कि शरीर पर चोटों के निशान और अन्य परिस्थितियां यह सवाल खड़े करती है कि शुरुआत में इस आपराधिक घटना को दबाने का प्रयास किया गया और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। इस प्रकार के जघन्य मामले में जांच में कहीं भी लापरवाही या सच्चाई को छिपाने का प्रयास जिस स्तर से भी हुआ है, वह एक दंडनीय अपराध है। सभ्य समाज में बेटियों की सुरक्षा सरकार की उच्च प्राथमिकता है।

## किशनगंज में 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान : हफ्ते में दो दिन सीधे अफसरों से होगी जनसमस्याओं की सुनवाई

किशनगंज (बिहार) किशनगंज में जनता की समस्याओं के समाधान और प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान सोमवार से शुरू होगा। इस अभियान का लक्ष्य लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना है। रविवार को समाहरणालय सभागार में डीएम विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने संयुक्त प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी।



डीएम विशाल राज ने बताया कि यह अभियान सप्ताह के प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। इसके तहत थाना, अंचल, मुख्यालय से लेकर पंचायत स्तर तक सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे। आम लोग अपनी समस्याएं लेकर सीधे इन अधिकारियों से मिल सकेंगे। कार्यालय अवधि के दौरान जनता की शिकायतें गंभीरता से सुनी जाएंगी और उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। डीएम ने बताया कि शिकायतों का समाधान एक सप्ताह, 15 दिन या अधिकतम 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। सभी विभागीय अधिकारियों को तय समय सीमा में शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा कि अक्सर छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी लोगों को कार्यालयों के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। नई व्यवस्था के तहत अब सोमवार और शुक्रवार को जन समस्याओं की सुनवाई होगी और उनका तत्काल निदान किया जाएगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। प्रेसवार्ता में अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी कुंदन कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## औरंगाबाद में पेयजल योजना का डीएम ने किया निरीक्षण, डेहरी-सासाराम को मिलेगा शुद्ध पेयजल



औरंगाबाद/औरंगाबाद शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोन नदी आधारित महत्वाकांक्षी पेयजल योजना चल रही है। इसका जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बारुण प्रखंड अंतर्गत स्थल निरीक्षण किया। योजना राज्य सरकार के जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत टर्नकी आधार पर क्रियान्वित की जा रही है, जिसके माध्यम से सोन नदी के सतही जल का शोधन कर शहर को दीर्घकालिक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने परियोजना से जुड़े सभी तकनीकी और निर्माण काम की विस्तार से समीक्षा की। कार्यकारी एजेंसी के पदाधिकारियों ने इंटेक वेल, पंप हाउस, जल शोधन संयंत्र, ट्रांसमिशन पाइपलाइन, ओवरहेड टैंक व वितरण प्रणाली सहित अन्य संरचनाओं की प्रगति से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना के सभी काम निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण काम में गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। औरंगाबाद के अलावा रोहतास के डिग्री और सासाराम को भी मिलेगा शुद्ध पेयजल। परियोजना शहर के सतत विकास, जनस्वास्थ्य और भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। डीएम अभिलाषा शर्मा ने संबंधित विभागीय एजेंसी के अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, काम प्रगति की समय-समय पर समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# किशनगंज के अमर कुमार झा को मिला सम्मान:70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 से किया गया सम्मानित

संवादाता

किशनगंज (बिहार)भारतीय रेलवे ने किशनगंज निवासी अमर कुमार झा को 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उन रेल कर्मचारियों को दिया जाता है जो ईमानदारी, कड़ी मेहनत और असाधारण समर्पण के साथ सेवा करते हैं। अमर कुमार झा सेवानिवृत्त शिक्षक पंडित जगरनाथ झा के बड़े पुत्र



हैं। उन्होंने अपने पिता के नैतिक मूल्यों और समर्पण को रेलवे सेवा में भी अपनाया। बिहार के किशनगंज जिले से आने वाले इस अधिकारी ने अपनी लगन और निष्ठा से रेलवे में अपनी पहचान बनाई है। वर्तमान में, अमर कुमार झा उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। परिचालन विभाग रेलवे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो ट्रेनों के सुचारु संचालन, समयबद्धता, सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। अपने कार्यकाल के दौरान, अमर कुमार झा ने 96% स्ट्राइक रेट के साथ परिचालन दक्षता में महत्वपूर्ण सुधार किया। उन्होंने सुरक्षा मानकों को मजबूत किया और आपातकालीन स्थितियों में उत्कृष्ट प्रबंधन का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ रेलवे संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया।

# किशनगंज में वाणिज्य कर विभाग की बड़ी कार्रवाई:पटना की विशेष टीम ने 23 ट्रक जब्त किए, सघन अभियान जारी

किशनगंज (बिहार)

किशनगंज में कर चोरी और अवैध प्रवेश पर अंकुश लगाने के लिए वाणिज्य कर विभाग, बिहार के अन्वेषण ब्यूरो की पटना स्थित विशेष टीम ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत अब तक 23 ट्रक जब्त किए गए हैं। टीम ने शहर के बस स्टैंड, NH 27 और अन्य व्यस्त सड़कों पर वाहनों की गहन जांच शुरू की है। विशेष रूप से बिहार में प्रवेश करने या बाहर जाने वाले वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। जांच के दौरान जीएसटी बिल, ई-वे बिल, वे-बिल और अन्य संबंधित दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है।

अवैध माल ढुलाई, फर्जी बिलों के इस्तेमाल और कर चोरी की कई शिकायतों के बाद यह अभियान तेज किया गया है। जब्त किए गए ट्रकों में



मुख्य रूप से कोयला लदे वाहन शामिल हैं।

इसके अलावा, 4 से 5 मिक्स गुड्स और पान मसाला से लदी 3 गाड़ियां भी पकड़ी गई हैं। सभी जब्त वाहन वर्तमान में टाउन थाना परिसर में खड़े हैं, जहां आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है।

किशनगंज एक सीमावर्ती जिला होने के कारण यहां से नेपाल और पश्चिम बंगाल की ओर माल की आवाजाही काफी होती है। अररिया, किशनगंज और दालकोला जैसे क्षेत्रों में भी जांच चल रही है, जहां अवैध प्रवेश और कर चोरी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। विभाग का मानना है

कि इस अभियान से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और ईमानदार व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा। स्थानीय लोगों और ट्रांसपोर्टरों में इस अभियान को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं हैं। कुछ इसे सराहनीय बता रहे हैं, जबकि कुछ व्यापारी इसे व्यापार में बाधा मान रहे हैं। विभाग की टीम दिन-रात सक्रिय है और जांच जल्द ही और तेज होने की संभावना है। हालांकि, वाणिज्य कर विभाग की ओर से अभी तक इस अभियान की कोई आधिकारिक पुष्टि या विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है। विभाग के अधिकारी मौके पर ही वाहन चालकों और मालिकों से पूछताछ कर रहे हैं।

## किशनगंज में दारोगा परीक्षा, 2834 अभ्यर्थी हुए उपस्थित:तीन केंद्रों पर 1150 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, शांतिपूर्ण संपन्न

संवादाता

किशनगंज जिला मुख्यालय के तीन केंद्रों पर रविवार को बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) पद की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई थी। दोनों पालियों में कुल 2834 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 1150 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

डीएम विशाल राज, एसडीएम अनिकेत कुमार, एसडीपीओ गौतम कुमार, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार, इंस्पेक्टर राजा और सदर थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन सहित कई प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। एसडीएम अनिकेत कुमार ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले ही निर्धारित केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। प्रवेश द्वार पर गहन जांच के बाद ही उन्हें केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई।



परीक्षा कक्ष में वीक्षकों को भी परीक्षा शुरू होने से पहले और समाप्ति तक मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं थी।

महिला परीक्षार्थियों की तलाशी के लिए महिला पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा में मोबाइल, पेन, पेपर, पेंसिल, इरेज़र जैसे सामान ले जाना वर्जित था।

इस परीक्षा में आसपास के जिलों के अलावा नवादा, नालंदा, मुंगेर, आरा, बक्सर, छपरा, सिवान, भागलपुर, बांका, पटना जैसे दूर-दराज के जिलों से भी अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद अपने गंतव्य स्थानों पर लौटने के लिए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ देखी गई। शहर के अधिकांश आवासीय होटल शनिवार से ही बुक थे।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सहित 4 नई अमृत भारत ट्रेनें:पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी, किशनगंज में हुआ लाइव प्रसारण

संवादाता

किशनगंज (बिहार) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन स्टेशन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह ट्रेन हावड़ा-गुवाहाटी (कामाख्या) रूट पर चलेगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा तेज और आरामदायक होगी। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने वर्चुअली चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का भी शुभारंभ किया। ये नॉन-एसी ट्रेनें आम यात्रियों, छात्रों, प्रवासी मजदूरों और व्यापारियों के लिए किफायती और विश्वसनीय यात्रा सुनिश्चित करेंगी।

इन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के रूट न्यू जलपाईगुड़ी-नागरकोइल, न्यू जलपाईगुड़ी-तिरुचिरापल्ली, अलीपुरद्वार-एसएमवीटी बेंगलुरु और अलीपुरद्वार-मुंबई (पनवेल) हैं। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और विधायक सहित रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी, पुलिस




अधीक्षक और विधायक सहित रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे। इन चारों अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किशनगंज रेलवे स्टेशन पर होगा। इससे किशनगंज और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी। किशनगंज रेलवे स्टेशन पर इस उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर किशनगंज सदर विधायक कमरुल हुदा, जिलाधिकारी विशाल राज, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रुकैया बेगम सहित कई जनप्रतिनिधि और रेलवे अधिकारी उपस्थित थे।

***विधायक बोले- वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ठहराव होना चाहिए***

कार्यक्रम के दौरान विधायक कमरुल हुदा ने केंद्र सरकार पर किशनगंज की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामले में किशनगंज स्टेशन सबसे अधिक कमाई करने वाला है, फिर भी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ठहराव यहां नहीं दिया गया। उन्होंने इस मुद्दे पर वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने की बात कही।

***हावड़ा से कामाख्या तक की दूरी 14 घंटे में करेगी तय***

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन हावड़ा से कामाख्या तक की दूरी लगभग 14 घंटे में तय करेगी, जो मौजूदा समय से करीब 2.5 घंटे कम है। यह पूरी तरह वातानुकूलित है और इसमें कवच एंटी-कोलिजन सिस्टम, रीजेनरेटिव ब्रेकिंग तथा आरामदायक बर्थ जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें सामान्य और स्लीपर क्लास में सस्ती यात्रा का विकल्प प्रदान करेंगी, जिससे लाखों यात्रियों को लाभ मिलेगा।

ये पहल भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और जनसुलभता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। किशनगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंची अमृत भारत न्यू जलपाईगुड़ी नागरकोल, स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना किया।इससे पहले उक्त ट्रेन के किशनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचने पर डीएम व एसपी ने ट्रेन की व्यवस्था का जायजा लिया। ये ट्रेन उत्तर-पूर्व, बिहार, दक्षिण भारत और पश्चिम को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी।वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन का किशनगंज में स्टॉपेज नहीं है।



# खाने की आदत बदलें, वरना पछताएंगे

## जंक फूड की लत दे रही मोटापे और हार्मोनल असंतुलन को दावत

आज के समय में हमारी दिनचर्या में सुविधाजनक और स्वादिष्ट दिखने वाला जंक फूड तेजी से जगह बना चुका है। खासकर दिल्ली जैसे बड़े शहरों में जंक फूड की खपत काफी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में अब यह एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले चुकी है। नमकीन, नूडल्स, चिप्स, चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक और ब्रेकफास्ट सीरियल जैसी पैकेट बंद चीजें न सिर्फ बच्चों बल्कि युवाओं की पहली पसंद बन गई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनके पीछे छिपे खतरे बेहद गहरे होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको जंक फूड के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे हैं।

### कई गुना बढ़ी बिक्री

करीब पिछले 15 सालों में भारत में पैक्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स की बिक्री काफी ज्यादा बढ़ गई है। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक इस साल इन उत्पादों का मार्केट 50 बिलियन डॉलर के करीब पहुंच सकता है। यह तेज बढ़ोतरी एक्सपर्ट्स के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। क्योंकि इसका सीधा संबंध बढ़ते मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों से है।

### मोटापा और हार्मोनल असंतुलन

वहीं जंक फूड में पोषण का संतुलन गायब होता है। जंक फूड में फाइबर, विटामिन या प्राकृतिक तत्वों की जगह नमक, चीनी, तेल और आर्टिफिशियल रंग होते हैं। यही कारण है कि इनको खाने के बाद पेट भर जाता है, लेकिन हमारे शरीर को जरूरी ऊर्जा नहीं मिल पाती है। वहीं हमें ऐसी चीजें बार-बार खाने की आदत डाल देती हैं। यह आदत धीरे-धीरे हार्मोनल असंतुलन, मोटापा और सेहत से जुड़ी अन्य समस्याओं को जन्म देती है।

### दोगुना बढ़ा मोटापा

बता दें कि देश में मोटापे की स्थिति चिंताजनक है। आंकड़ों के मुताबिक पुरुषों में मोटापे 12% से बढ़कर 23% तक पहुंच गया है। वहीं महिलाओं में यह 15% से बढ़कर 24% पहुंच चुका है। यानी की कुछ ही सालों में दोनों ही श्रेणियों में मोटापा करीब दोगुना बढ़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह बढ़ोत्तरी उतनी ही खतरनाक है, जितना कि प्रदूषण से फेफड़ों पर पड़ने वाली मार खतरनाक है।

### अब नहीं संभले तो कब संभले

इन सभी बातों से साफ है कि जंक फूड का बढ़ता मार्केट सिर्फ स्वाद का मामला नहीं बल्कि एक व्यापक स्वास्थ्य चुनौती बन गया है। जरूर है कि लोग जागरुक हों, घर में स्वास्थ्यवर्धक ऑप्शन को प्राथमिकता दें और बच्चों में सही खानपान की आदतों को विकसित करना चाहिए। अगर अभी यह कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले सालों में मोटापा और इससे जुड़ी बीमारियां ज्यादा तेजी से बढ़ सकती हैं।





# बच्चों की टॉफी जिद का हेल्दी तोड़: घर पर बनाएं

## चुकंदर-आंवला कैंडी, सेहत संग स्वाद का संगम

अगर आपके बच्चे भी दिनभर चॉकलेट-टॉफी, कैंडी खाने की जिद करते हैं, चाहे कितना भी मना कर लें लेकिन फिर भी पैरेंट्स को देना ही पड़ता है। अब आप कैंडी का हेल्दी वर्जन घर में ही तैयार कर सकते हैं। इसका खट्टा-मीठा स्वाद सबको पसंद आएगा। बस एक बार घर पर ये आंवला और चुकंदर से बनी कैंडी बनाकर रख दें। बच्चे बार-बार मांगकर खाएंगे ये कैंडी। इससे ना केवल बच्चे मार्केट की अनहेल्दी शुगर वाली कैंडी खाने से बचेंगे बल्कि आंवला और चुकंदर के फायदे भी उन्हें मिल जाएंगे। आइए आपको बतातें इसे कैसे बनाएं।

आंवला-चुकंदर कैंडी बनाने की सामग्री

- आधा किलो आंवला
- एक से दो चुकंदर
- एक कप चीनी या मिश्री
- काला नमक
- सफेद मिर्च पाउडर
- नींबू का रस

आंवला-चुकंदर कैंडी बनाने की रेसिपी

- इसके लिए आंवले के पहले अच्छे से धो लें।
- चुकंदर को छीलकर धो लें और दो टुकड़ों में काट लें।
- अब स्टीमर में आंवला और चुकंदर को पकाएं।
- यदि आप स्टीमर ना हो तो चलनी पर चुकंदर और आंवला लें और भगोने में पानी भरकर उसी के ऊपर रखकर ढंक दें। धीरे-धीरे पानी गर्म होगा तो भाप से दोनों चीज पक जाएगी।
- आंवला और चुकंदर पककर नर्म हो जाए तो इसे भाप से हटा लें और थोड़ा ठंडा हो जाने दें।
- अब मिक्सी के जार में इनका पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि पेस्ट बनाने के लिए पानी का इस्तेमाल ना के बराबर करें।
- पैन में थोड़ा सा घी या तेल डालकर गर्म करें। बस इस इतना की बर्तन की तली चिकनी रहे और पेस्ट डालते ही जलने ना लगे।
- इस पेस्ट को धीमे फ्लेम पर भूनें। इसके साथ ही इसमें एक कप पिसी हुई मिश्री या चीनी डाल दें।
- अब इसके साथ ही नींबू का रस, कला नमक और सफेद मिर्च पाउडर भी डाल दें।
- सारी चीजों को तब तक भूनें जब तक कि ये सूखकर बिल्कुल इक्ट्ठा ना होने लगे।
- जब ये हाथ में लेने पर इक्ट्ठा गोल होने लगे तो गैस बंद कर दें और थोड़ा इसे ठंडा होने दें।
- इन सारे पेस्ट की छोटी-छोटी गोल या चौकोर शेप देकर कैंडी तैयार कर लें।
- किसी प्लेट में पिसी चीनी या मिश्री लें और उसमे इन सारी गोलियों को घुमा दें। जिससे ऊपर से लिपट जाएं और बस तैयार हैं मजेदार खट्टी-मिट्ठी बीटरुट कैंडी।
- बच्चों का मार्केट जैसा फील देने के लिए आप इन गोलियों को क्लिंज रैप वाली पॉलीथिन में रैंप कर सकते हैं और तैयार है मार्केट वाली टॉफी।

# किचन में मचा रखा है कॉकरोच ने आतंक तो इन घरेलू नुस्खों से पाएं राहत

किचन की साफ-सफाई यदि अच्छे से न की जाए तो कॉकरोच आने लगते हैं। यह किचन के कोनों में जाकर बैठ जाते हैं। कॉकरोच न सिर्फ किचन में गंदगी फैलाते हैं बल्कि अपने साथ कई तरह की बीमारियां और जर्म्स भी लेकर आते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए महिलाएं कई तरह के कैमिकल प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन यह कैमिकल छोटे बच्चों और घर में रहने वाले पेट्स के लिए नुकसानदायक भी हो सकते हैं। आप किचन में से कॉकरोच भगाने के लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

### पिसी हुई कॉफी आएगी काम

आप पिसी हुई कॉफी की मदद से किचन में मौजूद कॉकरोचों से राहत पा सकते हैं। दरदरी पिसी हुई कॉफी में पाई जाने वाली कैफीन किचन कॉकरोच कम कर सकते हैं। कॉफी को पीस लें। पीसी हुई कॉफी आप छोटे-छोटे कपड़ों में लपेटकर पोटलियां बना लें। इन पोटलियों को किचन के कोनों में रख दें। इनसे भी किचन के कॉकरोच आसानी से भाग जाएंगे।

### नीम

किचन में मौजूद कॉकरोच से रहात पाने के लिए आप नीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। कॉटन का थोड़ा सा पीस लें। इसको नीम के तेल में भिगोएं। भिगोए हुए कॉटन को आप कॉकरोचेज वाली जगह पर रख दें। इसके अलावा आप नीम के पत्तों से एक स्प्र तैयार करके





# सर्दियों में पाचन को मजबूत करता है गुड



आजकल गैस बनना, खाना ठीक से न पचना, पेट भारी रहना या बार-बार अपच होना अब आम समस्या बन चुकी है। ऊपर से सर्दियों का मौसम आते ही ये दिक्कतें और बढ़ जाती हैं, क्योंकि इस समय पाचन तंत्र थोड़ा सुस्त हो जाता है। अगर हम कहें कि आपको पेट संबंधी दिक्कतों से बचने के लिए दवाओं से छुटकारा मिल सकता है तो? जी हां, अच्छी बात ये है कि आयुर्वेद में इसका बेहद आसान और देसी इलाज मौजूद है। हैल्थ एक्सपर्टस ने पेट से जुड़ी इन परेशानियों के लिए एक ऐसा घरेलू नुस्खा बताया है, जो खासतौर पर सर्दियों में बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें इस्तेमाल होने वाला गुड़ सर्दियों में आसानी से मिल जाता है और सेहत के लिए भी काफी लाभकारी होता है। गुड़ शरीर को गर्म रखता है, पाचन को मजबूत करता है और गैस-अपच जैसी समस्याओं में राहत देता है। अगर आप भी सर्दियों में पेट की दिक्कतों से परेशान रहते हैं, तो इस आसान देसी नुस्खे को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। बिना किसी साइड इफेक्ट के ये तरीका पेट को हल्का रखता है और अंदर से आराम पहुंचाने में मदद करता है।

हैल्थ एक्सपर्टस के अनुसार, गुड़ पेट के रोगों के लिए एक नेचुरल औषधि की तरह काम करता है। आयुर्वेद में गुड़ को पाचन के लिए बहुत फायदेमंद माना गया है। ये पेट में बनने वाली गैस को कम करता है और डाइजेशन प्रोसेस को मजबूत बनाता है। हैल्थ एक्सपर्टस बताते हैं कि गुड़ खाने से पेट की आग (डाइजेस्टिव फायर) तेज होती है, जिससे खाना जल्दी और अच्छे से पचता है। जिन लोगों को अक्सर गैस, पेट फूलना या अपच की शिकायत रहती है, उनके लिए गुड़ का सेवन काफी राहत दे सकता है। हैल्थ एक्सपर्टस के मुताबिक, रोजाना खाना खाने के बाद थोड़ा-सा गुड़ खाने से डाइजेशन बेहतर रहता है। इससे पेट साफ रहता है और गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियां दूर होती हैं। ये आदत डाइजेस्टिव सिस्टिम को एक्टिव रखने में मदद करती है।

गुड़ पूरी तरह से नेचुरल होता है और इसमें किसी तरह के केमिकल नहीं होते। यही वजह है कि इसे आयुर्वेद में सुरक्षित और असरदार माना गया है। सही मात्रा में गुड़ खाने से पेट ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को फायदा मिल सकता है।यूं तो गुड़ फायदेमंद है, लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। खासतौर पर डायबिटीज के मरीजों को गुड़ खाने से पहले डॉक्टर या आयुर्वेद एक्सपर्ट से सलाह जरूर लेनी चाहिए। बता दें कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, बदलती लाइफस्टाइल और उल्टा-सीधा खान-पान पेट को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। गैस बनना, खाना ठीक से न पचना, पेट भारी रहना या बार-बार अपच होना अब आम समस्या बन चुकी है।

# विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी से होती है थकान




अगर आपको दिन भर थकान का अहसास होता रहता है तो इसे नजरअंदाज न करें। थकान के पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन बार-बार होने वाली थकान कमजोरी की निशानी है, जो पूरे शरीर को बेजान बना देती है। शरीर की कमजोरी विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी का संकेत देती है। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स बाकी विटामिन की तरह ही हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स में एक नहीं, बल्कि आठ अलग-अलग तरह के विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन बी-1, बी-2, बी-3, बी-5, बी-6, बी-7, बी-9 और बी-12 होते हैं, जो पूरे शरीर का ऊर्जा हाउस है। हर विटामिन शरीर के अलग-अलग हिस्सों को ऊर्जा देने का काम करता है। अगर इसमें से किसी भी विटामिन की कमी शरीर में होती है, तो थकान, बाल झड़ना, चक्कर आना, मस्तिष्क की नसों का कमजोर होना, याददाश्त की समस्या, स्किन से जुड़ी परेशानी, हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नपन, एनीमिया, आंखों की रोशनी कमजोर होना, डिप्रेशन, रक्त वाहिकाओं में अत्याधिक जोर पड़ना और मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होते हैं। विटामिन बी कॉम्प्लेक्स हमारे भोजन को ऊर्जा में बदलने का काम करता है। ये पानी में घुलनशील विटामिन हैं, जो शरीर को तेजी से ऊर्जा देने का काम करते हैं। अगर भोजन ऊर्जा में नहीं बदल पाता तो शरीर में बाकी पोषक तत्वों की कमी होती है। ऐसे में मन और तन दोनों की थकान महसूस होती है। अब सवाल आता है कि विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी को कैसे पूरा किया जा सकता है। आहार में बहुत कम ही विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता है। शाकाहारी भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दूध, दही और कुछ फलों में ही विटामिन बी कॉम्प्लेक्स पाया जाता है, जबकि मांसाहारी भोजन में मांस, मछली, चिकन और अंडे में पाया जाता है। शरीर में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स का अवशोषण सही तरीके से हो सकता है। इसके लिए चाय और कॉफी का सेवन कम करें। डिब्बा बंद उत्पादों का सेवन भी करने से बचें और अगर फिर भी विटामिन की पूर्ति नहीं होती है तो डॉक्टर की सलाह के बाद सप्लीमेंट भी ले सकते हैं।

# कोहली स्थिति के अनुसार खेलते हैं, युवा क्रिकेटर उनसे सबक लें : विराट की शानदार इनिंग पर बोले गावस्कर

**इंदौर (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के बैटिंग टेम्परमेंट की तारीफ करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक खेलने के बजाय स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने की क्षमता रखते हैं।

इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के बाद जियोस्टार पर बातचीत में गावस्कर ने कहा कि कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गावस्कर ने कहा, 'उनके बारे में खास बात यह है कि वह किसी इमेज से बंधे नहीं हैं। बहुत से बल्लेबाज और गेंदबाज इस बात से बंधे होते हैं कि उन्हें कैसे देखा जाता है और उन्हें लगता है कि उन्हें उस इमेज पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। वह अपने काम पर ध्यान देते हैं और वह काम रन बनाना है।'

गावस्कर ने कहा, 'वह इस बात की उम्मीदों से बंधे नहीं हैं कि उन्हें कैसे खेलना चाहिए। वह स्थिति के अनुसार खेलते हैं। यही टेम्परमेंट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि दबाव में भी हार न मानने का कोहली का रवैया उनका एक खास गुण है जो कि उन्हें अन्य से भिन्न बनाता है। कोहली पर यह टिप्पणी सीरीज के निर्णायक मैच में 108 गेंदों पर 124 रन की उनकी शानदार पारी के बाद आई है। न्यूजीलैंड ने यह मैच 41 रन से जीतकर ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत ली जो कि 37 साल के इंतजार के बाद भारतीय धरती पर यह उनकी पहली सीरीज जीत थी।


उन्होंने कहा, 'आखिर तक भी वह कोशिश कर रहे थे। शायद दस्ताने थोड़े पसीने से गीले हो गए, ग्रिप थोड़ी ढीली हो गई, और इसीलिए बल्ले का मुंह घूम गया।' उन्होंने युवा क्रिकेटरों के लिए कोहली के इस रवैये को एक सबक के तौर पर भी बताया, और उनसे कहा कि वे पहले से बनी उम्मीदों के बजाय मैच की स्थितियों पर ध्यान दें।

गावस्कर ने ऑलराउंडर हर्षित राणा की निचले क्रम की बल्लेबाजी की भी तारीफ की और लक्ष्य का पीछा करने के अहम चरण में उनकी भूमिका की स्पष्टता की सराहना की। राणा ने 43 गेंदों पर 52 रन की जवाबी हमलावर पारी खेली और कोहली के साथ 99 रन की साझेदारी की, जिससे कुछ समय के लिए भारत की उम्मीदें फिर से जगीं।

गावस्कर ने कहा, 'उन्होंने बिल्कुल वैसे ही बल्लेबाजी की जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज को करनी चाहिए, बिना किसी चिंता और बिना किसी उम्मीद के। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ी के साथ राणा का शांत स्वभाव खास तौर पर प्रभावशाली था।'



## नोवाक जोकोविच की ऑस्ट्रेलिया ओपन में 100वीं जीत, पेड्रो मार्टिनेज को हराया



**मेलबर्न (एजेंसी)।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। आज यहां पूर्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं करियर जीत हासिल की। रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन जोकोविच की अब टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के 102 मैच जीतने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने पर नजर हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, 'मैं क्या कहूं। मुझे यह सुनकर अच्छा लगा। सेंचुरी बनाना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा मैं शुरू में बहुत भाग्यशाली था कि मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया और गाइड किया कि मैं अपने करियर में लंबी रेस का घोड़ा बनूं, जल्दी थक न जाऊं, और जितना हो सके उतना लंबा करियर बनाऊं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं अभी भी इस स्तर पर खेल रहा हूं।' जोकोविच ने अब ऑस्ट्रेलियन ओपन, विंबलडन और रोलैंड गैरोस में 100 या उससे अधिक जीत दर्ज की हैं और वह तीन अलग-अलग बड़े टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। इस जीत के साथ ही जोकोविच अपने लगातार 19वें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे राउंड में पहुंच गये है। जहां जोकोविच का मुकाबला 23 साल के इटैलियन क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली से होगा। डेब्यू करने वाले खिलाड़ी ने टेरेंस एटमेन को 6-4, 3-6, 6-7(4), 6-1, 6-1 से हराकर किसी मेजर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में असफल रहे रोहित का शुभमन ने किया बचाव

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा है। इस सीरीज में भारतीय

टीम की हार का कारण सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का असफल होना रहा है जिससे एक बार फिर उनके फार्म पर सवाल उठे हैं। रोहित सीरीज के तीनों ही मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये और केवल 61 रन ही बना पाये। तीसरे एकदिवसीय में भारतीय टीम को तीन सौ से अधिक रनों का लक्ष्य मिला था पर रोहित केवल 11 रन ही बना पाये।

सीरीज में उनका सबसे अधिक स्कोर 26 रन रहा है। वहीं टीम के कप्तान शुभमन गिल ने रोहित का बचाव करते हुए कहा है कि वह इस सीरीज में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाये और ऐसा होता रहता है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। पिछले छह एकदिवसीय में उन्होंने चार बार 50 से ज्यादा रन बनाये थे पर इस बार वह इस लय को बनाये नहीं रख पाये। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में रोहित केवल 11 रन ही बना पाये। इस प्रकार तीन एकदिवसीय मैचों में वह 26, 24 और 11 रन ही बना पाये। इसी कारण भारतीय टीम बड़े स्कोर नहीं बना पायी ओर उसे हार का सामना करना पड़ा। शुभमन ने मैच के बाद कहा,



÷मुझे लगता है कि वह अच्छे फॉर्म में हैं, ऑस्ट्रेलिया सीरीज से लेकर दक्षिण अफ्रीका सीरीज तक उन्होंने रन बनाये हैं। इस सीरीज में वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाये पर मुझे लगता है कि उन्होंने पहले दो एकदिवसीय में टीम को अच्छी शुरुआत की थी। एक बल्लेबाज के तौर पर आप हमेशा चाहते हैं कि उन शुरुआतों को बड़े स्कोर में बदलें और शतक बनाएं हालांकि हर बार ऐसा संभव नहीं होता।'

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 : बांग्लादेश के समर्थन में उतरा पाकिस्तान, उठाया बड़ा कदम

**मुम्बई (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 विश्व कप में भारत से अपने मैच स्थानांतरित करने की मांग की है और ऐसा ना होने पर टी20 वर्ल्ड कप से हटने की अपनी धमकी भी दी है। इस पर अब ICC ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने अगले महीने भारत और श्रीलंका द्वारा आयोजित होने वाले इस इवेंट के लिए अपनी टीम की तैयारी रोक दी है।


टेलीकॉम एशिया ने PCB के टॉप सूत्रों के हवाले से बताया, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने ICC टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले नेशनल टीम की सभी तैयारियां रोक दी हैं और टीम मैनेजमेंट को प्लान के बारे में जानकारी दी गई है।' शनिवार को ढाका और इस्लामाबाद के बीच बातचीत के दौरान पाकिस्तान ने सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत न जाने के बांग्लादेश के फैसले का पूरा समर्थन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि PCB के चेयरमैन, मोहसिन नकवी, गठबंधन सरकार में गृह मंत्री के रूप में एक प्रमुख स्थान रखते हैं, एक सीनेटर के रूप में भी उनका महत्वपूर्ण स्थान है और विभिन्न मुद्दों पर बांग्लादेश के साथ पाकिस्तान की बातचीत से अच्छी तरह वाकिफ हैं।



रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से आगे कहा गया, 'नकवी शनिवार को पाकिस्तान और बांग्लादेश सरकारों के बीच बातचीत का हिस्सा थे, उन्होंने उनसे कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश का पूरा समर्थन करता है और अगर बांग्लादेश की मांगें उनकी इच्छा के अनुसार हल नहीं होती हैं तो वह इवेंट में अपनी भागीदारी पर फिर से विचार करेगा।' सूत्रों ने कहा कि PCB ने सरकार को सूचित किया है कि पाकिस्तान का हटना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें सरकार की सलाह पेश करनी होगी और एक वैध कारण बताना होगा। यदि वे एक वैध कारण बताने में विफल रहते हैं, तो उन्हें सदस्य भागीदारी समझौते का उल्लंघन करने के लिए दो मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है जिस पर सभी सदस्य ICC के साथ हस्ताक्षर करते हैं।

सूत्रों ने कहा कि PCB ने टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की भी पेशकश की है, अगर श्रीलंका में वेन्यू उपलब्ध नहीं हैं। बांग्लादेश ने मांग की है कि उनके मैचों को श्रीलंका में शिफ्ट किया जाए, जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने कोलकाता नाइट राइडर्स से कॉन्ट्रैक्ट रद्द करने और आगामी IPL 2026 के लिए अपने पेसर मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के लिए कहा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) 21 जनवरी तक बांग्लादेश के अनुरोध पर अंतिम फैसला लेगी। ये रिपोर्ट्स ICC और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बीच एक मीटिंग के बाद आईं जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने रुख पर कायम रहे। बांग्लादेश ने ICC को यह भी सुझाव दिया था कि वह अपनी टीम को ग्रुप B में भेजने पर विचार करे। आयरलैंड के साथ जगह बदल ले, जो अपने ग्रुप मैच श्रीलंका में खेलता है। रिपोर्ट्स के अनुसार ICC ने आयरलैंड को आश्वासन दिया है कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

## सृष्टि किरण ने जीता आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 का खिताब, पूरी की हैट्रिक



बेंगलुरु । भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी सृष्टि किरण ने मेक्सिको के हुआमांटला में हुए आईटीएफ वल्ड टेनिस टूर जूनियर्स जे30 टूर्नामेंट में गर्ल्स सिंगल्स का खिताब जीता।मेक्सिको के हुआमांटला में 12 से 18 जनवरी तक चली इस चैंपियनशिप में बेंगलुरु की 13 साल की सृष्टि ने घरेलू पसंदीदा तमारा हरमन (मेक्सिको) को 6-4, 6-4 से हराकर आईटीएफ खिताबों की शानदार हैट्रिक पूरी की। इससे पहले ड्रॉ में उन्होंने सेमीफाइनल में शानदार वापसी करते हुए लगातार 10 गेम जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की और 2-4 से पीछे होने के बाद 16 साल की घरेलू पसंदीदा मिरांडा सोफिया एस्कैमिला मोरालेस (मेक्सिको) को 6-4, 6-0 से हराया।

## टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाना है लक्ष्य : कमिंस



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनका लक्ष्य नये साल में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विशकप मे बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना है। कमिंस ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें एशेज सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा गया है। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले दो टेस्ट में शामिल नहीं थे। मेजबान टीम ने पहले ही सीरीज 3-0 से जीत ली है जिससे देखते हुए कमिंस को उतारकर टीम जोखिम नहीं लेना चाहती है। कमिंस को जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर कमर में चोट लगी थी। जिससे देखते हुए टीम प्रबंधन उनपर अधिक बोझ नहीं डालना चाहता। वहीं कमिंस ने कहा कि अब आराम करने के बाद उन्हें पहले से बेहतर लग रहा है। साथ ही कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा रहता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने हाल में अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है। जिसके कारण कमिंस टीम के प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं।

# इंडोनेशिया मास्टर्स 2026: पीवी सिंधु की अगुआई में भारत को बड़ी उम्मीद

**जकार्ता (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इंडिया ओपन में पहले दौर में मिली निराशाजनक हार को पीछे छोड़ते हुए इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगी। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 स्तर का यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू हो रहा है और सीजन की शुरुआत में ही खिलाड़ियों के लिए अहम पड़ाव माना जा रहा है।

नई दिल्ली में पिछले सप्ताह हुए इंडिया ओपन में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद सिंधु की नजरें इस टूर्नामेंट में लय हासिल करने पर टिकी होंगी। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में खेले गए मलेशिया ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचकर उन्होंने अपनी फॉर्म के संकेत जरूर दिए थे। ऐसे में जकार्ता में वह मजबूत वापसी की कोशिश करेंगी।

### महिला एकल में भारत की मजबूत मौजूदगी

महिला एकल के पहले दौर में पीवी सिंधु का सामना जापान की मनामी सुइजु से होगा, जो उनसे रैंकिंग में नीचे हैं। इस वर्ग में भारत की अच्छी-खासी भागीदारी देखने को मिलेगी। सिंधु के अलावा मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा भी मुख्य ड्रॉ में उतरेंगी। हालांकि उन्नति हुड्डा के लिए राह आसान नहीं होगी, क्योंकि पहले ही दौर में उनका मुकाबला चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन यूफेई से तय हुआ है।



### पुरुष एकल में लक्ष्य सेन से उम्मीदें

पुरुष एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीदें मौजूदा विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन से होंगी। लक्ष्य ने हाल ही में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय किया था और उसी लय को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। उनके अलावा पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणॉय, थरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी भी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ग में थाईलैंड के पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुनलावुत वितिदसर्न शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में उतरेंगे।

### डबल्स में सीमित लेकिन अहम भागीदारी

डबल्स स्पर्धाओं में भारत की मौजूदगी अपेक्षाकृत सीमित है। पुरुष युगल में हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ही मुख्य ड्रॉ में नजर आएगी। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला-तनिषा क्रास्टो और रोहन कपूर-रुथविका शिवानी गड्डे की जोड़ियां भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं महिला युगल में रश्मि गणेश और सानिया सिकंदर की जोड़ी क्वालिफिकेशन राउंड से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## डेनियल मेदवेदेव ने जेस्पर डी जोंग को हराया, ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे



मेलबर्न । रूस के डेनियल मेदवेदेव ने सोमवार को नीदलैंड के जेस्पर डी जोंग को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। आज यहां मेलबर्न पार्क के मार्गरिट कोर्ट एरिना में 11वीं सीड मेदवेदेव ने नीदरलैंड के खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग के खिलाफ दो घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में 7-5 6-2 7-6 (7-2) की जीत दर्ज की। मेदवेदेव अब अगले मैच में फ्रांस के क्वेंटिन हैलिस का सामना करेंगे। मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा, 'अब तक मैं यह अच्छा कर रहा हूं। हमें नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन बस कोर्ट पर उतना ही पॉजिटिव रहने की कोशिश कर रहा हूं जितना मैं जिदगी में हूं। पिछले साल जो हुआ, सो हुआ, और यह ठीक है। यह करियर का हिस्सा है, जिंदगी का हिस्सा है।'

## आईपीएल में प्लेऑफ की प्रबल दावेदार रहेंगी ये टीमें : अमित मिश्रा



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर अमित मिश्रा ने कहा है कि कोलकाता नाइटराइडर्स, मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2026 के प्ले ऑफ में पहुंच सकती हैं। इस पूर्व स्पिनर के अनुसार गुजरात टाइटंस को भी खिताबी दौड़ में कमजोर नहीं माना जा सकता है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, केकेआर, एमआई, एसआरएच, आरसीबी और जीटी। मेरे ख?याल से इन पांच में से कोई चार टीमें प?लेऑफ में पहुंचेगी। वहीं अमित ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को खिताबी दावेदार नहीं माना है जिससे सभी को हैरानी हुई है। सीएसके पांच बार की विवेता रही है। मुंबई इंडियंस और आरसीबी ने नीलामी से पहले ही पसंदीदा खिलाड़ियों का रिटेन कर अपनी टीम मजबूत की है। वहीं अन्य टीमों ने मिनी नीलामी के जरिये टीम की ताकत बढ़ायी है। केकेआर ने कैमरन ग्रीन को रिकॉर्ड 25.2 करोड़ रुपये में खरीदा जबकि सनराइजर्स ने लियाम लिविंगस्?टन को 13 करोड़ रुपये में खरीदा।आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होगी और फाइनल मुकाबला 31 मई को खेला जाएगा।

## विश्वकप में खेलना सभी का सपना रहता है : सिराज

मुम्बई । अगले माह 7 फरवरी से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए इस बार भारतीय टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को जगह नहीं मिली है। सिराज हालांकि इससे निराश नहीं हैं और उनका कहना है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। सिराज ने कहा कि वह भी इस टूर्नामेंट में खेलने चाहते थे क्योंकि सभी का सपना विश्वकप जैसे बड़े टूर्नोमेंटों में देश की ओर से खेलना रहता है। विश्वकप इस बार भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस टूर्नांमेंट में भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। उनका साथ अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा देंगे। सिराज ने कहा, मैंने पिछले ञ20 विश्वकप में खेला था पर इस बार अवसर नहीं मिला। एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सपना विश्व कप में खेलकर टीम की जीत में योगदान देना रहता है। उन्होंने कहा कि विश्कप के लिए हमारी टीम अच्छी है। वह अच्छे फार्म में भी है। जिससे उम्मीद है कि टीम टूर्नामेंट जीतेगी। वहीं सिराज ने कार्यभार प्रबंधन को भी जरुरी बताया। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान आराम दिया गया था। उन्होंने कहा, मुझे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली एकदिवसीय सीरीज से आराम दिया गया था क्योंकि मैंने गुवाहाटी में उनके खिलाफ दूसरे टेस्ट में 40 ओवर फेंके थे। मैं टीम से बाहर नहीं हुआ हूं। मैंने ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज खेली, फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुझे आराम दिया गया। उन्होंने कहा कि एक तेज गेंदबाज को पर्याप्त आराम बहुत जरूरी है। मैं लगातार टेस्ट मैच खेल रहा हूं। ऐसे में आपको तरोताजा होने के लिए आराम की जरूरत होती है।



# उसेन बोल्ट का रिटायरमेंट से वापसी का मन, LA 2028 ओलंपिक्स में इस खेल में हिस्सा लेने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमैका के महान धावक और दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले उसेन बोल्ट ने खेल जगत को चौंकाने वाला संकेत दिया है। बोल्ट ने कहा है कि वह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में वापसी करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार ट्रैक पर नहीं, बल्कि क्रिकेट के मैदान पर। 128 साल बाद ओलंपिक में लौट रहे क्रिकेट के साथ बोल्ट की यह इच्छा खेल प्रेमियों के बीच चर्चा का बड़ा विषय बन गई है।

### क्रिकेट के साथ बोल्ट का पुराना रिश्ता

बहुत कम लोग जानते हैं कि एथलेटिक्स से पहले उसेन बोल्ट का पहला खेल प्रेम क्रिकेट था। कैरेबियन संस्कृति में पले-बढ़े बोल्ट बचपन में एक तेज गेंदबाज के रूप में पहचाने जाते थे। स्कूल के दिनों में उनके क्रिकेट कोच ने ही उन्हें ट्रैक एंड फील्ड आजमाने की सलाह दी थी, जिसने आगे चलकर खेल इतिहास को नई दिशा दे दी। हालांकि बोल्ट ने एथलेटिक्स में जो मुकाम हासिल किया, उसके बावजूद क्रिकेट के प्रति उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ।

### LA 2028 में क्रिकेट की ऐतिहासिक वापसी

क्रिकेट 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक के ज़रिये 128 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक मंच पर लौटेगा। आखिरी बार यह खेल 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने फ्रांस को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। LA28 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। हर टूर्नामेंट के लिए 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है, जिससे प्रत्येक देश 15 खिलाड़ियों की टीम उतार सकेगा।

### 'अगर कॉल आया, तो तैयार हूं'

एस्क्वायर मैगज़ीन से बातचीत में बोल्ट ने हल्के-फुल्के अंदाज में अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि वह पेशेवर खेल से संतुष्ट होकर संन्यास ले चुके हैं, लेकिन अगर जमैका क्रिकेट बोर्ड की ओर से उन्हें मौका मिलता है, तो वह पीछे नहीं हटेंगे।उनके इस बयान ने फैंस की कल्पनाओं को नई उड़ान दे दी है, खासकर तब जब क्रिकेट ओलंपिक में नई शुरुआत कर रहा है।



### एथलेटिक्स में बोल्ट की बेमिसाल विरासत

उसेन बोल्ट को अब तक का सबसे महान स्प्रिंटर माना जाता है। उनके नाम आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 वर्ल्ड चैंपियनशिप गोल्ड हैं। उन्होंने 2008, 2012 और 2016 ओलंपिक में लगातार 100 मीटर और 200 मीटर की दौड़ में जीत दर्ज की। 2009 बर्लिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 100 मीटर (9.58 सेकंड) और 200 मीटर (19.19 सेकंड) के रिकॉर्ड आज भी अटूट हैं।

### क्रिकेट से जुड़े हालिया अनुभव

बोल्ट हाल के वर्षों में क्रिकेट से जुड़े रहे हैं। वह ञ20 वर्ल्ड कप 2024 के ब्रांड एंबेसडर रहे, जो अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला गया था। इसके अलावा उन्होंने भारत में युवराज सिंह और हरभजन सिंह के साथ एक दोस्ताना क्रिकेट मैच में भी हिस्सा लिया था।

## राष्ट्रीय राजमार्ग–48 पर केमिकल टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत, कोई हताहत नहीं

जयपुर (एजेंसी)। पावटा कस्बे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग–48 पर रविवार रात करीब 8-40 बजे एक बड़ा हादसा टल गया। जयपुर से दिल्ली जा रहे केमिकल टैंकर और दूसरी लेन से आ रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर टकरा गया। टक्कर इतनी भयंकर थी कि टैंकर में तुरंत आग लग गई। गनीमत रही कि टैंकर चालक समय रहते वाहन से सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर से ही धुएं का गुबार देखा जा सकता था। सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से जयपुर–दिल्ली मार्ग को बंद कर ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट कर दिया। केमिकल से भरे टैंकर के कारण आग बुझाना चुनौतीपूर्ण था। दमकलकर्मी फोम और पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे इलाके को घेराबंदी कर राहगीरों को सुरक्षित रखा। प्राथमिकता अग्निकांड पूरी तरह नियंत्रित करना और हाईवे से वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू करना है। हादसे के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

## पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में नाबालिग से गैंगरेप के आरोप में 7 गिरफ्तार

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और गैंगरेप के मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेस एक्ट, 2012 (पोक्सो) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस और परिवार के सूत्रों के अनुसार, किशोरी पुरुलिया शहर की रहने वाली है। शुक्रवार शाम 17 साल की लड़की एक दोस्त के घर जाने के लिए अपने घर से निकली। जब रात होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी, तो परिवार को उसकी चिंता होने लगी। आखिरकार, लड़की के पिता ने पुरुलिया सदर पुलिस स्टेशन में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। लड़की को उसी रात बाद में बचा लिया गया। पूछताछ के दौरान, नाबालिग लड़की ने अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया और कहा कि उसे अगवा किया गया था और उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। लड़की ने पुलिस को बताया कि रात में सात–आठ लड़के उसे सड़क से उठाकर रेलवे ट्रैक के पास एक खेत में ले गए और, वहां उसके साथ गैंगरेप हुआ। इस घटना के बाद, लड़की किसी तरह घर वापस आ गई। तभी पुलिस को उसके बारे में पता चला। घटना सामने आने के तुरंत बाद लड़की को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। लड़की के बयान के आधार पर पुलिस ने कई जगहों पर तलाशी ली। रविवार को पुलिस ने कथित तौर पर शामिल सात लड़कों को गिरफ्तार किया। उनमें से एक बीमार पड़ गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी छह को कोर्ट में पेश किया गया।

## कुलदीप सेंगर को हाईकोर्ट से झटका

नई दिल्ली (एजेंसी)। उन्नाव बलात्कार मामले के दोषी पूर्व बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने सोमवार को पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस रविंदर दुदेजा ने कहा कि सेंगर ने 10 साल की कुल सजा में से लगभग 7.5 साल हिरासत में बिताए हैं और इस मामले में दोषसिद्धि के खिलाफ उनकी अपील पर फैसला करने में देरी हुई है, लेकिन यह देरी आंशिक रूप से सेंगर द्वारा दायर की गई कई याचिकाओं के कारण हुई है। इसलिए, कोर्ट जमानत और सजा के निलंबन की याचिका खारिज कर दी। बता दें, उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता को सेंगर के इशारे पर गिरफ्तार किया गया था और 9 अप्रैल, 2018 को पुलिस की बर्बरता के कारण हिरासत में उनकी मृत्यु हो गई थी। मार्च 2020 में दिल्ली की एक अदालत ने सेंगर और अन्य को उनकी मृत्यु के लिए दोषी ठहराया और 10 साल की कैद की सजा सुनाई।

## पाकिस्तानी प्लेन जैसा गुब्बारा मिला

किश्तवाड़ (एजेंसी)। जम्मू के खौर सेक्टर के पुलिस पोस्ट पल्लनवाला के अंतर्गत गांव कचरियाल में एक खुले मैदान से सोमवार को पाकिस्तानी प्लेन के आकार का गुब्बारा मिला। सफेद और हरे रंग के गुब्बारे पर पीआईए यानी पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले गुब्बारे को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच पूरी करने के बाद गुब्बारे को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्ट पल्लनवाला को सौंप दिया गया है। वहीं, किश्तवाड़ में लगातार दूसरे दिन आतंकियों की तलाश जारी है। इसे ऑपरेशन त्राशी-1 नाम दिया गया है। सेना ने घने जंगल और खड़ी ढलानों वाले मुश्किल इलाके के कारण रविवार देर रात ऑपरेशन रोक दिया गया था। सर्दी के मौसम के चलते यहां विजिबिलिटी भी कम हो गई थी। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच रविवार को चतरू बेल्ट में मंडराल–सिंहपोरा के पास सोनार गांव में मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसमें 8 जवान घायल हो गए थे। आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला किया था, जिसके छर्रे जवानों को लगे हैं।

## महिला पुलिसकर्मियों के टॉयलेट में कैमरा छिपाया

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में एक स्पेशल सब–इंस्पेक्टर ने महिला पुलिस अफसरों के टॉयलेट में हिडन कैमरा छिपा दिया। घटना का पता तब चला जब महिला पुलिसकर्मियों ने टॉयलेट में एक मोबाइल फोन देखा। जांच में पता चला कि मोबाइल आरोपी एसएसएआई का था। वह टॉयलेट के अंदर महिला पुलिसकर्मियों का वीडियो बना रहा था। हैरानी की बात यह है आरोपी ने रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में घटना को उस समय अंजाम दिया जब वहां मुख्यमंत्री एमके स्टालिन स्वतंत्रता सेनानी त्यागी इमैनुएल सेकरन के मणि मंडपम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। सीएम के कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में राज्य के अलग–अलग इलाकों से महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। आरोपी एसएसआई परमकुडी नगर पुलिस थाने में तैनात था और मणि नगर चेक पोस्ट पर ड्यूटी कर रहा था।

## लद्दाख में भूकंप के तेज झटके

चेन्नई (एजेंसी)। लद्दाख। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और आसपास के इलाकों में सोमवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 5.7 मापी गई है। लद्दाख के अलावा भूकंप के झटके जम्मू–कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र लेह–लद्दाख क्षेत्र में जमीन से 171 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप का केंद्र गहराई में होने के चलते कंपन विनाशकारी नहीं रहा। फिलहाल किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

# बीबी- जी राम जी के बारे में झूठ फैलाकर कांग्रेस मजबूत नहीं कमजोर हो रही

### –केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को घेरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी पर वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि नया अधिनियम काम के अधिकार को मजबूत करेगा। उन्होंने मनरेगा की जगह लेने वाले नए अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान का जिक्र किया और कहा कि विपक्ष यह ''झूठ फैला रहा है कि इस योजना से रोजगार केवल कुछ पंचायतों में ही प्रदान किया जाएगा।

बता दें कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के विरोध में 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरुआत की है। विपक्षी दल विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग कर रहा है। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि मैं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कहना चाहता हूं कि वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाकर वे कांग्रेस को मजबूत नहीं बल्कि कमजोर कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने विचार, विचारधारा और आदर्श को त्याग दिया है...विचार है राष्ट्र सर्वोपरि, देश का विकास...वीबी-जी राम जी गांवों के विकास के लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने मनरेगा को बेहतर बनाने की कोशिश की। इसका सबूत यह है कि हमने करीब नौ लाख करोड़ रुपए खर्च किए, जबकि यूपीए सरकार ने करीब दो लाख करोड़ रुपए खर्च किए थे। उन्होंने कहा कि यह कहना 'झूठ है कि काम के अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 100 दिन काम के बजाए, अब 125 दिन काम दे रहे हैं...सिर्फ काम करने का अधिकार ही नहीं, हमने 15 दिनों के अंदर बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान किया है...आपने कागज पर अधिकार दिया, हमने जमीनी स्तर पर इसे और मज़बूत किया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि वे यह गलत सूचना फैला रहे हैं कि रोजगार सिर्फ कुछ पंचायतों में ही दिया जाएगा। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह योजना सभी पंचायतों में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्यों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। केंद्र पहले से ही ज्यादा धनराशि दे रहा है। राज्य जो निवेश करेंगे, वह गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए होगा। मंत्री ने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना छह महीने में लागू कर दी जाएगी और तब तक मनरेगा जारी रहेगा।

## 21 को कुरुक्षेत्र जाएंगे राहुल गांधी, जिला इकाई अध्यक्षों को करेंगे संबोधित



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 21 जनवरी को कुरुक्षेत्र में हरियाणा और उत्तराखंड के पार्टी के जिला इकाई अध्यक्षों के लिए प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रविवार को हरियाणा के जिला इकाई अध्यक्षों को संबोधित करने के बाद यहां पत्रकारों को बताया कि गांधी 21 जनवरी को यहां पहुंचेंगे। कांग्रेस ने हरियाणा और उत्तराखंड में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में इन राज्यों के जिला इकाई अध्यक्षों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है। कुरुक्षेत्र में 13 से 22 जनवरी तक आयोजित इस शिविर में हरियाणा के 33 और उत्तराखंड के 27 जिला अध्यक्ष भाग ले रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन आय बढ़ने के बजाय उनकी लागत कई गुना बढ़ गई है। हरियाणा के पूर्व सीएम ने सरकार पर लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर महिलाओं को धोखा देने का आरोप भी लगाया। हुड्डा ने दावा किया कि चुनाव के दौरान बीजेपी ने सभी महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह देने का वादा किया था, लेकिन अब यह लाभ केवल सीमित संख्या में महिलाओं को ही मिल रहा है। मनरेगा की जगह लेने वाले नए अधिनियम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी नीत सरकार ने दलितों, पिछड़े वर्गों, गरीबों, ग्रामीणों और पंचायतों के अधिकारों पर हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में आठ लाख से ज्यादा मनरेगा कामगार होने के बावजूद, 2024–25 के दौरान केवल 2,100 परिवारों को ही 100 दिन का काम उपलब्ध कराया गया।

## 'भाबीजी घर पर हैं' अब बड़े पर्दे पर, फिल्म फन ऑन द रन का ट्रेलर हुआ लॉन्च

एजेंसी

**मुंबई :** भारत की सबसे पसंदीदा टेलीविजन कॉमेडी अब इस बार बड़े पर्दे पर मनोरंजन का स्तर और ऊपर उठाने आ रही है। एक दशक से ज्यादा समय तक टीवी पर दर्शकों को गुदगुदाने के बाद, 'भाबीजी घर पर हैं!' अब अपनी दुनिया को और बड़ा करते हुए अपनी आने वाली थिएट्रिकल फिल्म भाबीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन के साथ तैयार है। जी स्टूडियोज और एडिट टू ने आज फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया है और ट्रेलर वही लेकर आया है, जिसकी फैंस को उम्मीद थी, नॉन स्टॉप हँसी, जबर्दस्त अफरा-तफरी और पूरी तरह कॉमेडी धमाका।

ट्रेलर यहाँ देखिएः : https://www.youtube.com/watch?v=0aSqagxK9fs

ट्रेलर में शो वाला वही ट्रेडमार्क ह्यूमर है, ड्रामा भी है और बड़े लेवल के हालात भी, जो दर्शकों को एक तेज रफ्तार, ठहाकों से भरपूर फिल्मी सफर की झलक देते हैं, जहाँ जाने पहचाने किरदार खुद को ऐसे अजीबोगरीब हालात में फंसा लेते हैं कि हंसी रोकना मुश्किल हो जाता है। यह फिल्म जी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली द्वारा प्रोड्यूस की गई है और इसका निर्देशन शशांक बाली ने किया है। जी स्टूडियोज यह फिल्म 6 फरवरी, 2026 को थिएटर में रिलीज कर रहा है। अपने आइकॉनिक शो की जान को बरकरार रखते हुए, लेकिन सिनेमाघरों के लिए इसे और बड़े पैमाने पर पेश करते हुए, 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' उन सभी पसंदीदा किरदारों को साथ लाता है, जो अब भारतीय पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुके हैं। ट्रेलर में रोमांस की झलक भी है, कन्फ्यूजन भी है, एक्शन भी है, नए विलेन भी हैं और पूरा बढ़ा हुआ धमाल भी, जिससे साफ हो जाता है कि यह फिल्म थिएटर के लिए बनी एक कॉमेडी स्पेशल है, जिसे बड़े पर्दे पर ही देखना चाहिए। शुभांगी अत्रे एक बार फिर अंगूरी भाबीजी के किरदार में बिल्कुल सहज नजर आती हैं, वहीं विदिशा श्रीवास्तव अनीता भाबीजी के रूप में चार्म और ग्लैमर लेकर आती हैं।

# शिव गुरु महोत्सव का हुआ आयोजन, शिव शिष्यता के सार्वभौमिक संदेश पर हुआ चिंतन

एजेंसी

**पलामू :** शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में जगत गुरु भगवान शिव की शिष्यता विषय पर शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से एक-एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सके–इसी बात को सुनाने और समझाने के निमित्त किया गया। दीदी नीलम आनंद का शिव शिष्यता की इस अनुपम अवधारणा के प्रसार में पल-प्रतिपल का साथ रहा। वे नीलम आनंद थीं। घने जंगलों में पली-बढ़ी, ममता में यमुना की गहराई और संस्कारों में हिमालय समान श्वेत धवल दृढ़ता लिये, शिव शिष्यता की बगिया को अपनी संतान के समान सींचा-संवारा। सभी जानते हैं कि पलामू जिला के मनातू ग्राम में 27 जुलाई 1952 को नागपंचमी के दिन रामनिवास नीलम आनंद जी का जन्म माता जगदीश्वरी सिंह एवं भूमिका देवी की द्वितीय पुत्री के रूप में हुआ तथा 22 मई 1972 को साहब श्री हरिनंदन जी के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। ज्ञात है कि सिवान जिला के अमलोरी ग्राम में 31 अक्टूबर 1948 को सुबह साहब श्री का जन्म हुआ और संध्या में पूरे देश में दीपावली मनाई गई। आज साहब श्री ने पूरी सृष्टि को महादेव के गुरु स्वरूप से जोड़ने का कार्य किया। आप सभी को ज्ञात है कि शिव शिष्य हरिनंदन जी ने सन् 1974 के नवम्बर में शिव को अपना गुरु माना। 1980 के दशक तक आते-आते शिव की शिष्यता की अवधारणा भारत भूखंड के विभिन्न स्थानों पर व्यापक रूप से फैलती चली गई। शिव शिष्य हरिनंदन जी एवं उनकी धर्मपत्नी शिव शिष्या दीदी नीलम आनंद जी द्वारा जाति, धर्म, लिंग, वर्ण, सम्प्रदाय आदि से परे मानव मात्र को भगवान शिव के गुरु स्वरूप से जुड़ने का आह्वान किया गया। शिव शिष्य हरिनंदन जी का अनुभूत सत्य है कि उक्त जयघोष में गुरु शिव हैं, शेष सम्पूर्ण मानव सृष्टि मात्र शिष्य होने की पात्रता रखती है। उक्त आध्यात्मिक आयोजन में शिव शिष्या बर्खा आनंद जी ने कहा कि अप्रतिम भगवान शिव की शिष्यता ही प्रत्येक मानव के अभ्युदय का एकमात्र विकल्प है। शिव जगतगुरु हैं, अतः जगत का एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी जाति, धर्म, सम्प्रदाय, लिंग आदि का हो–शिव को अपना गुरु बना सकता है। शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है। केवल यह विचार कि शिव मेरे गुरु हैं शिव की शिष्यता का स्वयंस्फूर्त आरंभ है। इसी विचार का स्थायी होना हमको-आपको शिव का शिष्य बनाता है। शिव शिष्य अर्चित आनंद जी ने अपने संबोधन में अपनी हार्दिक अभिव्यक्ति से स्पष्ट किया कि यह अवधारणा पूर्णतः आध्यात्मिक है, जो भगवान शिव के गुरु स्वरूप से एक-एक व्यक्ति के जुड़ाव से संबंधित है। उन्होंने कहा कि शिव के शिष्य एवं शिष्याएँ अपने सभी आयोजन शिव गुरु हैं और संसार का एक-एक व्यक्ति उनका शिष्य हो सकता है–इसी प्रयोजन से करते हैं। शिव हमारे संस्कार में अवस्थित हैं। शिव ही सम्पूर्ण संस्कृति के जनक हैं। शिव शिष्य डॉ. अमित द्वारा मानव जीवन में गुरु की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया तथा उनके द्वारा कहा गया कि बिना गुरु के मानव द्वारा किया गया कोई भी पूजा, पाठ, यज्ञ, व्रत आदि का कोई परिणाम नहीं मिलता तथा मनुष्यात्मा को परिपक्वता हेतु गुरु से जुड़ना ही होगा। शिव शिष्या अनुनीता आनंद ने शिव के गुरु पद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव जो आदि गुरु, जगत गुरु के पद पर अवस्थित हैं।





## कांग्रेस असम में विधानसभा चुनावों में एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन नहीं करेगी: गोगोई

### –पार्टी सत्ता में आई तो हिमंत सरमा की सभी अवैध संपत्तियों को करेंगे जब्त



**डब्रूगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा है कि पार्टी राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन नहीं करेगी। गोगोई ने हाजो-सुआलकुची निर्वाचन क्षेत्र के कई स्थानों पर सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में एआईयूडीएफ की पूर्ण विफलता के बाद 2026 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनावी बाधा को पार करने की उसकी सोच पूरी तरह गलत है।

बता दें कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए किए गए गठबंधन की तर्ज पर कई अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन बनाने पर काम कर रही है और इससे बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व वाले एआईयूडीएफ को बाहर रखा गया है। उन्होंने 'बोर (ग्रेटर) असम' के निर्माण के लिए जनता से समर्थन की अपील की और सीएम हिमंत विसवा सरमा को राज्य का 'सबसे बेईमान' मुख्यमंत्री बताया है।

गोगोई ने दावा किया कि राज्य के छह समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने जैसे वादे पूरे न करना यह साबित करता है कि सीएम सरमा एक बेईमान' मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमंत सरमा ने अपनी पत्नी और बेटे के नाम पर अपार संपत्ति जमा कर रखी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर हिमंत सरमा सभी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा। उन्होंने बीजेपी पर धर्म, भाषा, जातीयता और समुदाय के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया।

गोगोई ने जोर देकर कहा कि ऐसी विभाजनकारी राजनीति केवल व्यक्तिगत हितों की पूर्ति करती है, विकास की नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'शांति एवं सद्भाव का पुनर्निर्माण करेगी और गरीबों की सेवा उसी तरह करेगी जैसे पूर्व सीएम तरुण गोगोई ने की थी। राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने भी बीजेपी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी उन वादों को पूरा करने में 'विफल' रही, जिनके आधार पर वह सत्ता में आई थी।

## पलायन की 36वीं बरसी पर कश्मीरी पंडित सड़कों पर उतरे, हाईवे किया जाम

### –घाटी में विस्थापित पंडितों के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश के गठन की मांग



**जम्मू (एजेंसी)।** कश्मीरी पंडित पलायन की 36वीं बरसी के मौके पर जम्मू शहर के बाहरी इलाके जगती में देर रात हजारों कश्मीरी पंडित सड़कों पर उतर आए। पनुन कश्मीर के यूथ विंग के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया, जिसके चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। उनका कहना था कि बीते तीन दशकों से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद विस्थापित कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास, सुरक्षा और राजनीतिक अधिकारों को लेकर कोई समाधान नहीं किया गया है।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में कश्मीर घाटी में विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए एक अलग केंद्र शासित प्रदेश का गठन शामिल है। उनका तर्क था कि बिना अलग प्रशासनिक व्यवस्था के सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी संभव नहीं है। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने संसद में एंटी-जेनोसाइड बिल लाने की भी मांग की। कश्मीरी पंडितों ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें आधिकारिक तौर पर जनसंहार के पीड़ित के रूप में मान्यता दी जाए।

राष्ट्रीय राजमार्ग जाम होने से देर रात तक यातायात बाधित रहा, जिससे सैकड़ों वाहन फंसे रहे और लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। हालात को संभालने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सिविल प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। हालांकि प्रदर्शनकारी इस बात पर अड़े रहे कि उपराज्यपाल खुद मौके पर पहुंचकर उनकी बात सुनें। इसी दौरान एक प्रदर्शनकारी हाईवे पर बने एक कलवर्ट से गिरकर घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। काफी देर बाद प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल कर दिया गया है, लेकिन कश्मीरी पंडितों की मांगों को लेकर असंतोष अब भी बरकरार है।

# भारत आ रहे रूसी तेल टैंकर अचानक चीन की तरफ मुड़े, क्या अमेरिकी प्रतिबंधों का असर?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन के मध्य जारी जंग के बीच पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का असर अब वैश्विक तेल व्यापार में साफ नजर आने लगा है। भारत और तुर्की की ओर जा रहे कई रूसी तेल टैंकर अब अपना रुख चीन की तरफ मोड़ते दिख रहे हैं। जानकारों का मानना है कि यह बदलाव अमेरिका और यूरोपीय संघ के सख्त प्रतिबंधों के डर और बढ़ती अनिश्चितता का नतीजा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार हाल ही में पश्चिमी तुर्की के इजमित बंदरगाह पर पनामा के झंडे वाले टैंकर बेला-6 ने करीब एक लाख टन रूसी कच्चा तेल उतारा। यह डिलीवरी तुर्की की सबसे बड़ी रिफाइनरी कंपनी तुप्रास के लिए अपवाद मानी जा रही है, क्योंकि उसने यूरोपीय संघ के 21 जनवरी से लागू नए प्रतिबंधों से पहले रूसी तेल आयात में करीब 69 प्रतिशत की कटौती कर दी थी। नए ईयू नियमों के तहत रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों का यूरोप में आयात प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिससे भारत और तुर्की जैसी रिफाइनरियों पर सीधा असर पड़ा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी प्रतिबंधों, ईरान और वेनेजुएला को लेकर अनिश्चितता तथा यूरोपीय संघ के नए फैसलों ने अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति को अस्थिर बना दिया है। लंदन स्थित जनरल इंडेक्स के विश्लेषक डेविड एडवर्ड का कहना है कि मौजूदा दौर असाधारण है, जहां भू-राजनीतिक उथल-पुथल सीधे ऊर्जा बाजार को प्रभावित कर रही है।

इस बीच भारतीय रिफाइनरियों ने भी सतर्क रुख अपनाया है। केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया के अनुसार, भारत की प्रमुख रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल की खरीद कम कर 'स्वैच्छिक पाबंदी' लगा दी है। दिसंबर 2025 में भारत का रूसी तेल आयात 29 प्रतिशत घटकर तीन साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। इसके पीछे रूस की दिग्गज कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी बड़ी वजह माने जा रहे हैं।

भारत और तुर्की द्वारा छोड़े जा रहे इस अतिरिक्त रूसी तेल का एक हिस्सा चीन की ओर जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में रूस से चीन के समुद्री मार्ग से तेल आयात में 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कई ऐसे टैंकर, जिन्हें भारत ने स्वीकार नहीं किया, चीनी बंदरगाहों के पास देखे गए। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन की छोटी स्वतंत्र रिफाइनरियां, जिन्हें 'टी-पॉट्स' कहा जाता है, सस्ते तेल की खरीद में माहिर हैं और जोखिम उठाने को तैयार रहती हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चीन सभी छोड़े गए रूसी तेल को नहीं खपा पाएगा। फिर भी, बढ़ती छूट और सीमित जोखिम के चलते वह बड़ा खरीदार बना रह सकता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**